राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 34
लखनऊ, गुरुवार 19 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय : योगी 03

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बने देश : राष्ट्रपति मुर्मू 12


## संक्षिप्त समाचार

**आईसीएमआर को मिला यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार**

**नई दिल्ली।** गैर संचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को प्रतिष्ठित यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को दी। नड्डा ने ट्वीट करके खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आईसीएमआर को एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य और व्यापक एनसीडी-संबंधित एसडीजी पर बहुक्षेत्रीय कार्रवाई को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित 2024 के यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।

**तीन मंजिला मकान गिरा तीन की मौत, 14 घायल**

**नई दिल्ली।** करोल बाग स्थित बापा नगर इलाके में बुधवार सुबह चार मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हैं। कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। मकान में चप्पल बनाने का काम होता था। जिस समय मकान गिरा, उस दौरान कई लोग काम कर रहे थे। मकान की निचली मंजिल पर पुराना निर्माण था और ऊपर नया निर्माण किया गया था। शायद उसी वजह से यह हादसा हुआ है। यह हादसा अंबेडकर गली के हरध्यान सिंह रोड पर हुआ। मकान काफी पुराना था, जिसके ऊपर की दो मंजिल गिरने से हादसा हुआ। मौके पर एनडीआरएफ, फायर, पुलिस की टीम, एंबुलेंस सब रेस्क्यू में युद्धस्तर पर जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक 17 लोगों को वहां से निकाला गया है, जिनमें 3 की मौत हो गई है और 14 घायल हैं।

**जवान ने की साथियों पर फायरिंग, दो जवानों की मौत**

**बलरामपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र के भुताही मोड़ पर स्थित छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के कैंप में बुधवार सुबह एक जवान ने अपनी इंसास रायफल से अपने साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में दो जवानों की मौत हो गई और दो जवान गंभीर रूप से घायल हैं। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए भूताही गांव में सीएएफ का शिविर लगा है। भुताही शिविर में सीएएफ की 11वीं बटालियन तैनात हैं। बुधवार को करीब 11.30 बजे सीएएफ के जवान अजय सिदार ने अपने साथियों पर इंसास सर्विस रायफल से अंधाधुंध गोलियां चला दीं। गोली लगने से जवान रुपेश पटेल की मौके पर मौत हो गई है। वहीं संदीप पांडेय और गार्ड कमांडर अंबुज शुक्ला घायल हो गए।

**11 लाख 42 हजार से अधिक भक्त पहुंचे केदारनाथ**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। अब तक बाबा केदारनाथ की यात्रा में 11 लाख 42 हजार 251 से ज्यादा भक्त पहुंच गए हैं। बार-बार हो रही बारिश के कारण यात्रा पर भी असर पड़ रहा है। बुधवार को यात्रा कन्ट्रोल रूम रुद्रप्रयाग से मिली जानकारी के मुताबिक केदारनाथ धाम में 17 सितंबर सायं 07 बजे लेकर आज सायं 07 बजे तक कुल 2557 तीर्थयात्री पहुंचे।

# वन नेशन-वन इलेक्शन प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट से मिली मंजूरी

▸ नवंबर-दिसंबर में आएगा बिल, 100 दिन में होंगे निकाय चुनाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं।

17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।



### कोविंद पैनल में दिए गए पांच सुझाव

1- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
2- हंग असेंबली (किसी को बहुमत न मिलने पर), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
3- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
4-चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
5-कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### वन नेशन वन इलेक्शन पर विपक्ष के नेताओं ने दी राय




**मल्लिकार्जुन खड़गे :** कांग्रेस पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध करती है। हमारा मानना है लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए जब भी जरूरत हो चुनाव होने चाहिए।



**केरल सीएम विजयन :** संघ परिवार भारत की चुनावी राजनीति को राष्ट्रपति प्रणाली की ओर ले जाने का गुप्त प्रयास कर रहा है। एक राष्ट्र, एक चुनाव का नारा भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विविधतापूर्ण प्रकृति को खत्म करने के लिए गढ़ा गया है।



**सांसद असदुद्दीन ओवैसी :** आप अपनी सुविधा के आधार पर काम नहीं कर सकते। संविधान संवैधानिक सिद्धांतों के आधार पर काम करेगा। यह हमेशा से भाजपा और आरएसएस की विचारधारा रही है। वे नहीं चाहते कि क्षेत्रीय दल अस्तित्व में रहें।



**बसपा प्रमुख मायावती :** 'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व निकाय का चुनाव एकसाथ कराने वाले प्रस्ताव को कैबिनेट से दी गई मंजूरी का हम समर्थन करते हैं, लेकिन इसका उद्देश्य देश और जनहित में होना जरूरी है।



**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव :** अखिलेश यादव ने कहा कि 'अगर 'वन नेशन, वन नेशन' सिद्धांत के रूप में है तो कृपया स्पष्ट किया जाए कि प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक के सभी ग्राम, टाउन, नगर निकायों के चुनाव भी साथ ही होंगे या फिर त्योहारों और मौसम के बहाने सरकार की हार-जीत की व्यवस्था बनाने के लिए अपनी सुविधानुसार?

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एकसाथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एकसाथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

## जम्मू-कश्मीर : पहले चरण में 58.85 प्रतिशत हुआ मतदान

▸ इंद्रवाल में सर्वाधिक 80.06 व त्राल में सबसे कम 40.58 प्रतिशत वोटिंग

एजेंसी

**श्रीनगर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा की 24 सीटों पर बुधवार शाम छह बजे मतदान समाप्त हो गया और पहले चरण में औसतन 58.85 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव आयोग के अनुसार केन्द्रशासित प्रदेश के सभी 3,276 मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्त होने तक इंद्रवाल निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 80.06 प्रतिशत और त्राल में सबसे कम 40.58 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अनंतनाग सीट में औसतन 41.58 प्रतिशत, अनंतनाग पश्चिम में 45.93, बनिहाल में 68.00, भद्रवाह में 65.27, डी. एच. पोरा में 68.00, देवसर में 54.73, डोडा में 70.21, डोडा पश्चिम में 74.14, दुरू में 57.90, किश्तवाड़ में 75.04, कोकरनाग (सुरक्षित) में 58.00, कुलगाम में 62.70, पद्दर-नागसेनी में 76.80, पहलगाम में 67.86, पम्पोर में 44.78, पुलवामा में 50.42, राजपोरा में 48.07, रामबन में 67.34, शांगसु-अनंतनाग में 52.94, शोपियां में 54.72, श्रीगुफवाड़ा-बिजबेहरा में 56.02



और जैनापोरा में 52.64 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 5.66 लाख युवाओं सहित लगभग 23.27 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके 219 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद कर दिया। प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया था।

प्रदेश के सात जिलों की 24 सीटों पर पहले चरण के मतदान में आठ सीटें जम्मू संभाग की और 16 दक्षिण कश्मीर क्षेत्र के हैं।

सुबह से ही लोग मतदान केन्द्र के बाहर लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आये और उनमें मतदान के लिए उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रदेश में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। अब तक कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। केन्द्र शासित प्रदेश में दूसरे और तीसरे एवं अंतिम चरण का मतदान क्रमशः 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा। चुनाव परिणाम आठ अक्टूबर को आयेंगे। चुनाव प्रक्रिया 10 अक्टूबर तक संपन्न होगी।

### केजरीवाल अगले कुछ सप्ताह में खाली करेंगे मुख्यमंत्री आवास

**नयी दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कुछ सप्ताह के अंदर अपना सरकारी आवास खाली कर देंगे और उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाएं छोड़ देंगे। संजय सिंह ने यह भी बताया कि आप संयोजक के लिए उपयुक्त आवास की तलाश की जा रही है। एक बार यह तय हो जाने के बाद वह और उनका परिवार सरकारी आवास से बाहर चले जाएंगे।

## भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग के बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**भदोही।** भदोही से समाजवादी पार्टी से विधायक जाहिद बेग नाबालिग सहायिका के आत्महत्या मामले में बुरे फंसते दिख रहे हैं। विधायक दम्पति पर मुकदमे के बाद पुलिस ने बुधवार को उनके बेटे के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

भदोही पुलिस ने नाबालिग सहायिका नाजिया (17) के आत्महत्या के मामले में भदोही विधायक जाहिद बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का मुकदमा दर्ज किया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए विधायक और उनकी पत्नी घर से फरार हैं। भदोही पुलिस लगातार उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। अब इस मामले में विधायक का परिवार भी उलझता जा रहा है। पुलिस ने विधायक के बेटे जईम बेग उर्फ सैमी को केस दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया जहाँ से जेल भेज दिया गया।

## धरातल पर रहकर करें विधानसभा उप चुनाव की तैयारी : योगी

▸ सीएम योगी ने भाजपा संगठन के साथ रामभवन में की बैठक

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को रोजगार सृजन मेले के बाद भाजपा संगठन के साथ रामभवन में बैठक की।

उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से कहा कि विधानसभा उपचुनाव की तैयारी में धरातल पर रहकर करें। अति आत्मविश्वास में न रहें। बैठक में योगी ने



क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, शहर विधानसभा प्रभारी हरिओम शर्मा एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से शहर विधानसभा में चल रही सभी संगठनात्मक गतिविधियों का बड़ी बारीकी से जायजा लिया और आगे के करणीय बिंदुओं पर संगठन के पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में 4 साल समाजवादी पार्टी का भी शासन रहा है। 1947 से 2014 तक के अपने इतने लंबे कार्यकाल में कांग्रेस आठ लेन की हाईवे क्यों नहीं बना पाई, मेट्रो रैपिड क्यों नहीं चला पाई, शिक्षा के क्षेत्र में भरोसा पैदा क्यों नहीं कर पाई, मेडिकल कॉलेज की स्थापना क्यों नहीं कर पाई, भ्रष्टाचार पर लगाम क्यों नहीं लगी। व्यापारी व बेटी कांग्रेस व सपा शासन में अपने आप को सुरक्षित क्यों नहीं महसूस कर पाए ।

### हमें अति आत्मविण्श्वास में होकर चुनावी समर में नहीं उतरना

योगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अति आत्मविश्वास में होकर चुनावी समर में नहीं उतरना है। सभी कार्यकर्ताओं को धरातल पर रहकर केवल पीएम मोदी के एक सूत्र वाक्य को चुनाव जीतने का प्रमुख आधार बनाना है कि बूथ जीता चुनाव जीता। उन्होंने विपक्ष की युवा जोड़ी को निशाना बनाते हुए कहा यह बबुआ और पपुआ की जोड़ी जनता को बहकाने का ही काम करने की राजनीति करती है। हमें केवल आम जनता को घर-घर जाकर बताना है कि कांग्रेस सरकार ने देश में सबसे लंबे समय के लिए देश में सरकार चलाई है।

## विश्व कल्याण है वेदों व भारत की रचना का उद्देश्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को पुस्तक विमोचन समारोह में कहा कि वेदों और भारत राष्ट्र दोनों की रचना विश्व कल्याण की इच्छा से की गई है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से दोनों में कोई अंतर नहीं है, दोनों का उद्देश्य एक ही है।

डॉ. भागवत ने दिल्ली के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में वेद मूर्ति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर की हिंदी में प्रणीत चारों वेदों के सुबोध भाष्य के तृतीय संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर संघ प्रमुख ने कहा कि दुनिया का सृजन ध्वनि के स्पंदन



से हुआ है। ईसाई धर्म में भी इसी बात का जिक्र है। वेदों की रचना इन्हीं ध्वनि स्पंदनों को अनुभव करके या देखकर हुई है।

उन्होंने कहा कि इस दुनिया में एक हद तक मतभेद हैं लेकिन उसके परे एक एकता है। भारत ने इसी एकता का भान किया। उसी से धर्म बना जिसको सभी धारण करते हैं। धर्म एक अनुशासन और संतुलन है जिससे मानव समूह सृष्टि में रहता है।

उन्होंने कहा कि सातवलेकर ने वेदों में निहित इसी विद्या का अनुभव किया और वेदों को सुभाष्य किया। यह उनके अनुभव का ही प्रमाण है कि उन्होंने पहले से ही बता दिया था कि उनकी आयु 100 वर्ष रहने वाली है। उनके वेद भाष्य का स्वाध्याय मंडल ने प्रकाशन कर उत्तम कार्य किया है। आनंद अखाड़े के आचार्य एवं महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि महाराज ने कहा कि वेद हमें विकार मुक्त होना सिखाते हैं। इनके माध्यम से मति और प्रज्ञा जागृत होती है। हमें आज संकल्प लेना चाहिए कि हम सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक बनकर इन वेदों को घर-घर तक पहुंचाएं।

### कुंभ के लिए रेलवे लगाएगा 64 अतिरिक्त एटीवीएम

**प्रयागराज ।** प्रयागराज मंडल ने आगामी महाकुम्भ मेला की तैयारियों के क्रम में आसान अनारक्षित टिकट वितरण के लिए प्रयागराज जंक्शन, नैनी, प्रयागराज छिवकी स्टेशनों एवं संगम एरिया में अतिरिक्त 64 एटीवीएम लगाएगा। इनका संचालन मेला अवधि में 11 जनवरी से 28 फरवरी तक किया जाएगा। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इन सभी अतिरिक्त 64 एटीवीएम का संचालन पूरे दिन किया जाएगा। इन सभी एटीवीएम पर 8-8 घंटे की शिफ्ट में कार्य करने के लिए 192 फेसिलिटेटर की नियुक्ति की जाएगी।

## गडकरी ने बेमेतरा में विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का किया लोकार्पण

एजेंसी

**रायपुर/बेमेतरा ।** विश्व बांस दिवस पर बुधवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेमेतरा में तैयार विश्व के सबसे ऊंचे बांस के टॉवर का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी वर्चुअली जुड़े।

बेमेतरा जिले के ग्राम कठिया में भव्य सृष्टि उद्योग की ओर से दुनिया के सबसे ऊंचा बांस का टॉवर बनाया गया है। करीब 11 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस टॉवर की ऊंचाई 140 फीट और वजन 7400 किलोग्राम है। पेरिस के एफिल टॉवर जैसी डिजाइन वाला यह टॉवर भव्य सृष्टि उद्योग के फाउंडर और बांस प्रौद्योगिकी से जुड़े गणेश वर्मा ने बनाया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बांस-टॉवर का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस मौके पर मंत्री गडकरी ने कहा कि भव्य सृष्टि उद्योग बांस पर लगातार अनुसंधान कर इसकी नई-नई खासियतों को सामने ला रहा है। अपनी नई सोच और पहल से उन्होंने 140 फीट ऊंचा यह टॉवर बनाया है। यह टॉवर वजन में हल्का है और इसका जीवनकाल कम से कम 25 वर्षों का है।

### अलर्ट : कानपुर में चेतावनी बिंदु से ऊपर जा सकता है गंगा का जल स्तर

**कानपुर।** बीते दो दिन से गंगा बैराज पर जलस्तर में वृद्धि हो रही है। ऐसी संभावना है कि खतरे के निशान से जल स्तर ऊपर जा सकता है।गंगा बैराज निर्माण खण्ड-2 कानपुर अधिशासी अभियन्ता पंकज गौतम ने बुधवार को बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के फलस्वरूप बैराज के नीचे गंगा नदी के बायें तट पर स्थित लोधवा खेड़ा, चौनपुरवा, धारमखेड़ा, देवनीपुरवा, नई बस्ती, मंगलपुरवा, राम निहालपुर, मेघन पुरवा, कल्लू पुरवा एवं कच्ची मड़ैया ग्रामों के लोगों और दायें तट पर किनारे बसे हुए लोगों से अपील है कि वे सुरक्षित स्थानों पर चले जाए।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विज्ञान भवन से लॉन्च की एनपीएस वात्सल्य योजना

▸ बच्चों के लिए एक हजार रुपये में खोले जा सकेंगे खाते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की शुरुआत की। योजना में माता-पिता को पेंशन अकाउंट में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है।

बच्चे के माता-पिता ऑनलाइन या निकटतम बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। इस योजना के तहत वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम



योगदान एक हजार रुपये है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपये का योगदान करना होगा। नई दिल्ली में विज्ञान भवन में इस योजना के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी है, जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के साथ-साथ नई पेंशन योजना के बेहतरीन तत्व हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है। वित्त मंत्री ने कहा कि यूपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 फीसदी गारंटीकृत पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त यूपीएस योजना में औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति सूचकांक भी शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों के पास भी एकीकृत पेंशन योजना को अपनाने का विकल्प है। सीतारमण ने कहा कि एनपीएस भविष्य की पीढ़ियों पर भारी पेंशन बिलों का बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ करदाताओं के हितों को संतुलित करता है।

प्रस्ताव

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रदान की मंजूरी

## कैबिनेट : भारत चंद्रयान-4 नामक चन्द्र मिशन करेगा लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इनमें चन्द्रमा और शुक्र से जुड़े मिशन और भारत के अंतरिक्ष में स्थायी स्टेशन से जुड़े अभियान शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को इन्हें मंजूरी प्रदान की ।

कैबिनेट में आज मंजूर किए गए मिशनों के तहत भारत चंद्रयान-4 नामक चन्द्र मिशन लांच करेगा। इसका उद्देश्य चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद पृथ्वी पर वापस आने के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करना है। साथ ही इसके



माध्यम से चंद्रमा से नमूने एकत्र कर और पृथ्वी पर उनका विश्लेषण करना भी है। इसके अलावा भारत शुक्र ग्रह पर मिशन भेजेगा।

इसका नाम वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अन्वेषण करना, शुक्र ग्रह के वायुमंडल, भूविज्ञान को बेहतर ढंग से समझना तथा इसके घने वायुमंडल की जांच करके बड़ी मात्रा में वैज्ञानिक आंकड़े जुटाना है। इसके अलावा गगनयान के बाद के मिशनों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के निर्माण को मंजूरी दी गई है। बीएएस की स्थापना 2028 में अपने पहले मॉड्यूल के प्रक्षेपण के साथ की जाएगी।

इसके साथ ही नए पुनः प्रयोज्य कम लागत वाले अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास किया जाएगा। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के उतरने की क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पहले से स्वीकृत कार्यक्रम में 11,170 करोड़ रुपये की शुद्ध अतिरिक्त फंडिंग के साथ, संशोधित दायरे के साथ गगनयान कार्यक्रम के लिए कुल फंडिंग को बढ़ाकर 20,193 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) के लिए स्वीकृत कुल धनराशि 1236 करोड़ रुपये है, जिसमें से 824.00 करोड़ रुपये अंतरिक्ष यान पर खर्च किए जाएंगे।

### सरकार ने तैयार किया विस्तृत खाका

सरकार ने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तारित खाका तैयार किया है, जिसके तहत वर्ष 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र और 2040 तक चंद्रमा पर मानव टोली सहित भारत की लैंडिंग की परिकल्पना की गई है। उल्लेखनीय है कि चद्रमा के दक्षिण ध्रुव क्षेत्र में चंद्रयान -3 लैंडर को उतार कर भारत ने कुछ महत्वपूर्ण अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को साध लिया है। ऐसे प्रौद्योगिकी केवल कुछ ही देशों के पास है। चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की स्थापित क्षमता अभी अमेरिका और रूस जैसे कुछ ही देशों के पास है। चंद्रयान-4 के विकास और प्रक्षेपण की जिम्मेदारी इसरो की होगी।उद्योग और शिक्षाविदों की भागीदारी की मदद से, अनुमोदन के 36 महीनों के भीतर मिशन के पूरा होने की उम्मीद है। इसमें सभी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी रूप से विकसित करने की परिकल्पना की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि मिशन को विभिन्न उद्योगों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है और उम्मीद की जा रही है कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में भी इससे रोजगार की उच्च संभावना पैदा होगी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा।

# प्रभारी मंत्री ने ली अफसरों की बैठक, जानी योजनाओं की प्रगति

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, मंजू त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अफसर सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं सहित अच्छे कामों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। स्वच्छता अभियान को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक स्तर पर चलाया जाए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े के प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित कराए। जल जीवन मिशन के तहत कॉन्ट्रैक्ट शर्तों के अनुसार पाइपलाइन डाले जाने से पूर्व जिस स्थिति में सड़क थी, उसी स्थिति में वापस बनाने के लिए निर्देशित किया, जिसका नियमित अनुश्रवण, पर्यवेक्षण भी किया जाए। पीडब्लूडी समेत सभी संबंधित विभाग बाढ़, कटान से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। विद्युत महकमें की क्षेत्रीय अफसर फोन ऑन रखते हुए सभी कॉल अटेंड करें और उनपर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण कराए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकाय अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाए, इससे जनमानस को सहूलियत होगी।सीएमओ-सीएमएस को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में चिकित्सकों, औषधीय की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। निर्देश दिए कि बाहर की दवाएं कदापि न लिखी जाए। इसे सुनिश्चित कराए। एमएसएमई क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत नौजवानों को लोन दिलाने में उद्योग विभाग फैसिलिटेट करें। लोन दिलाने में आ रही समस्याओं को एलडीएम के जरिए दूर कराए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई अवश्य करें। वरासत, मेड़बंदी, जमीनी विवाद के मामलो का समयबद्ध निस्तारण कराए। आकांक्षात्मक ब्लॉक के लिए नीति आयोग से तय पैरामीटर को फॉलो करके विकास कार्यक्रमों, योजनाओं को आगे बढ़ाएं।विधायक रोमी साहनी द्वारा डी-सिल्टिंग कराने, बंधे निर्माण सहित सुहेली नदी के सफाई के सुझाव पर प्रस्ताव तैयार कर शासन व उन्हें भिजवाए। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद हो, उन्हें विकास योजनाओं से जोड़े। टीमवर्क से काम करें। मा. मुख्यमंत्री की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के अनुसार माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। महिला सुरक्षा प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था को और अधिक सुढ़ण किया जाए।



- सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर करें काम : प्रभारी मंत्री
- उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड कर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराए विद्युत महकमा
- नगरीय निकाय में अभियान चलाकर हटवाएं अतिक्रमण, जनमानस को होगी सहूलियत

उम्मीद है लखीमपुर खीरी विकास योजनाओं में आगे बढ़ेगा मेरी शुभकामनाएं है। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। मंत्री ने निर्देश दिए कि प्राप्त सुझाव पर अमल करते हुए कृत कार्रवाई से संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाए। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजनाओं और फ्लड फाइटिंग कार्यों की कार्यों की जानकारी दी। गत वर्षो में नदियों के जलस्तर एवं डिस्चार्ज की तुलनात्मक जानकारी दी। प्राप्त सूचना पर कटाव निरोधक कार्य करवाया जा रहा है। ड्रोन वीडियो के जरिए वर्तमान स्थितियों को रेखांकित किया। इस दौरान विधायक रोमी साहनी ने बाढ़ की विभीषिका से कैसे बचाएंगे। इसका प्लान भी पूछा। इस पर मंत्री ने ईई बाढ़खंड को एक सप्ताह के भीतर टीम गठन, 15 दिन में सर्वे कराने की कार्यवाही सहित त्वरित गति से प्रोजेक्ट बनाकर शासन व उन्हें भेजने के निर्देश दिए। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपराध नियंत्रण और निरोधात्मक कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में साइबर थाने की शुरुआत हुई है। जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। जिले में नए पांच थाने भी शुरू किए गए। प्रदेश में एक्सीडेंट रोकने के मामले में जनपद में विशेष स्थान अर्जित किया है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जिले में हुए नवाचारो और अन्नपूर्णा भवन, अमृत सरोवर, पीएम व सीएम आवास, आवास सर्वे, एनआरएलएम समूह, पंचायत भवन, ग्राम चौपाल, अभ्युदय कोचिंग, सामूहिक विवाह, जल जीवन मिशन, गो आश्रय स्थल, आयुष्मान कार्ड निशुल्क राशन वितरण, खाद बीज की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति पीएम स्वनिधि, राजस्व संग्रह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं बिंदुओं पर प्रगति बताई। समूहो द्वारा तैयार प्रोडक्ट की मार्केटिंग के उद्देश्य से विकास भवन में डिस्प्ले यूनिट की स्थापना, एस्ट्रोलैब की स्थापना, सभी 136 गौशालाओं में इंटरनेट के साथ सीसीटीवी के जरिए मॉनिटरिंग जैसे नवाचारों को रेखांकित किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों में क्षमतावर्धन हेतु यूट्यूब स्टेशन का भी आयोजन किया। बैठक के अंत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों का आभार ज्ञापित करते हुए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

### प्रभारी मंत्री ने किया निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, जी प्लस-12 ट्रांजिट हास्टल का निरीक्षण

**प्रभारी मंत्री ने थ्री-डी व्यू माडल से समझी मेडिकल कॉलेज की संरचना**

बुधवार को प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल ब्लाक और पुलिस लाइन स्थित जी प्लस 12 ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज निर्माण तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ देश दीपक संग कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।
प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। निर्देशित किया कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने थ्री-डी व्यू माडल से मेडिकल कॉलेज की संरचना समझी। मौजूद अफसरों से नक्शे पर फ्लोर प्लान भी देखा। उन्होंने विशेष प्रयास कर निर्माण कार्य मिशन मोड में तय समय में हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिए। मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। सरकार जिले में मेडिकल कालेज के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। निर्देश दिए कि पीडब्ल्यूडी निरंतर मेडिकल कॉलेज निर्माण का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण करें।
**डीएम ने किया निर्माणाधीन ट्रांजिट हास्टल भवन का निरीक्षण :-** इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पुलिस लाइन स्थित जी प्लस 12 ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बारीकी से पूरे परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। सारे निर्माण कार्य को पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।
**प्रभारी मंत्री ने देखा पुलिस लाइन का तालाब, की सराहना:-** प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पुलिस लाइन में विशेष प्रयास कर तैयार कराए तालाब का अवलोकन किया। कहा कि इतना सुंदर तालाब, आप सभी बधाई के पात्र है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए एसपी गणेश प्रसाद साहा द्वारा किए जाने वाले प्रयासो को रेखांकित किया।

# प्रदेशस्तर पर प्रतिभागियों ने जिले का नाम किया रोशन, डीएम-एसपी ने किया पुरस्कृत



- स्मार्टफोन, पेनड्राइव पाकर खिले विजेताओं के चेहरे, डीएम ने विजेताओं का बढ़ाया उत्साह

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**
युवा मतदाताओं को पंजीकरण हेतु जागरूक किये जाने के उद्देश्य से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्ङ्कश्वश्वक्क) के तहत 18-20 आयु वर्ग के युवा मतदाता एवं सभी दिव्यांग मतदाताओं के मध्य राज्य स्तरीय आनलाइन पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रदेशस्तर पर खीरी के 11 प्रतिभागियों ने जिले का नाम रोशन किया।
बुधवार को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएम/डीईओ दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सभी पुरस्कृत किये गये विजेताओं को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र से प्राप्त स्मार्टफोन, पेनड्राइव को ससम्मान प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले युवा/दिव्यांग मतदाता यथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142-लखीमपुर की सोनाली को प्रदेश स्तर पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सैमसंग का स्मार्ट फोन प्रदान किया गया तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेताओं में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 137-पलिया की सुर्खाबजहां, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 138-निघासन के प्रियांशू वर्मा, बलराम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139-गोला गोकरननाथ के शगूफी नाज, समरा अंसारी, शाबान, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 140-श्रीनगर की सलोनी तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 143-कस्ता की काजल वर्मा को 01-01 पेन ड्राइव-128त्रड्ढ प्रदान की गयी ।उक्त के अलावा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता (PwD category) में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 142-लखीमपुर की अस्मिता वर्मा को 01 पेन ड्राइव-128 जीबी प्रदान की गयी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दृष्टिबाधित अस्मिता वर्मा से संवाद कर जाना कि स्लोगन में क्या लिखा था, अस्मिता ने बताया कि ''हर दिव्यांग को जगाना है, सबसे मतदान कराना है''। पोस्टर प्रतियोगिता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 137-पलिया की मंथशा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने पर 01 पेन ड्राइव-128त्रड्ढ प्रदान की गयी। इस दौरान पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम अश्वनी सिंह, एसओसी (चकबन्दी) संजय आनंद,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट /उपजिलाधिकारी रेणु मिश्रा, एसडीएम अंकित तिवारी बीएसए प्रवीन कुमार तिवारी, सहा0 प्रभारी अधिकारी स्वीप (प्रवक्ता डायट) अतुल मिश्रा, एडीईओ तौसीफ अहमद एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिलेभर में बाढ़ग्रस्त गांवों में युद्धस्तर पर चला साफ-सफाई अभियान, एंटीलार्वा का छिड़काव

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश एवम् मार्गदर्शन में डीपीआरओ विशाल सिंह की अगुवाई में जल निकासी, नालियों की साफ-सफाई, एंटीलार्वा का छिडकाव आदि कार्य वृहद्व स्तर पर कराया गया।



पंचायती राज विभाग के अफसरो की निगरानी में ब्लॉक निघासन की बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत खैरीगढ़, बौधियाकंला, हरदी और ब्लॉक धौरहरा के तहत ग्राम पंचायत हरदी, सरगड़ा, सरसवा सहित जिले के अन्य गावो में रोगों की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत की समस्त सार्वजनिक सम्पत्तियों विद्यालयों, ग्राम पंचायत सचिवालय में साफ-सफाई, नाली में रूके पानी का उचित निपटान एवं कूडे का निस्तारण, एंटी लार्वा का छिड़काव, फोगिंग एवं सैनीटाईजेशन का कार्य सम्पादित कराया जा रहा है। उक्त कार्य का पर्यवेक्षण विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

डीपीआरओ विशाल सिंह ने स्वयं तहसील, ब्लॉक निघासन के बाढ़ग्रस्त गांव खैरीगढ़, चखरा पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई कार्मिकों द्वारा नालों-नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि साफ सफाई से जल निकासी को और बेहतर बनाया जाए। एंटीलार्वा का छिड़काव, फागिंग पर खास फोकस करने को कहा।

# नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर दो, महामंत्री पद पर हुए चार नामांकन

**मैलानी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो व महामंत्री पद के लिए चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। चुनाव प्रक्रिया जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी सहित गठित चुनाव समिति की निगरानी में सम्पन्न हुई। नामांकन पत्रों की जांच में सभी प्रत्याशी वैध पाए गए ।नाम वापसी गुरूवार को होगी और उसके बाद गुरूवार को ही प्रत्याशियों में चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 सितम्बर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। निर्धारित चुनाव कार्यक्रम के तहत बुधवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेश शर्मा उर्फ राजा भईया व सोमदत्त प्रजापति ने अपना नामांकन कराया। वहीं महामंत्री पद के लिए प्रदीप शर्मा उर्फ मुल्लन मिश्रा,राकेश अरोड़ा,राजू खान व सलीम खान ने अपनी दावेदारी रखते हुए नामांकन कराया।राजेश शर्मा उर्फ राजा भईया के नामांकन में बड़ी संख्या में व्यापारियों की भीड़ उमड़ी। कई सालों बाद पहली बार व्यापार मंडल के चुनाव में मतदान को लेकर व्यापारियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। नामांकन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी,तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा ,महामंत्री एवं मैलानी सह चुनाव प्रभारी विकास वर्मा,गोला शहर नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता,मुख्य चुनाव अधिकारी अशोक कनौजिया,जिला मीडिया एवं चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल सहित सह चुनाव अधिकारी उपनेश साहनी,अंकित गोयल,यूसुफ अंसारी, मनीष मित्तल की मौजूदगी में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए चुनाव प्रभारी गोपाल सिंघल ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी प्रक्रिया गुरूवार को होगी और प्रत्याशियों में चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को 687 व्यापारी मतदाता अपना अध्यक्ष और महामंत्री चुनेंगे साथ ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा भी गुरुवार मतगणना के पश्चात की जाएगी।



- नगर व्यापार मंडल के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न
- अध्यक्ष पद के लिए दो और महामंत्री पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन कराया
- बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी गुरुवार को

### नगर व्यापार मंडल (कंछल गुट) के तीन पदाधिकारियों ने अपने पद से दिया इस्तीफा



नगर व्यापार मंडल (कंछल गुट) के महामंत्री प्रदीप शर्मा उर्फ टिल्लू, उपाध्यक्ष अंकित गोयल,उपाध्यक्ष सोमदत्त प्रजापति ने अपने पद से इस्तीफा देकर नगर उद्योग व्यापार मंडल (श्याम बिहारी गुट) की सदस्यता लेकर चुनावी माहौल को और रोचक बना दिया ।जिला अध्यक्ष राम मोहन सोनी ने तीनों पदाधिकारियों का माल्यर्पण कर स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### बीआरसी बिजुआ प्रांगड़ में खड़ी साइकिल चोरी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली भीरा क्षेत्र में इस वक्त चोरों का काफी बोलबाला चल रहा है। आये दिन हो रही चोरी व छिनैती से भीरा क्षेत्रवाशी परेशान है। लेकिन पुलिस इन चोरो को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है,क्या चोरो में पुलिस का कोई खौफ नही चोरो के हौसले इतने बुलंद हैं की सीसीटीवी कैमरे लगे होने के वावजूद चोर गिरोह घटना को अंजाम देते है। पुलिस चौकी बिजुआ से चंद कदमो की दूरी पर एक साइकिल की चोरी हुई पीड़ित ने लिखित शिकायत बिजुआ पुलिस को दी है ।बिजुआ निवासी सुशील अवस्थी पुत्र श्रीनारायण निवासी ने बताया दिनाँक 16/09/2024 सांय 6 बजे अपने बच्चों के आधार बनवाने के लिए बीआरसी बिजुआ गए थे, जब घर वापस जाने के लिए देखा तो साइकिल गायब हो चुकी थी। काफी तलास करने के बाद भी साइकिल नहीं मिली , जबकि बी आर सी पर कैमरे भी लगे हुए हैं, उसके बाद भी साइकिल चोरी हो गई,साइकिल का पता नही चला इसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने चौकी बिजुआ में देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक साइकिल का कुछ पता नही चल पाया है। चौकी प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया अभी तक साइकिल नही मिली है ढूढने का प्रयास जारी है।

### भारत-नेपाल सीमा के पास सिकल सेल एनीमिया बीमारी से पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदनचौकी की डॉ0 कोमल साहा, चिकित्साधिकारी द्वारा थारु जनजाति क्षेत्र चन्दनचौकी में महिलाओं एवं थारु जनजाति क्षेत्र में आवासित लोगों के स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं की देखभाल हेतु चिकित्सीय शिविर का आयोजन करके स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा सिकल सेल एनीमिया बीमारी की जागरुकता,बचाव, जांच एवं इलाज हेतु शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को दवा वितरित कर आवश्यक जांच आदि भी की गई। शिविर के माध्यम से 50-60 स्थानीय लोगों को दवा वितरित कर स्वस्थ्य परीक्षण भी किया गया। डाक्टर कोमल साहा द्वारा लखीमपुर खीरी जैसे जनजातीय क्षेत्र मे स्वयं से समय-समय पर निरन्तर कैंप लगाकर सिकल सेल एनीमिया बीमारी की जागरुकता, बचाव , जांच एवं इलाज का आयोजन किया जाता रहा है। जिस कारण सुदूर थारु/जनजातीय क्षेत्र मे आवासित लोगों को काफी फायदा मिला है। सिकल सेल एनीमिया एक जेनेटिक बीमारी है जो रेड ब्लड सेल्स को प्रभावित करती है। सिकल सेल एनीमिया बीमारी के बचाव हेतु निरन्तर लगाए जा रहे स्वास्थ्य सिविर से स्थानीय को काफी लाभ मिला है इसके साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य समस्या का बेहतर इलाज किया जा रहा है।

# देश में व्याप्त अनैतिक व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

- नई क्रांति पार्टी ने सौपा ज्ञापन
- सर्वोच्च न्यायालय को पत्र भेजकर भ्रष्टाचार पर रोकथाम की मांग



सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक समन्वय के लिए पुलिस प्रशासन व राजनीति के मध्य आपसी सामंजस्य का तालमेल बनाया। परंतु धीरे धीरे यह सामंजस्य बिगडते स्वरुप के साथ एक दूसरे पर अतिक्रमण का रुप लेता जा रहा है। नतीजतन सामाजिक शोषण, उत्पीडन से सामाजिक सुरक्षा, प्रगतिशीलता 'का मार्ग अवरूद्ध होता जा रहा है। अनैतिक लाभ के लिए राजनीति और पुलिस प्रशासन, मिलकर को इस विष को पल्लवित व पोषित करने में जुटे हैं। यह बात नई क्रांति पार्टी के रामनिवास तिवारी ने सर्वोच्च न्यायालय को संबोधित एक पत्र में कही। साथ ही दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ उन्होने तहसीलदार गोला को सौंपा।

जिसमें कहा कि जो कानून सुरक्षा के लिये था। वह भयादोहन का हिस्सा बनता जा रहा है। परिणाम स्वरूप देश में भ्रष्टाचार ने पांव पसार लिए। तरह तरह की जटिलताओं से ग्रषित होकर आज सामाजिक विघटन बढ़ता जा रहा है।

निरंकुश विधायिका की स्वार्थ परख बेजा कारगुजारियों से कार्यपालिका प्रभावित है। ऐसे में पुलिस प्रशासन समाज के हित में उचित फैसले नहीं ले पा रही है। इसलिये पुलिस प्रशासन से राजनैतिक दखल समाप्त किया जाना नितांत जरुरी है। बंगाल की घटना एक जघन्य अपराध है जिसने नारी अस्मिता को तार तार करने का काम किया है। ऐसी घटनाओं को कडाई से रोकने के लिये ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। किसान देश की रीढ है। सरकारी जमीन वन भूमि तालाव चारागाह ग्राम समाज खलिहान, अतिक्रमण मुक्त कराए जाए। तथा भूमिहीनों को अनुपातिक रुप में पट्टा दिया जाए। तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ अपात्र उठाते हैं। जिस पर कडाई से कानून बनाया जाए। सरकारी अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं पूर्णत्या बेदम हो चुकी हैं। ऐसे में निजी शिक्षण संस्थान व स्वास्थ सेवायें अमर बेल की तरह फल फूल रही है और मनमाने ढंग से आमजन के दोहन पर आमादा है। जिस पर अंकुश लगाने की जरूरत है। वहीं सरकारी काम काज पूरी तरह से भ्रष्टाचार में जकड चुका है। बडे पैमाने पर समाज में फलफूल रहे इस भ्रष्टाचार के विरुद्व उनकी नई क्रांति पार्टी पूरी तरह से आर पार की लडाई के लिए आंदोलन की रणनीति बना रही है। जिसके लिए उनकी पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय को पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुलविंदर सिंह, गौरव तिवारी, अमित अवस्थी, सिद्धांत, अनिल राठौर, सोवरान लाल राठौर, शसबिंद मिश्रा, पप्पू पांडे, अवनीश राठौर, रामू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य योजना लॉन्च, लॉन्चिंग कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**
बुधवार को नई दिल्ली से बच?चों के लिए देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत की, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग पं. दीन दयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों, विभिन्न अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा देखा और सुना गया।
इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख कमलेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य की शुरुआत भारत सरकार की सभी के लिए दीर्घकालिक वित्तीय योजना और सुरक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत की भावी पीढ़ियों को अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे ने योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में अभय कश्यप को क्क्रड्ढ ष्ड्डह्म्स्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर सलमान ने एनपीएस वात्सल्य की जानकारी मनोरंजन और जादू के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख कमलेश चंद्र त्रिपाठी, आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित रंजन, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय, नाबार्ड डीडीएम प्रसून, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक बिकास झा, प्रबंधक कृष्ण कांत कुमार आदि उपस्थित रहे।




- जादूगर सलमान ने मनोरंजन, जादू के जरिए दी एनपीएस वात्सल्य की जानकारी

# जल भराव देखकर स्वास्थ्य टीम ने कराया एंटी लारवा का छिड़काव


**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी धौरहरा के अंतर्गत गांव समदहा व अदलीशपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इन दोनों गांव में रुके हुए पानी की अधिक समस्या मिली। जिससे मच्छर पनपते हुए मिले। इसे लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ रवि सिंह द्वारा एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया। उन्होंने बताया कि गांव समदहा व अदशलीपुर स्वास्थ्य टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां पर कई स्थानों पर रुका हुआ पानी मिला। इसे देखते हुए उनके निर्देश पर एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया। साथ ही लोगों को मच्छर के ना पनपने को लेकर सुझाव दिए गए। वहीं गांव समदहा में 65 मरीज देखे गए। जिनमें 25 मरीजों की मलेरिया की जांच कराई गई। सभी नेगेटिव मिले। सामान्य बुखार के मरीजों को दवाओं का वितरण किया गया। इसी तरह गांव अदीशपुर में भी मरीज को दबाव का वितरण किया गया। यहां भी मलेरिया की जांच की गई। 62 मरीजों को देखा गया। स्वास्थ्य टीम में सीएचसी अधीक्षक रवि सिंह सहित डॉ प्रकाश चंद्रा, डॉ अभिमन्यु सिंह डॉक्टर नीलू चौधरी, हेमंत गौतम, सरोज, अंकित कुमार व विकास आदि ने अपनी स्वास्थ्य सेवाएं दीं।

# अब गांव-गांव में कुशल जन्म सहायक के माध्यम से होगा सुरक्षित प्रसव : सीएमओ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मातृ एवं शिशु सुरक्षा हेतु जिले में कुशल जन्म सहायक प्रशिक्षण का शुभारंभ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता द्वारा बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। इस दौरान सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा भी मौजूद रही। दूसरे प्रशिक्षण कार्यक्रम में 21 दिवसीय प्रशिक्षण 12 एएनएम व स्टाफ नर्स को दिया जा रहा है। इससे पहले लगभग 200 स्टाफ नर्स व एएनएम को कुशल जन्म सहायक का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जा चुका है।



सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से कुशल जन्म सहायक प्रशिक्षण शासन के निर्देश पर दिया जा रहा है। प्रथम चरण में लगभग 200 से अधिक स्टाफ नर्स व एएनएम को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं द्वितीय चरण में 50 से अधिक एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किया जाना है। इसके लिए प्रशिक्षण की शुरुआत बुधवार को सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय डॉ ज्योति मेहरोत्रा के नेतृत्व में की गई है। पहले बैच में 12 एएनएम व स्टाफ नर्स को 21 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला महिला चिकित्सालय में दिया जाएगा। इस आवासीय प्रशिक्षण में सभी को मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने व अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षित प्रसव कराने को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्र के लाभार्थियों को व ग्रामीण अंचलों में बसने वाले ग्रामीणों को इस प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ मिलेगा। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा भी मिलेगा। चार चरणों में इस प्रशिक्षण को दिया जाएगा। जिसके माध्यम से उन सभी छूटी हुई एएनएम व स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो इससे पहले दिए गए प्रशिक्षण मेंझकिन्हीं कारणों से प्रशिक्षित नहीं हो सकीं थीं। इससे पहले 200 से अधिक स्टाफ नर्स व एएनएम को कुशल जन्म सहायक का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मातृ एवं बाल स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह सहित जिला महिला चिकित्सालय से डॉ सुषमा, जिला वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ रवि प्रकाश गुप्ता, जिला विशेष कम्युनिटी हेल्थ आयुष्मान पांडे एसबीए ट्रेनर आदि मौजूद रहे।

# विदेशियों को आकर्षित करने को विभाग टोक्यो, लंदन-सिंगापुर में लगाएगा स्टॉल

**यूपी को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की जोरदार तैयारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर आने के बाद विदेशी पर्यटको को उ0प्र0 की ओर आकर्षित करने के लिए सितंबर और अक्टूबर में पेरिस, लंदन तथा जापान की राजधानी टोक्यो एवं सिंगापुर में स्टॉल लगाकर उ0प्र0 की समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत तथा गौरवशाली इतिहास से जुड़े पर्यटन स्थलो तथा प्राकृतिक सुंदरता को पूरी दुनिया को परिचित करायेगा।

इसी के तहत पर्यटन विभाग विभिन्न देशों मे आयोजित होने वाले ट्रैवल मार्केट में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा। इसके लिए पर्यटन विभाग उ0प्र0 को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की जोरदार तैयारी कर रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पेरिस में 17 सितंबर से इंटरनेशनल फ्रेंच ट्रैवल मार्केट का शुभारंभ हुआ है, जो 19 सितंबर तक चलेगा। यहां भी पर्यटन विभाग ने अपना मंडप बनाया है। यहां उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ओडीओपी को दर्शाया गया है। वहां रोड शो भी किया जायेगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण स्थल जहां बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है, वहां विभिन्न माध्यमों से प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि जापान की राजधानी टोक्यों में इसी माह 26 से 29 सितंबर तक टूरिज्म एक्सपो, 23 से 25 अक्टूबर तक सिंगापुर में आईटीबी एशिया और 5 से 7 नवंबर तक लंदन में वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट का आयोजन किया जाएगा। इन सभी जगहों पर उत्तर प्रदेश पर्यटन स्टॉल लगाएगा।

# फलों, सब्जियों की बढ़ेगी उपज, वाजिब दाम पर मिलेंगे गुणवत्ता के पौधे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** फलों और सब्जियों की उपज बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक और नायब पहल की है। इससे न केवल सब्जियों और फलों की उपज बढ़ेगी, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सुधरेगी। इसके लिए योगी सरकार गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) और गाजियाबाद को छोड़ बाकी 73 जिलों में हाईटेक नर्सरी (पौधशाला) बनाएगी।

संबंधित जिले के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) के अनुसार फलों और सब्जी की कौन सी प्रजातियां वहां के अनुकूल हैं, इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) जिन विश्विद्यालयों से ये केवीके संबद्ध हैं और उद्यान विभाग मिलकर इसका निर्णय लेंगे। मिली जानकारी के अनुसार ये पौधशालाएं मनरेगा की मदद से बनेंगी। अब तक ऐसी 36 पौधशालाएं तैयार हो चुकीं हैं। शीघ्र ही 16 और पर काम चलेगा। इन हाईटेक पौधशालाओं में पौधे को नियंत्रित तापमान और नमी में तैयार किया जाता है। लिहाजा ये पौधे निरोगी होते हैं। ऐसे में इनके रोपण से उपलब्ध सब्जियों और फलों की उपज तो अधिक होती ही है। गुणवत्ता में भी ये बेहतर होती हैं। लिहाजा इनके दाम भी वाजिब मिलते हैं। उत्पाद का सही दाम मिलने से किसानों और बागवानों की आय बढ़ेगी। किसानों और बागवानों के हित में योगी और मोदी सरकार की जो भी योजनाएं चल रहीं हैं उनका अंतिम लक्ष्य भी यही है। एक्सप्रेस वे का संजाल, जेवर, अयोध्या और कुशीनगर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट और प्रयागराज से बाया वाराणसी पश्चिमी बंगाल के हल्दिया तक का देश का इकलौता जलमार्ग इन संभावनाओं को और बढ़ा देता है। भविष्य में योगी सरकार की योजना इस जलमार्ग का विस्तार अयोध्या तक करने की है। सरकार जिस तरह दादरी, गोरखपुर सहित 13 जिलों में कार्गो हब बनाने की तैयारी कर रही है उससे इनके निर्यात की संभावना और बढ़ जाएगी।

**प्रदेश की कुल भूमि का करीब 77 प्रतिशत खेती योग्य**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही आधारित है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में फलों और सब्जियों का महत्वपूर्ण स्थान है। वैज्ञानिक स्तर पर यह साबित हो चुका है कि फल और सब्जियां प्रति हेक्टेयर पर स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के मौके उपलब्ध कराती हैं। प्रसंस्करण को जोड़ दिया जाय तो यह संख्या और अधिक हो जाती है। चूंकि इनमे विटामिंस और फाइबर प्रचुर मात्रा में मिलते हैं, इसलिए पोषण सुरक्षा में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इन सबमें इन हाईटेक पौधशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। नौ तरह के एग्रो क्लाइमेटिक जोन होने के कारण उत्तर प्रदेश में हर तरह के फलों और सब्जियों की खेती की संभावना है। प्रदेश की कुल भूमि का करीब 77 प्रतिशत खेती योग्य है। खेती योग्य भूमि का करीब 85 प्रतिशत सिंचित है। सबसे अधिक आबादी के रूप में श्रम शक्ति और बाजार भी उपलब्ध है। इस सबकी वजह से यहां फलों और सब्जियों की खेती की भरपूर संभावना है। योगी सरकार का कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी खासा जोर है।

## खबरें एक नजर में

### बुलडोजर ध्वस्तीकरण पर केंद्र एक समान नियम बनाए : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को ध्वस्तीकरण के लिए बुलडोजर के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर केंद्र को आगे आकर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश बनाने चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बुलडोजर विध्वंस कानून के राज का प्रतीक नहीं होने के बावजूद इसके प्रयोग की बढ़ती प्रवृति चिन्तनीय है। वैसे बुलडोजर व अन्य किसी मामले में जब आम जनता सहमत नहीं होती है तो फिर केंद्र को आगे आकर उस पर पूरे देश के लिए एक-समान दिशा निर्देश चाहिए, जो नहीं बनाए जा रहे हैं। ''अन्यथा बुलडोजर कार्रवाई के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय को इसमें दखल देकर केंद्र सरकार की जिम्मेदारी को खुद नहीं निभाना पड़ता, जो कि जरूरी था। केंद्र व राज्य सरकारें संविधान व कानूनी राज के अमल होने पर जरूर ध्यान दें।

### छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में 11वीं कक्षा की छात्रा से स्कूल आते-जाते छेड़छाड़ करने वाले शोहदे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने खुद को शोहदे के डर से घर में कैद कर लिया था और स्कूल भी नहीं जा रही थी। मड़ियांव पुलिस ने पीड़िता के कोर्ट में बयान दर्ज कराए। वहीं दूसरी तरफछात्रा को परेशान करने वाले जैद को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार कर पूछताछ की। मड़ियांव इलाके में परिवार के साथ रहने वाले इलेक्ट्रिशियन ने गुरुवार को मड़ियांव थाने में शोहदे जैद के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। बेटी इलाके के एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं में पढ़ती है। जिसको गुरुवार को सुबह आठ बजे स्कूल जाते वक्त कसाई बाड़ा निवासी जैद ने अश्लीलता की थी। छात्रा उसकी हरकत से परेशान होकर घर लौट आई। खुद को कमरे में बंद कर देर तक रोती रही थी। स्कूल के लोगों ने फोन कर बेटी के स्कूल न आने की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि आखिर बेटी स्कूल के गेट से आकर क्यों लौट गई। जैसा कि स्कूल के बाहर सीसीटीवी में दिख रहा है, कि वह स्कूल तक आई और बाहर से ही लौट गई।

### सिख समुदाय ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हजरतगंज भाजपा मुख्यालय के सामने राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। राहुल गांधी के द्वारा अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर सिख समुदाय ने आपत्ति जताई। बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग राहुल गांधी के खिलाफनारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के पुतले को डंडों से पीटने के बाद आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन कर रहे सरदार परमिंदर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का बयान बेहद निंदनीय है। अमेरिका में भारत की छवि खराब करने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने यह गलत बयान दिया है कि यहां सिख समुदाय को धार्मिक आजादी नहीं है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सिख समुदाय पूरी आजादी के साथ जीवन गुजार रहा है। हम लोग राहुल गांधी को यह बताना चाहते हैं कि सिख समुदाय के पगड़ी पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने राहुल गांधी के बयान को शर्मनाक और देश विरोधी बताया।

### संस्कृत संस्थान के संचालन के लिए धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उ0प्र0 संस्कृत संस्थान के कार्यकलापों एवं योजनाओं के संचालन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में द्वितीय किश्त के रूप में रूपये 277.78 लाख (रुपये दो करोड़ सतहत्तर लाख अठहत्तर हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में भाषा विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश के माध्यम से निदेशक उ0प्र0 संस्कृत संस्थान को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि समय-समय पर जारी मितव्ययिता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत व्यय की जाये।

### वक्फ बिल वापस लो, एस.ड.पी.आई का विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) ने वक्फ संशोधन बिल 2024 के विरोध में उत्तर प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल मुईद हाशमी के निर्देश पर सभी जिलों में जिला अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। संशोधन डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफइंडिया ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों के खिलाफकाम कर रही है। पार्टी ने कहा है कि वक्फबिल मुस्लिम समाज के अधिकारों का हनन करता है और इसे वापस लेने की मांग की है। उत्तर प्रदेश में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफइंडिया का विरोध प्रदर्शन, पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि वक्फबिल को वापस लेने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव डालें। वक्फबिल के विरोध में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफइंडिया के राष्ट्रीय सचिव, डॉ. अफ्जल अंसारी ने कहा, वक्फबिल संविधान के विरुद्ध है और इसे वापस लेने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

### बीमारी से परेशान कारपेंटर ने लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में कारपेंटर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। कारपेंटर की पत्नी काम से लौटी तो पति को फंदे से लटका पाया। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद शव को नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। बता दें मायापुरी कॉलोनी गुडंबा की रहने वाले वेद रतन शर्मा कारपेंटर का करते थे। मंगलवार रात के समय पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पत्नी नीलम शर्मा ने बताया कि वेद रतन को बचपन से दौरे पड़ने की बीमारी थी। जिसका इलाज चल रहा था लेकिन काफी परेशान रहते थे। उनके दो बच्चे हैं, जो अपने ननिहाल में रहते हैं।

# जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय : योगी

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में अन्नदाता किसानों, उपभोक्ताओं और जनजातीय समुदाय के कल्याण हेतु लिए गए निर्णयों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सराहना की और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। योगी ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी मिलने पर लिखा, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मिली स्वीकृति अभिनंदनीय है।

जनजातीय समुदाय के उत्थान की दिशा में लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय से 63,000 से अधिक गांवों के 5 करोड़ से अधिक आदिवासी भाई-बहनों के जीवन-स्तर में सुधार एवं समृद्धि आएगी। जनजातीय बहुल ग्रामों का समग्र विकास सुनिश्चित करते इस निर्णय हेतु प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं देश वासियों, विशेषकर जनजातीय समुदाय से जुड़े भाई-बहनों को बधाई। केंद्रीय कैबिनेट ने एक ओर जहां वर्ष 2025-26 तक 35,000 करोड़ से पीएम-आशा योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है तो वहीं रबी फसल सत्र, 2024 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैसिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा अन्नदाता किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने हेतु लिए गए। इस जनहितकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार। सीएम योगी ने लिखा, अन्नदाता किसानों की उन्नति व खुशहाली ही डबल इंजन की भाजपा सरकार का संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि के क्रम में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी फसल सत्र, 2024 के लिए फॉस्फेटिक और पोटैसिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति अत्यंत सराहनीय है। इस निर्णय से किसान साथियों को उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ ही उनकी समृद्धि के नए द्वार भी खुलेंगे।

### आशा व आशा संगिनी ने डिप्टी सीएम पाठक से की मुलाकात

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** आशा एवं आशा संगिनी स्वास्थ्य विभाग की रीड की हड्डी (लाइफलाइन) है। प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण इलाकों का सारा कार्य आशा एवं आशा संगिनी द्वारा करवाया जाता है। जबकि इसके सापेक्ष इनको मामूली प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, वह भी नौकरशाही की भेंट चढ़ जाती है। इस को लेकर ध्याल आशा एवं आशा कार्यकर्ती सेवा समितिष् के राष्ट्रीय संरक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में कई पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से उनके राजभवन आवस पर मुलाकात कि और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के राष्ट्रीय संरक्षक आशीष तिवारी ने उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को अवगत करते हुए बताया की जो प्रोत्साहन राशि 2006 में थी, वही प्रोत्साहन राशि आज भी इन बहनो को प्रदान की जाती है, जबकि महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। आशीष तिवारी ने मांग करते हुए कहा की आशा एवं आशा संगिनी को एक मुस्त मानदेह, दिया जाए व प्रोत्साहन राशि को 2 गुना किया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना जो आंगनबाड़ियों को दे दिया गया है, वह पुन: आशा संगिनी को वापस किया जाए, यह कार्य 2017 से आशा एवं संगिनी बहने करती आ रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया संगिनी बहनो, जिनको माह में 24 दिनों का कार्य दिया जाता है, उसे बढ़ाकर 30 दिनों का किया जाए तथा सम्मानजनक वेतन दिया जाए। उन्होंने मांग की कि संगिनी बहनों का कार्य क्षेत्र बहुत बड़ा होता है इसलिए इनको इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की जाए।

# भाजपा सरकार में पीडीए का हो रहा है उत्पीड़न : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी कार्यालय पर हरदोई, गोरखपुर, मीरजापुर लोकसभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। लोकसभा चुनाव में जिन सीटों पर सपा की हार हुई उन सीटों की समीक्षा और उपचुनाव की तैयारियों को लेकर सपा अध्यक्ष ने यह बैठक बुलाई। इस दौरान पदाधिकारियों के साथ उपचुनाव और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और जीत का मंत्र दिया।

बैठक के बाद अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा हैं। उत्तर प्रदेश में लगातार बलात्कार जैसी शर्मनाक घटनाएं हो रही हैं। पूरे देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अ?ल्पसंख्यक) को भाजपा सरकार उत्पीड़न का शिकार बना रही है। कानून व्यवस्था उसके राज में पूरी तरह चौपट है। अखिलेश ने कहा कि किसान, नौजवान और पिछड़े, दलितों की खुशहाली भाजपा को सत्ता से बेदखल करके समाजवादी सरकार बनने पर ही आएगी। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता को संकल्पित होकर सन् 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए दिन-रात एक करना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विश्वास का नारा धोखा है।

सन् 2022 में ही जनता ने भाजपा सरकार से आजादी का इरादा कर लिया था लेकिन भाजपा ने सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर सरकार बना ली। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को समाजवादी पार्टी ने जो सबक सिखाया उससे उसकी बौखलाहट बढ़ गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार जनता बनाने जा रही है। जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर है।

# पीजीआई की डॉक्टर से ठगी के मामले में पांच और गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने पीजीआई की डॉक्टर से ठगी करने वाले गैंग के 5 और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अब तक 11 ठगों को पकड़ा गया है। एसटीएफ गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। ठगों ने डॉक्टर रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ रुपए वसूले थे। एसटीएफ के मुताबिक, मुखबिर ने बताया कि ठगी करने वाले कुछ लोग लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहा वेब मॉल के पास खड़े हैं। सभी फरार होने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसटीएफकी टीम पॉलिटेक्निक चौराहा पहुंची और गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

ठगों की पहचान बिहार सीतामढ़ी सुरसंड का रहने वाला ऋषिकेश कुमार उर्फ मयंक, पटना बाढ़ का रहने वाला गोपाल कुमार उर्फ रोशन, बिहार समस्तीपुर का रहने वाला गणेश कुमार, चंदौली सकलडीहा का रहने वाला मणिकान्त पाण्डेय और वाराणसी सारनाथ के राजेश गुप्ता के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के पास से 2.42 लाख रुपए, 15 चेक बुक, 18 एटीएम, 8 यूपीआई स्कैनर, सात मोबाइल और दो लैपटाप बरामद हुए हैं। पूछताछ करने पर पता चला कि ये लोग टेलीग्राम ऐप पर स्कैमर और हैकरों के अकाउंट से लोगों का डाटा चुराते हैं। उसके बाद उनके विषय में जानकारी जुटाकर उनके साथ साइबर फ्रॉड करते। एसटीएफकी पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि गिरोह के सभी सदस्यों का अपना-अपना काम बंटा है। ऋषिकेश उर्फमयंक, गोपाल उर्फ रोशन उर्फ राहुल और गणेश लोगों से बात करने का काम करते हैं। वहीं मणिकांत पाण्डेय उर्फमिश्रा और राजेश गुप्ता बैंक खाते और इंटर नेट बैंकिंग के आईडी पासवर्ड का इंतजाम करते हैं। इसके लिए लोगों को पैसा देकर उनकी आईडी से खाता खुलवाते थे। जिसके बाद उस खाते के एटीएम, पासबुक, चेकबुक और रजिस्टर्ड मोबाइल का सिम अपने पास रख लेते थे। जिससे ओटीपी की दिक्कत न हो। एसटीएफके मुताबिक, उड़ीसा बरगढ़ टाउन की रहने वाली हरिप्रिया प्रधान साइबर ठगी का गिरोह चला रही थी।

### वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से विविध कार्यो की मंजूरी

**लखनऊ।** 15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्यो की स्वीकृति के लिए महापौर की अध्यक्षता मे गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे नगर आयुक्त, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि, समस्त अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता, महाप्रबन्धक जलकल, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता,लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक मे वायु गुणवत्ता सुधार मद के अन्तर्गत मियाबाकी पद्धति से प्लान्टेशन व अन्य वृक्षारोपण के कार्य, नगर निगम सीमान्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गो की मरम्मत एवं निर्माण कार्य एवं शिवरी प्लान्ट,अन्य स्थलो पर वाटर फाउन्टेन का कार्य हेतु 16.48 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक मे ठोस अपशिमट प्रबन्धन के अन्तर्गत अमृत योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो मे निकायाशं के रूप मे 50.00 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर की पेयजल व्यवस्था मे सुधार हेतु नये ट्यबेल की स्थापना रिबोर का कार्य, ठोस कूडा प्रबन्धन हेतु पीसीटीएस, एफ्सीटीएस, एमआरएफ सेन्टरों के कार्यो एवं आरआर विभाग को मशीनों आदि के क्रय हेतु कुल धनांक 62.00 की स्वीकृति प्रदान की गई।

# स्वच्छता अभियान संकल्प को बढ़ाएं आगे : राजभर

समृद्धि न्यूज



**पंचायतीराज मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा के तहत विभागीय आयोजन का शुभारंभ किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आज पंचायतीराज निदेशालय के ऑडीटोरियम में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना इस अभियान का लक्ष्य है। हम स्वयं स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कार्य करेंगे तभी लोग प्रेरित होंगे और स्वच्छता अभियान से जुड़ेगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से ही अर्थात लगभग 10 वर्षो से देश में व्यापक पैमाने से स्वच्छता के कार्यक्रम चला रहे है। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में पूरा प्रदेश स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए तैयार है। उन्होंने लोगों से लक्ष्य निर्धारित करते स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता जो जिम्मेदारी हमें मिली है उस कार्य को हमें पूरी तत्परता एवं लगनता के साथ करना चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छता के विजन को सफल बनाये। स्वच्छता का अभियान 25 करोड़ की आबादी के हित से जुड़ा हुआ है। ऐसे में पंचायतीराज विभाग पर बड़ी जिम्मेदारी है। कोई भी योजना जब तक जन-जन तक ना पहुंचे तब तक सफल नहीं हो सकती। पंचायतीराज विभाग द्वारा क्रियान्वयन गांव स्तर पर होता है। इस लिए स्वच्छता अभियान के सफलता की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पंचायतीराज विभाग पर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में अभियान के प्रथम दिन विगत दिवस सुल्तानपुर में 400 मी0 लंबे नाले की सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर सफाई कर्मियो को स्वच्छता किट एवं व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियो को 12 हजार रूपये का चेक मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। इसके अलावा पी0एम0 स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड, पी0एम0 आवास योजना, स्वनिधि योजना, सी0एम0 युवा रोजगार योजना, कन्या शुभमंगला योजना, जल जीवन मिशन के लाभार्थियो को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण ने कहा कि स्वच्छता जब तक हमारे स्वभाव से संस्कार में नहीं आयेगा तब तक स्वच्छता का अभियान का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने स्वच्छता के लिए 3 आर का कॉनसेप्ट समझाया है। उन्होंने कहा कि रिडयूज रिसाइकल एवं रियूज के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम को बेहतर बनाया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश में हुआ 4575 यूनिट रक्तदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को उत्तर प्रदेश में आयोजित 370 रक्तदान शिविरों में कुल 4575 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसके साथ ही 5709 नए स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने अपना पंजीकरण कराया।

राज्य के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बुधवार को बताया कि रक्तदान शिविरों में सरकारी और निजी रक्त बैंकों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए जिन्होंने अपनी स्वैच्छिक सेवा दी। यह आयोजन प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़ा का हिस्सा है, जो एक अक्टूबर तक चलेगा। इस पखवाड़े का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए विभिन्न सेवा गतिविधियों को अंजाम देना है जिसमें रक्तदान और स्वास्थ्य जागरुकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, थैलेसीमिया और हीमोफीलिया से पीड़ित बच्चों और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेशभर में रक्तदान किया। भाजयुमो का यह सेवा पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। रक्तदान एक महान सेवा है जो जरूरतमंदों की जान बचा सकती है।

### राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 22 सितंबर

**लखनऊ।** नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ ने जानकारी दी है कि सत्र 2024 के लिए जनपद लखनऊ के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश प्रक्रिया जारी है।उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी, जिन्होंने पहले से ऑनलाइन आवेदन किया है, 22 सितंबर 2024 सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को जनपद के किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर अपने आवेदन पत्र, रैंक पत्र, शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र और ऑनलाइन आवेदन की प्रति के साथ प्रार्थना पत्र जमा करना होगा। उल्लेखनीय है कि यह प्रक्रिया उन सभी अभ्यर्थियों के लिए अंतिम मौका है, जो अब तक प्रवेश लेने में असमर्थ रहे हैं।

**कार्यक्रम** | **दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित**

# दिव्यांगजनों को हियरिंग एंड ट्राई-साइकिल व व्हीलचेयर वितरित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से 18 सितंबर 1998 को स्थापित राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को लखनऊ में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत और वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सुभाष चन्द शर्मा, प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाना है। यह कार्यालय समाज में दिव्यांगजनों की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आज इस समारोह का आयोजन कर हमें गर्व महसूस हो रहा है, और हमें इस दिशा में और आगे बढ़ने की आवश्यकता है। समारोह के दौरान श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को हियरिंग एड्स तथा चलन क्रिया से ग्रसित दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल और व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही, टीसीआई एक्सप्रेस फाउंडेशन, जयपुर फुट और पुनर्वास केंद्र लखनऊ के सहयोग से 12 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए।

यह कार्यक्रम न केवल दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने का मंच बना, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन भी दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, लखनऊ द्वारा एक विशेष दिव्यांगता प्रमाण-पत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण-पत्र तत्काल जारी किए गए। इस शिविर से दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों और सेवाओं तक सीधी पहुंच प्राप्त हुई। समारोह में दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इनमें प्रमुख नाम थे गौरव खन्ना, राष्ट्रीय पैरालंपिक कोच, अभय प्रताप सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी, डीसीसीआई एवं अध्यक्ष, व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन, इच्छा पटेल, पैरालंपिक भारोत्तोलन गोल्ड मेडलिस्ट, पलक कोहली, पैरालंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी, और डा. अमित केसरी, कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जन, एसजीपीजीआई, लखनऊ। इन सभी को मुख्य अतिथि द्वारा शॉल, स्मृति चिह्न और बालवृक्ष देकर सम्मानित किया गया।विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र एस. चौधरी, निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, और उनका सशक्तीकरणहमारी नैतिक जिम्मेदारी है। बिना दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी के राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। समारोह के अध्यक्ष और राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, प्रो. हिमांशु शेखर झा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा कार्यालय दिव्यांगजनों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम उन दिव्यांगजनों की भी समस्याओं को हल करने के लिए मोबाइल कोर्ट्स का संचालन कर रहे हैं, जो स्वयं हमारे पास नहीं आ सकते हैं।

# भाद्र पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भाद्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर डलमऊ के गंगा तट पर गंगा मैया के जयकरो के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्थित शिवालयों एवं देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा अपने पूर्वजों को जल तर्पण एवं पिंडदान कर पूर्वजों को याद किया और पुरोहितों को दान पुण्य कर आशीर्वाद प्राप्त किया भाद्र मास की पूर्णिमा का विशेष महत्व होने के चलते गंगा स्नान का विशेष महत्व माना गया है गंगा स्नान के लिए



जनपद एवं गैर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने सुबह 4:00 बजे से ही गंगा मैया के जयकरो के साथ लाखों की संख्या में डलमऊ गंगा तट पर पहुंचे इस दौरान डलमऊ के पक्का घाट वीआईपी घाट पथवारी घाट महावीरन घाट संकट मोचन घाट शुकुल घाट गऊघाट किला घाट नागेश्वर घाट सहित एक दर्जन से अधिक घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई पड़ी श्रद्धालुओं में गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद गंगा तट पर स्थित शिवालय एवं देवी मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की तथा पूर्वजों को मनाने खुश करने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए जल देकर तर्पण एवं पिंडदान किया और पुरोहितों को दान पुण्य कर आशीर्वाद लिया बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने बताया कि भाद्र शब्द भद्र से बना है जिसका अर्थ पवित्र होता है भाद्र मास में सूर्य सिंह राशि में होने पर और अधिक प्रभावशाली होता है क्योंकि सूर्यवार को ही रविवार कहा जाता है इसलिए भाद्र मास के रविवार को गंगा स्नान का विशेष महत्व माना जाता है भागवत कथा के अनुसार सुनीति औसानल को कोई संतान नहीं थी तब उन्होंने भादो मास में गंगा स्नान करने का निर्णय लिया इसके बाद उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई भाद्र मास में ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म घनघोर कालीरात में 12:00 बजे हुआ था प्रथम पूज्य श्री गणेश उत्सव भी भादो मास में मनाया जाता है इस प्रकार कर्म वृद्धि का समन्वय एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रस्सत होता है भादो मास में स्नान दान एवं व्रत करने से जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं।

**घंटों लगा रहा जाम, परेशान हुए श्रद्धालु**

भाद्र मास की पूर्णिमा पर जनपद एवं गैर जनपदों से पहुंचे भारी संख्या में श्रद्धालुओं को घंटों जाम से जूझना पड़ा मुराई बाग कस्बे में बार-बार रेलवे गेट बंद होने से जाम की स्थिति लगातार बनी रही इस दौरान कस्बे के रायबरेली रोड लालगंज रोड प्रयागराज रोड पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई सड़कों पर पैर रखने की जगह तक ना बची जाम की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा पूर्व में कोई इंतजाम न किए जाने के चलते श्रद्धालुओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ा पुलिस को जाम छुड़ाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी कस्बे के सर्वेश सुधीर दीपांशु कुलदीप आशीष शुभम प्रशांत विनीत मुन्ना योगेश आदि ने बताया कि ऐसा लगता है स्थानीय प्रशासन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ का अंदाजा नहीं था यदि प्रशासन एक दिन पूर्व ही कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा देता तो भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

# चलती कर से कूदी महिला

- एक घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा
- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बुधवार दोपहर लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कस्बे के मुख्य चौराहे के पास एक चलती कार से एक महिला कूद गई। गनीमत रही कि समय रहते चालक ने कार को ब्रेक लगा दी। जिससे उसे चोटे नहीं आई हैं। फिर दोनों के बीच हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। पता चला कि दोनों पति-पत्नी है। पति उसे अपने घर ले जाना चाहता था। पर महिला मारपीट करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ जाने को मना कर रही थी। इसी बीच महिला अपने परिजनों से भी फोन पर बात करती है। तब तक मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। महिला प्रयागराज की बताई जा रही है। जबकि युवक लखनऊ का रहने वाला बताया गया है। जब काफी मान मानव्वोल के बाद भी महिला नहीं मानी। तो युवक उसे अपने साथ वापस लेकर प्रयागराज की ओर चला गया।

थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को नहीं मिली है। फिर भी घटना की जांच की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### छह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को कायाकल्प पुरस्कार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद के छह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) को साल 2023-24 का कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इन सभी सीएचसी को एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। स्वास्थ्य इकाइयों में स्वच्छता और व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कायाकल्प पुरस्कार दिए जाते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सीएचसी डीह, दीनशाहगौरा, राही, भेला, बछरावां और खीरों को कायाकल्प पुरस्कार मिला है। सीएचसी डीह ने 91.43 फीसद अंक हासिल कर जनपद में पहला और पूरे प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त तथा सीएचसी दीनशाहगौरा ने 89.57 अंक हासिल कर जनपद में दूसरा और प्रदेश में 21वां स्थान हासिल किया है। इससे पहले भी डीह सीएचसी को कायाकल्प और एन्क्वास मिल चुका है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि चिकित्सा इकाइयों पर गुणवत्तापरक सेवायें देकर रोगी संतुष्टि में वृद्धि करना, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, चिकित्सालय कर्मियों के कार्यशैली एवं दक्षता में सुधार करना, सफाई , हाइजिन प्रमोशन, सेनिटाइजेशन, संक्रमण प्रबंधन आदि बिन्दुओं पर बाहर से आने वाली टीम के द्वारा जाँच की जाती है और जिन सीएचसी को 70 फीसद से अधिक अंक मिलते हैं उन्हें ही यह पुरस्कार मिलता है। पुरस्कार राशि का 75 फीसद अस्पताल की कमियों को दूर करने, सुदृढ़, रख रखाव, स्वच्छता व्यवस्था में तथा 25 फीसद धनराशि कर्मचारियों को इंसेंटिव के तौर पर उत्साहवर्धन के लिए दी जाती है।

### लगातार चोरियों से घुराडीह ग्राम सभा में दहशत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चोरी की दहशत से ग्रामीण परेशान मामला रायबरेली अयोध्या हाइवे पर स्थित गांव घुराडीह का है अभी हाल ही में गांव निवासी नागेन्द्र बहादुर सिंह के यहाँ चोरी का मामला प्रकाश में आया था चूंकि वे लोग लखनऊ में रहते हैं पितरों के तर्पण हेतु घर आये थे किन्तु यह नया मामला तो हतप्रभ करने वाला है बताते चलें कि रामलोचन सिंह पुत्र हीरा सिंह का मकान घुराडीह के एक पुरवे बकहा में हाइवे पर ही है जहाँ चोरों ने चोरी को अंजाम दिया घर मालिक के अनुसार चोर पीछे से लकड़ी की सीढ़ी लगाकर जो कि वही रखी हुई थी छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए और सबसे पहले रामलोचन सिंह के कमरे की कुंडी बाहर से बन्द कर दी फिर बाहर का गेट खोल दिया जिससे अन्य अपराधी भी घर में दाखिल हो जमकर लूट की चूंकि रामलोचन सिंह की पत्नी बाहर बरामदे में सो रहीं थीं जो कि आहट पाकर जाग गई और रामलोचन सिंह को आवाज लगाई आवाज सुनकर चोर भाग खड़े हुए तब पत्नी के दरवाजा खोलने पर रामलोचन सिंह बाहर आये तब तक चोर घटना को अंजाम देकर जा चुके थे उस समय रात के लगभग एक बज रहे थे घर मालिक के द्वारा 112 पर तत्काल सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंची तथा अमांवा चौकी प्रभारी भी मौके पर पहुंचे घर मालिक के अनुसार लगभग पैंतालीस हजार रुपए की नगदी के साथ चेन सोने की, अंगूठी सोने की,झुमकी सोने की,दो एंड्रायड फोन,एक एयर गन,लगभग पंद्रह साड़ी और दो तीन नई चादरें चोर उठा ले गए जिनकी कीमत डेढ़ से दो लाख बताई जा रही है खबर लिखे जाने तक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और पुलिस अमला चोरी का जल्द से जल्द खुलाशा करने हेतु चोरों की तलाश में है।

### फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** बीती रात थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटकता शव मिलने से हड़कंप मच गया।देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का हुजूम इकट्ठा हो गया।आनन फानन परिजनों द्वारा युवक को लालगंज सरकारी अस्पताल ले जाया गया।बताया जाता है कि जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मामला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे नाथू मजरे डिघिया गांव का है।जहां बीती रात राघवेंद्र सिंह यादव उर्फ बबलू (26) पुत्र राजबहादुर यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता कमरे के अंदर शव पाया गया।परिजन आनन फानन युवक को लेकर सीएचसी लालगंज पहुंचे जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच में जुट गई है।वहीं गेगासो चौकी इंचार्ज विवेक देशवाल ने बताया कि एक युवक की फांसी से मौत की सूचना मिली थी।युवक के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है,मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल कारण अज्ञात है,मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### अज्ञात महिला के शव की नहीं हो सकी पहचान

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के पहलवानपुर चौराहा के निकट स्थित सोहेलवा जंगल के हसनापुर वन क्षेत्र में 5 सितंबर को एक अज्ञात महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था। यह शव करीब 20 दिन पुराना होने का अनुमान है, जिसके चलते अब तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने बताया कि मृत महिला की उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। महिला भूरे रंग की चूड़ियां, लाल रंग के कंगन, चांदी की पायल, महरून रंग का जेबदार लोवर, लाल कुर्ती और लाल रंग का दुपट्टा पहने हुए थी। शव की स्थिति के कारण पहचान कर पाना कठिन हो गया है, लेकिन पुलिस इसे लेकर लगातार प्रयास कर रही है। महिला की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न जांच कदम उठाए जा रहे हैं। स्थानीय क्षेत्र के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। साथ ही, क्षेत्र और आसपास के महत्वपूर्ण और संभ्रांत व्यक्तियों से भी महिला के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। थाना कोतवाली में महिला सिपाही की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जो गुमशुदा लड़कियों के परिवारों से संपर्क कर फोटो और अन्य जानकारियां इकट्ठा कर रही है। श्रावस्ती, सिरसिया, हरैया और बलरामपुर सहित कई थाना क्षेत्रों से आए परिजनों ने शव की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पूरे गोरखपुर जोन में गायब महिलाओं की जानकारी पुलिस द्वारा एकत्र की गई है। इस जानकारी को जुटाने के बाद परिजनों से संपर्क कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक किसी भी व्यक्ति ने इस अज्ञात महिला की पहचान नहीं की है। थानाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने जनता से अपील की है कि वे इस महिला की पहचान कराने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर पुलिस को तुरंत सूचित करने का अनुरोध किया गया है ताकि मामले को सुलझाया जा सके और मृतक महिला के परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। पुलिस का कहना है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और मामले को सुलझाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# कूड़ा निस्तारण केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पीएससी स्थित म्युनिसिपल वेस्ट प्लांट के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण केंद्र का का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने कचरा प्रबंधन के तरीकों, कचरे के संग्रहण, अलगाव और निपटान की प्रक्रिया को भी देखा।



उन्होंने ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देश दिया कि प्लांट के आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता और साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। प्लांट में उपयोग की जाने वाली मशीनरी और उपकरणों की स्थिति और कार्यक्षमता के अनुसार प्रतिदिन 70 से 100 टीपीडी कूड़े का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपकरण हर समय उपलब्ध रहे जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। प्लांट के पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की भी समय-समय पर निगरानी की जाए। इसके अतिरिक्त कचरे की रिसाइकलिंग की प्रक्रिया और इसकी दक्षता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण में स्थानीय समुदाय की भागीदारी के लिए जन जागरूकता का कभी प्रयास किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ भी उपस्थित रहे।

# कहीं बड़ा मठ को नुकसान पहुंचाने की साजिश तो नहीं

- संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ में जम्मू से पहुंचा संदिग्ध व्यक्ति, पूछताछ पर हुआ फरार
- आधार कार्ड मांगने पर फरार, साजिश की आशंका

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में मुस्लिम युवक हिंदू वेशभूषा में भगवा वस्त्र धारण करके साधु के भेष में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने डलमऊ के बड़ा मठ पहुंचा। आधे घंटे तक मठ में इधर-उधर घूमने के बाद संदेह होने पर वह फरार हो गया। मुस्लिम भगवाधारी युवक की हरकत से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।



**भगवा पहन मठ पहुंचा मुस्लिम युवक:-** मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बड़ा मठ का है। जहां 15 सितंबर की रात करीब 8 बजे एक 35 वर्षीय युवक के साधु के वेश में मठ पहुंचा और कहा कि महाराष्ट्र के साधु संतों ने हमें मठ में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा है। मठ की परंपरा के अनुसार उसे रात का भोजन कराया गया। भोजन करने के बाद भगवाधारी मुस्लिम युवक के मठ के परिसर में इधर-उधर घूमता रहा। भगवाधारी युवक के दाहिने हाथ में रुद्राक्ष की माला और बाएं हाथ में एक टैटू बना हुआ था।

**ड्राइविंग लाइसेंस में लिखा था सलीम :-** मठ के स्वामी को संदेह होने पर जब उसका आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मांगा गया तो ड्राइविंग लाइसेंस में उसका नाम सलीम और पता जम्मू कश्मीर लिखा हुआ था। इसके बाद मठ के स्वामी का संदेह और गहरा गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती तब तक भगवाधारी मुस्लिम युवक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने के बाद पूरे पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस ने फरार मुस्लिम भगवाधारी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

**पुलिस के पहुंचने से पहले फरार:-** स्वामी दिव्यानंद जी महाराज बड़ा मठ डलमऊ ने बताया कि एक साधु का वेशभूषा रखकर बड़े मठ में आया और कहा कि हमको दीक्षा लेना है। जब हमने उससे आधार कार्ड मांगा तो उसने ड्राइविंग लाइसेंस दिखाया। ड्राइविंग लाइसेंस में साहिल नाम लिखा था फिर उसने कहा कि हम झोले से कुछ सामान लेकर आते हैं। फिर वह फरार हो गया। हमने डलमऊ कोतवाली में शिकायत कर दी है।

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत




बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। टोल प्लाजा के निकट राजेंद्र मिश्रा पुत्र शिवशंकर मिश्रा 72 वर्ष निवासी कैर थाना महाराजगंज बुधवार दोपहर अपने बेटे अभिनाश मिश्रा पुत्र राजेंद्र के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे । तभी लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास उनकी बाइक का टायर पंचर हो गया। बेटा पंचर बनवाने के लिए दुकान पर गया। इसी दरमियान वृद्ध राजेंद्र सड़क पार कर रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पागल सियार का आतंक, दहशत में ग्रामीण

- पागल सियार के हमले से एक बच्चे समेत दो लोग घायल
- ग्रामीणों ने घेराबंदी करके एक सियार को गांव के किनारे बाग में मार गिराया

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में भी पागल सियार का आतंक देखने को मिला है पागल सियार ने एक बच्चे समेत दो लोगों को घायल कर दिया इसके साथ ही एक गए एक भैंस और कुत्ते को भी सियार ने काटा है बताया जा रहा है कि एक साथ तीन सियार थे जिनमें से ग्रामीणों ने घेराबंदी करके एक सियार को गांव के किनारे बाग में मार गिराया है सियार के हमले के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत देखी जा रही है मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मीठापुर गांव का है बुधवार सुबह गांव के किनारे दुर्गेश का घर है बताया जा रहा है कि उनका 10 साल का बेटा राज घर के अंदर नहा रहा था घर का दरवाजा खुला था अचानक सियार पहुंचा और उसके ऊपर हमला बोल दिया लोग दौड़े उसे छोड़कर सियार बाहर भाग निकला कुल तीन सियार थे आगे रास्ते में जा रहे हैं अमर बहादुर उम्र 22 वर्ष को सियार ने काट लिया इसके बाद एक गाय को काटा एक भैंस को काटा और जब कुत्ते दौड़े तो एक कुत्ते के कान में सियार ने काट लिया गांव के लोग लाठी डंडे लेकर दौड़े और तीनों सियार की घेराबंदी कर ली एक सियार को पीट-पीट कर गांव के किनारे बाग में मार डाला जबकि दो सियार जंगल की तरफ भाग निकले घटना के बाद से गांव की महिलाओं बच्चों और लोगों में दहशत का माहौल है वन विभाग को सूचना देने के बाद भी अभी तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंची है जिसको लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश है।

# पूर्व छात्रा सहित हायर एजुकेशन के छात्र सम्मानित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर बीएससी जन्तु विज्ञान में सर्वाधिक अंक पाकर गोल्ड मेडल पाए छात्र और एमएससी भौतिक विज्ञान मे सर्वोच्च अंक पाकर गोल्ड मेडल लाई छात्रा को सम्मानित किया गया।

विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम मे एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबन्धक डॉ शशिकांत शर्मा ने छात्र और छात्रा को उनके परिजनों की उपस्थिति में मेडल पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

डॉ शर्मा ने बताया कि विद्यालय परिवार आज अपने बच्चों की इस सफलता पर आल्हादित है, विश्वविद्यालय स्तर पर अपने-अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल से सम्मानित किये गए इन बच्चों में छात्र सर्वज्ञ तिवारी न्यू स्टैण्डर्ड कालेज ऑफ हायर एजुकेशन में बीएससी में जंतु विज्ञान का छात्र है और इसने प्राइमरी स्तर की शिक्षा भी एनएसपीएस से ही प्राप्त की और यह छात्र बहुमुखी प्रतिभा का धनी है तथा छात्रा सुमति ने भी एनएसपीएस से इंटर तक की शिक्षा ग्रहण की जिसने एमएससी मे भौतिक विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इन बच्चों ने ग्रामीण परिवेश में रहकर भी यह मुकाम हासिल किया है, मैं इन बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं और विद्यालय परिवार हमेशा ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों की मदद मे तत्पर रहेगा।



वहीं विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित बच्चों ने बताया कि एनएसपीएस की प्रारंभिक शिक्षा ने ही हमें इतना मजबूत बनाया कि हम इस मुकाम पर पहुँच पाए। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय एनएसपीएस परिवार को दिया और गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

# सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को फटकार

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने विकास कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी।



उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपनी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदनों का निस्तारण करें। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी अधिकारी सीएम डैश बोर्ड पर योजनाओं से संबंधित डाटा फीड करते समय अच्छी तरह से देख ले तथा समय से डाटा फीड करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं, जो विभाग लगातार खराब रैंकिंग ला रहे हैं वह क्षमता से अधिक कार्य कर करके रैंकिंग सुधारें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बायोमेडिकल उपकरण का रखरखाव, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सैतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन 21 से

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। मानस परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में बाबा दुखहरण नाथ मंदिर प्रांगण, उतरौला में 386वीं नव दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन 21 से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन भक्तों के बीच भारी उत्साह और श्रद्धा का केंद्र बन रहा है। कथा का समापन और पूर्णाहुति 30 सितंबर को विशाल भंडारे के साथ की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास के रूप में प्रेममूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज, नया घाट वशिष्ठ भवन, श्रीधाम अयोध्या से उपस्थित होंगे। संत सर्वेश जी महाराज अपनी मधुर वाणी और श्री रामकथा के प्रवचनों से भक्तों को राम भक्ति के मार्ग पर प्रेरित करेंगे। इस पावन अवसर पर परम् पूज्य योगी मिथिलेश महाराज, पीठाधीश्वर शक्तिपीठ देवी पाटन मन्दिर, तुलसीपुर का भी विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। योगी मिथिलेश महाराज के आशीर्वचन भक्तों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां भक्त प्रभु श्रीराम के आदर्शों का अनुसरण कर अपने जीवन में धर्म, करुणा और सेवा की भावना को जागृत कर सकेंगे।

# कीचड़ भरे मार्ग से आवागमन कर रहे ग्रामीण

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



आज़ादी के 77 वर्षो बाद नही बना सड़क, कीचड़ भरे चकमार्ग से आवागमन करते ग्रामीण।

विकास खण्ड उतरौला के ग्राम सभा महुआ धनी के मजरा देवारिया अर्जून मे मुरावन टोला को आने जाने के लिए एक कच्ची चक मार्ग है मामूली वारिश से कीचड़ हों जाने से चलना मुश्किल होता है।

भानमती मौर्या, माला देवी, विमला देवी, रानी देवी, जुग्गा देवी, प्रभा देवी, शीला देवी, चंद्र कला देवि ने बताया कि किसी भी महिला को अगर प्रसव पीड़ा होती हैं तो कोई साधन नहीं आ सकता जिससे अस्पताल पहुंचाया जा सके। भानमती ने बताया कि लगभग आधे गांव के आने जाने के लिए एक मात्र चकमार्ग हैं जो बाढ़ प्रभावित गांव होने के नाते कमर तक पानी में आना जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी कच्चे मार्ग से है पानी कम होने पर वृद्ध आदमी या महिला को शौच आदि के लिए निकलना किसी जंग लड़ने से कम नहीं होता। ग्रामीणों ने अति शीघ्र चक मार्ग को सीसी रोड बनवाने की मांग की है।

# अधूरे अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज के संचालन की मांग

- लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने सौंपा ज्ञापन



उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज। जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के अधूरे भवन को जल्द से जल्द पूर्ण कर स्वास्थ्य सेवाओं को शुरू कराने की मांग जोर पकड़ रही है। इसी क्रम में लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने अपर आयुक्त प्रशासन देवी पाटन मंडल गोंडा, राम प्रकाश को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मेडिकल कॉलेज के संचालन को शीघ्र शुरू किया जाए।

चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2020 में केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर के अंतर्गत 300 शैय्या युक्त चिकित्सालय का तोहफा इस क्षेत्र को दिया था। इस मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी शुरू हुआ, लेकिन अभी तक इसका संचालन प्रारंभ नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को उचित चिकित्सा सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक संसाधनों की अब तक उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की गई है।

इस कारण, न तो अस्पताल का पूर्ण संचालन हो पा रहा है और न ही इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाएं सुचारू रूप से शुरू हो सकी हैं। इस कारण हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों की आकस्मिक मृत्यु हो रही है, जिसे रोका जा सकता था यदि यहां विशेषज्ञ चिकित्सक और सुविधाएं उपलब्ध होतीं।

> अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय का संचालन शुरू होने से न केवल बलरामपुर बल्कि आसपास के सभी जिलों के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। जनता की अपेक्षा है कि इस कॉलेज का संचालन जल्द से जल्द प्रारंभ हो और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।*

चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने मांग की है कि मेडिकल कॉलेज के संचालन में तेजी लाई जाए और यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए, ताकि इस पिछड़े क्षेत्र के लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि यदि मेडिकल कॉलेज जल्द ही चालू किया जाता है, तो यह बलरामपुर और आसपास के जिलों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा।

ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए वादे के अनुसार सभी आवश्यक संसाधनों और सुविधाओं की व्यवस्था की जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज अपने निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति कर सके। इस संबंध में प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर तुरंत ध्यान दें और जल्द से जल्द कॉलेज के संचालन को प्रारंभ कराएं।

# एमएलके पीजी कालेज में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा महाविद्यालय मे वर्ष भर चलने वाले पाठयसहगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता के संयोजक डॉ आर के शुक्ल के संयोजकतव मे एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे महाविद्यालय के कला, विज्ञान तथा वाणिज्य के स्नातक तथा स्नातकोत्तर के विभिन्न छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिया ।



इस प्राचार्य ने कहा कि बहुराष्ट्रीय कम्पनिययों के द्वारा दिए जा रहे रोजगार को प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि छात्र छात्राओ को अंग्रेजी तथा कम्प्यूटर मे कुशलता प्राप्त हो। साथ ही प्राचार्य ने कहा कि अंग्रेजी विभाग सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र मे विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है जो अत्यन्त प्रशंसनीय है। इसके लिए उन्होने विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल को धन्यवाद दिया तथा शुभकामनाएं दी।

विभागाध्यक्ष डॉ शुक्ल ने कहा कि प्रशासनिक सेवा की परीक्षाओ मे निबंध लेखन कला को अत्यन्त महत्वपूर्ण माना गया है। उन्होने छात्र-छात्राओ से कहा कि वे निरंतर अच्छी तथा प्रामाणिक पुसतको को पढें तथा निबंध लेखन कला का विकास करें।

इस कार्यक्रम मे शिक्षाशासत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ डी के मौर्य तथा विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित थे। इनमे प्रमुख है डॉ बी एल गुप्ता, अभय नाथ ठाकुर, डॉ श्रद्धा सिंह, शिवम सिंह आदि रहे।

## गरीब का पराठा और ब्यूरोक्रेसी को संदेश

कभी-कभी बहुत मामूली सी बातें न केवल हर कहीं चर्चा का विषय बन जाती हैं बल्कि इतनी भावुक और प्रभावी कर जाती हैं कि पूछिए मत। लेकिन जब मामला विनम्रता, सहजता और गरीब की पोटली में बंधे पराठे खुलवा कर एक टुकड़ा खाने का हो तो दिल को छू ही जाएगी। उसमें भी यदि जिला कलेक्टर और फरियादी का हो तो हर कहीं उदाहरण और चर्चा का विषय बनेगा ही। ऐसा ही एक वाकया उत्तर प्रदेश के औरेया जिले का है जो पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। जहां अपने रुतबे और ठसक के लिए आईएएस-आईपीएस पहचाने जाते हैं वहीं औरेया कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी की इससे विपरीत प्रशंसा हो रही है। हो भी क्यों न उनके दफ्तर में डरा-सहमा सा एक ग्रामीण मजदूर अपनी फरियाद लेकर बहुत दूर से आया। दफ्तर में घुसते ही वहां का माहौल उसे असहज कर, घबरा रहा था। लेकिन तुरंत कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उसकी मनोदशा भांपी, पूछा कि घर वापस पहुंचने में देर हो जाएगी तो रास्ते में भूख का क्या इंतजाम है? भोले-भाले मजदूर ने हाथ में रखे झोले से पोटली निकाल डरते-डरते दिखाते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने कुछ पराठे बांध दिए हैं। इतना सुनते हुए त्रिपाठी ने कहा कि मैं तुम्हारा काम तभी करूंगा जब तुम मुझे अपना पराठा खिलाओगे! यह सुनते ही मैले-कुचैले कपड़े पहना फरियादी असमंजस में पड़ गया और बहुत हिम्मत कर बोला मैं तो छोटा आदमी हूं, आप कहां मेरे पराठे खाएंगे? कलेक्टर त्रिपाठी ने तपाक से कहा कि छोटा-बड़ा कुछ नहीं, पराठा खिलाओगे तभी काम करूंगा। फरियादी ने बड़ी ही झिझक से शर्माते हुए घर से लाई पोटली में बंधे हुए पराठों को कलेक्टर के सामने खोला और दे दिया। उसमें से एक टुकड़ा लेकर कलेक्टर ने खाना शुरू कर दिया। यह देख उनके साथ बैठे सभी मातहत भी अवाक और हक्का-बक्का रह गए। बाद में फरियादी के घर पर जिला प्रशासन की टीम पहुंची। वहां पता चला कि उसके बड़े भाई लकवाग्रस्त हैं। उनके इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। इसलिए वह अपने हिस्से की जमीन बेचकर भाई का इलाज कराना चाहता है। जमीन बेचने की बात पर तीन भाइयों में विवाद है। प्रशासनिक अमले ने तीनों को साथ बिठाकर बात कराई। भाई के इलाज के लिए सरकारी मदद की प्रक्रिया भी शुरू कर दी और सभी के आपसी गिले-शिकवे दूर हो गए। फरियादी समस्या के समाधान से ज्यादा इसलिए बेहद खुश और भावुक था कि इतने बड़े अधिकारी ने इतना आत्मीय व्यवहार कर उसके पराठे खाए। यकीनन यह घटना कल्पना से परे है। ऐसे नजारे देश में गिने-चुने ही हुए होंगे। जिला, संभाग, तहसील तथा हर सरकारी दफ्तर के अधिकारी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। लगभग हर कहीं एक तय दिन पर जन सुनवाई, जनता दर्शन जैसे विभिन्न नामों से सरकार की ओर से दरबार लगते हैं। दूरदराज से ज्यादातर ग्रामीण व ऐसे लोग जिनकी कोई राजनीतिक पकड़ या जुगाड़ नहीं होती, सीधे अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लेकिन एक बड़ी हकीकत यह भी कि कितने मामले निराकृत होते हैं या लोगों को संतुष्ट करते हैं, सब जानते हैं। कई जगह तो ठीक से फरियाद तक नहीं सुने जाने की सच्चाई भी सामने आती है। अधिकतर अधिकारी निराकरण के नाम पर महज खानापूर्ति करते हैं। सीएम हेल्पलाइन जैसी सुविधा भी कुछ राज्यों में है। फोन पर आमजनों से शिकायत लेकर पंजीकरण होता है। जिसे संबंधित जिले, फिर विभाग को भेजा जाता है।

# अर्थव्यवस्था में भारत ऊंची छलांग लगाने को तैयार

**प्रहलाद सबनानी**



**आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। दरअसल, इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ओईसीडी देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है।**

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है। अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग दो वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। दरअसल, इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ओईसीडी देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निर्माता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है। अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है।

अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है। जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद्द तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाइयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाइयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है। एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है।

## विचार

# डिजिटली चुनाव प्रचार, शक्तिशाली हथियार

**प्रियंका सौरभ**




गूगल विज्ञापन पारदर्शिता केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, राजनीतिक दलों एवं उनके सहयोगियों ने पहली जनवरी से 10 अप्रैल के बीच अकेले गूगल के विज्ञापनों पर लगभग 117 करोड़ रुपये खर्च किये। डिजिटल अभियान खर्च में यह वृद्धि चुनावों में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है, जबकि राजनीतिक दलों के बीच कंटेंट विनियमन तथा निष्पक्षता के बारे में चिंता बढ़ाती है। अब चुनाव में डिजिटल अभियान एक शक्तिशाली उपकरण बन गया है। मतदाताओं तक इसकी व्यापक पहुंच है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों सहित लाखों मतदाताओं तक पहुंचने की अभूतपूर्व क्षमता प्रदान करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी जनसांख्यिकीय अभियान से वंचित न रह जाए। वर्ष 2019 के चुनाव के दौरान व्हाट्स ऐप के व्यापक उपयोग ने राजनीतिक दलों को पूरे भारत में ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ने में मदद की। इससे चुनाव परिणाम काफी हद तक प्रभावित हुए। डिजिटल अभियान पारंपरिक मीडिया की तुलना में कहीं अधिक किफायती है, जिससे सीमित बजट वाले छोटे लोगों को भी प्रतिस्पर्धा करने एवं मतदाताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचने की अनुमति मिलती है। वर्ष 2015 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की डिजिटल रणनीति बड़ी पार्टियों की तुलना में न्यूनतम खर्च के बावजूद सफल साबित हुई।

डेटा एनालिटिक्स पार्टियों को विशिष्ट मतदाता वर्गों के लिए अनुरूपित संदेश बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके मूल्यों एवं चिंताओं से मेल खाने वाले संदेशों के साथ सही दर्शकों तक पहुंचने की संभावना में सुधार होता है। ब्रेक्सिट सहित वैश्विक चुनावों के दौरान कैम्ब्रिज एनालिटिका की सूक्ष्म-लक्ष्यीकरण रणनीतियों ने दिखाया है कि कैसे लक्षित डिजिटल संदेश मतदाता व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। सोशल मीडिया मतदाताओं के साथ वास्तविक समय पर बातचीत करने में सक्षम बनाता है, जिससे राजनीतिक नेताओं को चिंताओं को तेजी से संबोधित करने, जनता की राय को आकार देने एवं तत्काल प्रतिक्रिया के आधार पर अभियान रणनीतियों को समायोजित करने की अनुमति मिलती है। प्रधानमंत्री की सक्रिय हैंडल (पुराना नाम ट्विटर) उपस्थिति ने उन्हें अपने पूरे राजनीतिक जीवन में मतदाताओं के साथ सीधा एवं निरंतर संवाद बनाए रखने की अनुमति दी है। डिजिटल प्लेटफॉर्म विशेष रूप से सोशल मीडिया और युवा मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होते हैं, जो राजनीतिक कंटेंट का ऑनलाइन उपभोग करने की अधिक संभावना रखते हैं, जिससे महत्वपूर्ण मतदाता आधार के साथ प्रभावी जुड़ाव सुनिश्चित होता है। वर्ष 2024 के चुनाव में राजनीतिक दलों की इंस्टाग्राम रणनीति विशेष रूप से युवा मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए डिजाइन की गई थी। डिजिटल अभियान, जब जिम्मेदारी से उपयोग किए जाते हैं, तो मतदाताओं को सीधे नीतियों के बारे में सूचित करके, उन्हें सूचित विकल्प चुनने में मदद करके एवं समग्र चुनावी भागीदारी को बढ़ाकर अधिक पारदर्शिता प्रदान कर सकते हैं। वर्ष 2020 के अमेरिकी चुनाव के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के डिजिटल टाउन हॉल ने महामारी प्रतिबंधों के बावजूद मतदाताओं को उनके साथ सीधे बातचीत करने की अनुमति दी।


आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म अकसर बड़े बजट वाले दलों के विज्ञापनों को अधिक दृश्यता देकर उनका पक्ष लेते हैं, अभियान को अमीर राजनीतिक संस्थाओं के पक्ष में झुकाते हैं, जिससे चुनावी निष्पक्षता कम हो जाती है। गूगल के विज्ञापन वैश्विक चुनाव के दौरान उच्च-बजट वाली पार्टियों के पक्ष में पाए गए, जिससे उन्हें मतदाता पहुंच में लाभ मिला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक विचारों का ध्रुवीकरण हो सकता है एवं अधिक खंडित तथा शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे रचनात्मक बहस कम हो सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विभाजनकारी कंटेंट को बढ़ा सकते हैं, जिससे राजनीतिक ध्रुवीकरण बढ़ सकता है एवं अधिक खंडित, शत्रुतापूर्ण चुनावी माहौल बन सकता है, जो रचनात्मक बहस को कम कर देता है। 2019 में फेसबुक विज्ञापनों पर राष्ट्रीय पार्टियों का भारी खर्च छोटे क्षेत्रीय दलों के बजट से कहीं अधिक हो गया। डार्क विज्ञापनों एवं अत्यधिक लक्षित राजनीतिक संदेशों के उपयोग से नियामकों तथा जनता के लिए यह ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है कि विशिष्ट मतदाता समूहों को कौन सी जानकारी प्रसारित की जा रही है, जिससे पारदर्शिता कम हो जाती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म अकसर पर्याप्त तथ्य-जांच उपायों को लागू करने में विफल रहते हैं, जिससे झूठे दावे जारी रहते हैं एवं संभावित रूप से गलत या जानबूझकर हेरफेर की गई जानकारी के साथ मतदाताओं को गुमराह किया जाता है। भारत के वर्ष 2019 चुनाव के दौरान ऐसा हो चुका है। कैम्ब्रिज एनालिटिका ने इसका खुलासा किया।

# दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री आतिशी

दिल्ली के हुक्म के खिलाफ श्रीनगर ऊधमपुर की बगावत प्रधानमंत्री के अभद्र भाषण पर अग्नि परीक्षा में खरा नहीं उतरा चुनाव आयोग दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में अब मुख्यमंत्री पद का दायित्व आतिशी संभालेंगी। 2020 में पहली बार विधायक बनीं आतिशी महज चार सालों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी, इसका अनुमान किसी को भी नहीं था, खुद आतिशी ने भी इस पद के बारे में कभी सोचा नहीं होगा। क्योंकि दिल्ली की सत्ता में आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा शुरु से अरविंद केजरीवाल ही रहे हैं, और आगे भी रहेंगे। उनके इस अघोषित दावे को चुनौती देने वाला पार्टी में कोई नहीं है और जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व और पार्टी पर पकड़ से तकलीफ थी, वे पहले ही अलग हो चुके हैं।

बहरहाल, बीते वक्त में दिल्ली की सियासत में काफी उलटफेर हुई। अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित घोटाले के आरोप में मार्च 2024 में ईडी ने गिरफ्तार किया, ईडी की गिरफ्तारी में जमानत मिली तो जून में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। इसी 13 सितंबर को श्री केजरीवाल को फिर जमानत मिली। इसके बाद सभी को अनुमान था कि वे हरियाणा चुनाव के प्रचार में जुटेंगे, लेकिन इससे पहले अपना इस्तीफा देकर उन्होंने सभी को चौंका दिया। अरविंद केजरीवाल के हटने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई नाम सामने आए। सुनीता केजरीवाल का नाम तो था ही, इसके अलावा कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, आतिशी जैसे तमाम मंत्रियों का नाम भी सामने आ रहा था। जिसमें बाजी आतिशी के हाथ लगी। हालांकि आतिशी ने विधायक दल का नेता चुने के बाद साफ कर दिया है कि वे अरविंद केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने खुद को बधाई दिए जाने से मना कर दिया कि यह दुख का अवसर है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद छोड़ रहे हैं। अब आतिशी बधाई स्वीकार करें या न करें, लेकिन आधिकारिक तौर पर अब उनका नाम देश के मुख्यमंत्रियों की सूची में शामिल हो रहा है। आतिशी देश की महिला मुख्यमंत्रियों की अनूठी सूची में अब दर्ज हो रही हैं। खास बात यह है कि दिल्ली को अब तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिली है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री होंगी।

## महामानव



सहर हुई पर आज मन का दरीचा धुंधला सा गया था,
उलझनों की रात की अंगुलियों थामे रात भी गुजरी थी,
ये सोचने में कि आखिर रचने लिखने की सार्थकता आखिर किसमें है।
उतराने लगे अनगिनत चरित्र फिर राम, कृष्ण, तथागत जैसे अंतश्चेतना में,
सहसा कौंधने लगते हैं विचार
कि कितना कुछ तो लिखा जा चुका है अनादि से आदि तक,
फिर चेतना करवट लेती है तो उभरता है इक मानव,
जिसमें आदमियत है, जो संघर्ष को मथकर चखता है मानवीयता का नवनीत,
जो महकता फूल सा नहीं, लौह शलाका सा दिखता है,
जो अन्याय के दंभ को मसलकर बसाना चाहता है एक शहर,
जिसमें बसने वालों में नदियों के गीत हों न हों पर हिमालय सा अटल भाव हो,
जो नितांत अव्यक्त होकर भी पारदर्शी हो,
जो चेतना के मानवीय मूल्यों के अतुल्य गान का उद्गाता हो,
हां वही है लेखनी की स्याही का आकर्षण,
हाँ .......वही है सही अर्थों में महामानव।

*प्रज्ञेन्दु*



## राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**बृषभ:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# स्क्रीन टाइम पर कड़ा प्रहार करने की जरूरत

**राकेश दुबे**



**पिछले दिनों एक खबर आई कि गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन स्थित आईपी-आधारित गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स को 228 करोड़ रुपये में खरीदने का ऐलान किया है। इस बारे में कंपनी की तरफ से बयान आया, 'हम एक आईपी आधारित वैश्विक गेमिंग व्यवसाय बनाने में बड़ा अवसर देखते हैं, जिसे भारत में हमारे मुख्य आधार से लाभ मिलेगा।' माना जाता है, इस वक्त ऑनलाइन गेम्स का कारोबार करीब 2340 करोड़ रुपयों का है। दिन-प्रतिदिन नए-नए गेम्स आ रहे हैं। कंपनियों की ओर से रिसर्च करवाई जाती हैं और जैसा ट्रेंड या पसंद उनके सामने आती है उसी तरह का सॉफ्टवेयर डेवलप कर नये गेम्स बनाए जाते हैं। यूं तो हर वर्ग के लोगों को अपने स्क्रीन टाइम, यानी कितनी देर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप, डेस्कटॉप पर लगे हैं, पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन बच्चों के मामले में ज्यादा सतर्कता चाहिये।**

ऑनलाइन गेम्स अर्थात् मारधाड़, तनाव आदि । जीत का अजीबोगरीब जुनून। न खाने-पीने की सुध और न ही समय का ध्यान। ऐसे गेम्स जिनमें बच्चे, किशोर और युवा डूबे रहते हैं। कभी-कभी तो अधेड़ उम्र के लोगों या बुजुर्गों का भी इन गेम्स में लगाव देखा जाता है। इन गेम्स के कारण हो रहे हादसों से कौन नहीं वाकिफ है। टारगेट इतना खौफनाक होता है कि रूह कांप जाये। कई देशों ने इसीलिए इन पर प्रतिबंध भी लगाया। इस चिंताजनक स्थिति के बीच अब कुछ सुखद चीजें भी सामने आ रही हैं। यानी ऑनलाइन गेम्स एक पक्ष एकदम स्याह ही नहीं, कुछ श्वेत भी है और यह श्वेत पक्ष इस कदर धीरे-धीरे धवल हो रहा है कि नयी पीढ़ी को मानो पुरानी कविता की उन खूबसूरत पंक्तियों की मानिंद संदेश दे रहा हो, 'नर हो न निराश करो मन को, कुछ काम करो, कुछ काम करो।'

असल में तनाव पैदा करने वाले ऑनलाइन गेम्स के बीच ही अनेक ऐसे खेल भी अब आ रहे हैं जो बहुत कूल हैं। कोई फिक्स टारगेट नहीं। बैकग्राउंड में शांत सा म्यूजिक चल रहा है, आप एक वस्तु को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। साथ में हैं पहाड़, पेड़, नदियां। उसी तरह जैसे गूगल मैप पर आप डेस्टीनेशन लगाते हैं, गलत मुड़ गए तो वह आपको परेशान नहीं करता, री-रूटिंग कर देता है। एक मोड़ गलत मुड़ गए हो तो आगे से रास्ता मिल जाएगा। हालांकि कूल गेम्स भी बाजार का ही नया रूप है, इसमें भी उलझने का उतना ही खतरा बरकरार है, लेकिन कम भयावह। ऐसे ज्यादातर गेम्स में टारगेट नहीं हैं। हिंसा नहीं है। अलग-अलग तरह के इन गेम्स में किसी में समूह में खेलने का नियम है और किसी में एकल तौर पर। अब कई गेम्स तनाव कम करने के लिए बनाये जाने लगे हैं। घरों में बच्चे कभी-कभी अपने बड़ों तक को सलाह दे डालते हैं कि इस गेम को डाउनलोड कर लीजिए, कुछ देर खेलिए आनंद आएगा। ऐसे ही गेम का ही एक प्रारूप है जिसमें अगर आपने गूगल खोला, अगर इंटरनेट नहीं चल रहा हो तो वह आपको कूल रहने की सीख देता है। एक आइकन सामने आ जाएगा। आप उसको आगे बढ़ाते रहिए। छोटे-छोटे टारगेट आएंगे। नेटवर्क आते ही वह गेम खत्म हो जाएगा। हालांकि अच्छी प्रैक्टिस नहीं है तो यह गेम भी झुंझलाहट पैदा कर सकता है। बात करें विभिन्न गेम्स की तो उनमें से कुछ हिंसक हैं, मसलन-मॉर्टल कॉम्बेट, कॉल ऑफ ड्यूटी, पबजी, फ्री फायर आदि। इसी तरह कुछ कूल गेम्स हैं जैसे, पियानो किड्स,ट्रक गेम्स फॉर किड्स, यूनिकॉर्न शेफ, ड्रेसअप, कलरिंग एंड लर्न, लिटिल पांडा, चिल्ड्रेन्स डॉक्टर, द घोस्ट पेपर चेंज, ऑल्टो एडवेंचर, कास्टिंग अवे सिनामोन चैलेंज, आइस एंड सॉल्ट चैलेंज या कुछ हद तक ब्रेन डॉट्स, कैंडी क्रश।

पिछले दिनों एक खबर आई कि गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन स्थित आईपी-आधारित गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स को 228 करोड़ रुपये में खरीदने का ऐलान किया है। इस बारे में कंपनी की तरफ से बयान आया, 'हम एक आईपी आधारित वैश्विक गेमिंग व्यवसाय बनाने में बड़ा अवसर देखते हैं, जिसे भारत में हमारे मुख्य आधार से लाभ मिलेगा।' माना जाता है, इस वक्त ऑनलाइन गेम्स का कारोबार करीब 2340 करोड़ रुपयों का है। दिन-प्रतिदिन नए-नए गेम्स आ रहे हैं। कंपनियों की ओर से रिसर्च करवाई जाती हैं और जैसा ट्रेंड या पसंद उनके सामने आती है उसी तरह का सॉफ्टवेयर डेवलप कर नये गेम्स बनाए जाते हैं। यूं तो हर वर्ग के लोगों को अपने स्क्रीन टाइम, यानी कितनी देर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप, डेस्कटॉप पर लगे हैं, पर ध्यान देना चाहिए, लेकिन बच्चों के मामले में ज्यादा सतर्कता चाहिये।

बेशक कोविड के बाद बच्चों के स्क्रीन टाइम में इजाफा हुआ है। यह जरूरत भी बन गया है, लेकिन फिर भी इसे लिमिटेड करना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, स्क्रीन टाइम बच्चों को सीखने, रचनात्मकता विकसित करने और सामाजिक संपर्क बढ़ाने में मदद करता है, लेकिन बहुत अधिक स्क्रीन टाइम नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। एक शोध के मुताबिक, दो से पांच साल के बच्चों के लिए एक घंटे से ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं होना चाहिए, पांच से 17 वर्ष तक स्कूल के काम के अलावा दो घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम नहीं हो। लेकिन ज्यादातर मामलों में इस समयसीमा की अवहेलना ही होती है। जानकार कहते हैं, अधिक स्क्रीन टाइम वाले बच्चों में बिना सोचे-समझे खाने और अधिक खाने की आशंका होती है। जब बच्चे स्क्रीन पर होते हैं, तो वे अपने मस्तिष्क से पेट भर जाने के संकेतों को ग्रहण करने से चूक सकते हैं,कई बच्चे जंक फूड खाना पसंद करते हैं। ऐसे में कई विकार पनपने की आशंका रहती है। अमेरिका, आयरलैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस के बाद हाल ही में स्वीडन ने भी स्क्रीन टाइम के लिए सख्त परामर्श जारी किया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# रोडवेज बस ने पीआरवी वाहन में मारी टक्कर, कांस्टेबल की मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में तेज रफ्तार के कारण हो रहे सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देर रात तेज रफ्तार रोडवेज बस ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पीआरवी वाहन में टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी की पीआरवी वाहन एक दुकान की शटर तोड़ कर अंदर घुस गया वहीं टक्कर से पीआरवी वाहन में तैनात एक कांस्टेबल की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद तेज रफ्तार रोडवेज बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, सीओ दीपक दुबे सहित थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां तैनात डॉक्टर ने एक कांस्टेबल को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि दो अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

दरअसल घटना कबरई थाना व कस्बा क्षेत्र के चंद्रावल मोड़ के पास की है जहां कानपुर की ओर से महोबा की तरफ आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क किनारे खड़े यूपी 112 के पीआरवी वाहन संख्या यूपी-32-डी-जी-6329 स्कॉर्पियो कार में अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि टक्कर के बाद पीआरवी वाहन दुकान में घुस गया हादसे के बाद बस चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया।

घटना की सूचना पर पहुँची कबरई थाना पुलिस द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरांत एक कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया



हादसे में दो अन्य घायल

जबकि दो अन्य घायल कांस्टेबलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि कानपुर की ओर से महोबा की तरफ आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने कबरई थाना व कस्बा क्षेत्र के चंद्रावल मोड़ के पास ड्यूटी में तैनात यूपी पुलिस के पीआरवी वाहन संख्या यूपी-32-डी-जी-6329 स्कॉर्पियो कार में टक्कर मार दी हादसे में ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल बेचनलाल, पायलट हेड कांस्टेबल अब्दुल हक एवं सब कमांडर कांस्टेबल सुभाष चंद्र घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पहुंची कबरई थाना पुलिस द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने कांस्टेबल सुभाष चंद्र पुत्र प्यारेलाल निवासी मोहल्ला गांधीनगर तिर्वा जनपद कन्नौज को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि हेड कांस्टेबल अब्दुल हक और हेड कांस्टेबल बेचन लाल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस कांस्टेबल की मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं सीओ सदर दीपक दुबे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित थाना अध्यक्ष को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### हादसे में मृतक आरक्षी को दी श्रद्धांजलि



बीती रात्रि जिले के थाना कबरई क्षेत्र में संचालित डायल-112 पीआरवी वाहन संख्या UP 32DG 6329 में तैनात 2019 बैच के आरक्षी सुभाष चन्द्र पुत्र प्यारे लाल निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज पीएन0ओ0-192560623 की ड्यूटी के दौरान रोडवेज बस से एक्सीडेंट होने पर दुःखद मृत्यु हो जाने पर आज पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल एवं महोबा पुलिस परिवार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आरक्षी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल सहित अन्य अधि0/कर्म0 द्वारा मौन धारण कर सलामी देकर शोक संवेदना व्यक्त की गयी एवं पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान सहित ससशस्त्र गार्द के साथ उनके गृह जनपद कन्नौज भेजा गया। उक्त आरक्षी की असमय मृत्यु से समस्त महोबा पुलिस परिवार गममीन है, दिवंगत आरक्षी के परिजनों/प्रियजनों के संबल हेतु हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा दिवंगत आरक्षी के परिजनों से वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्ति की गई है एवं परिजनों को पुलिस परिवार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, पीआरओ अरविन्द सिंह गौर सहित महोबा पुलिस परिवार के अधि./कर्म. सहित दिवंगत आरक्षी के परिजन मौजूद रहे।

# दुर्घटना में मृतक भाजपा नेता के पास से मोबाइल अंगूठी व चेन निकालने वाले तीन गिरफ्तार



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

दिनांक 16 सितंबर 2024 की रात्रि करीब 23.30 बजे जनपद महोबा के थाना चरखारी क्षेत्रअन्तर्गत संचालित पीआरवी को एक्सीडेंट का एक इवेन्ट प्राप्त हुआ, जिस पर पीआरवी द्वारा घायल व्यक्ति को उपचार हेतु जिला अस्पताल महोबा लाया गया, जहां उपचार के दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। प्रकरण में मृतक बी जे पी नेता के परिजनों द्वारा लूट व हत्या की आशंका व्यक्त की गई जिस पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चरखारी में मु.अ.सं. 216/24 धारा 103(1)/309(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा इस घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया एवं घटना की गम्भीरता से जांच व घटना का सफल अनावरण किये जाने के लिये जनपद स्तर पर 04 टीमों का गठन किया गया था।

मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही के पश्चात मृतक के शव का शांतिपूर्ण अंतिम संस्कार किया जा चुका है। गठित चारों टीमो के अथक प्रयासों से घटना का सफल अनावरण किया गया है, जिसमें संज्ञान में आया है कि पी0आर0वी0 में नियुक्त कांस्टेबल जिसका नाम नीलकमल था जो अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर मृतक के पास उपलब्ध 02 एंड्राइड मोबाइल, 04 अंगूठी व 01 चेन को निकाल ली थी। इन 03 नफर अभियुक्तों में उमेशचन्द्र गुप्ता पुत्र स्व.रमेशचन्द्र गुप्ता निवासी मु0 मगरियापुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा, जवाहर पाटकार पुत्र स्व. मुकुंदलाल निवासी मु0 जुगियानापुरा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा व नीलकमल राय पुत्र सुशील कुमार राय निवासी मुफ्तीगंज थाना केराकत जनपद जौनपुर को पुलिस हिरासत में लिया गया है। तीनों अभियुक्तगणों से गहनता से पूछताछ कर शतप्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है। उपरोक्त अभियोग में अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना हाजा पर आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट कर महिला को घर से निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली के बसेला गांव निवासी कल्पना प्रजापति पुत्री लखनलाल ने बताया कि उसकी शादी 18 फरवरी 2018 को जनपद महोबा के पनवाड़ी थाना अंतर्गत रिछा गांव निवासी पुनीत कुमार प्रजापति पुत्र हजारीलाल के साथ संपन्न हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने तीन लाख रुपए नगदए बाइकए 3 लाख के जेवरात और दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। अतिरिक्त दो लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। बताया कि 6 मार्च 2019 को उसने एक पुत्री को जन्म दिया। 27 अप्रैल 2019 को पतिए सास ललतिया ससुर हजारीलाल जेठ पंकज जेठानी आराधना ननंद ज्योति सविता ने मिलकर दहेज की मांग को लेकर व पुत्री को जन्म देने पर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर ससुरालियों ने मारपीट कर धक्के मारकर घर से निकाल दिया। वह अपने मायके में पिता के पास रह रही हैं। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### स्वच्छता की दिलाई शपथ

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।** जनपद के कुलपहाड़ नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने एक कदम स्वच्छता की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत सफाईकर्मियों व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई है। शपथ दिलाते हुए अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि हमारा कर्तव्य गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करना है। 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने सफाई कर्मियों व कर्मचारियों को एक कदम स्वच्छता की ओर की शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें, स्वच्छता के प्रति सजग रहें, हर सप्ताह में दो घंटे श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लें, न गंदगी करूंगा न करने दूंगा, सबसे पहले स्वयं, परिवार, मुहल्ले, गांव, कार्य स्थल से शुरूआत करे साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करना ही हम सब का प्रमुख मकसद है।

### भंडारा व जागरण का हुआ आयोजन

**कबरई /महोबा, समृद्धि न्यूज।** कबरई कस्बे में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सुबह भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना के बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई ।शोभायात्रा मां पंचपहाड़ी से शुरू हुई जो शहीद भगत सिंह तिराहा, बस स्टैण्ड,चंद्रावल रोड से वापस कलशाहा बाबा धाम में समाप्त हुई वही दोपहर से शुरू हुआ विशाल भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया बुधवार की सुबह 10 बजे से कानपुर से आई जागरण पार्टी के द्वारा जागरण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर मुन्नीलाल विश्वकर्मा,प्रमोद विश्वकर्मा,राहुल विश्वकर्मा,जीतू विश्वकर्मा,विजयपाल विश्वकर्मा,बापू विश्वकर्मा,विक्रम विश्वकर्मा सहित सैकड़ों विश्वकर्मा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बरसात में मकान ध्वस्त, वृद्ध बाल-बाल बचा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम खढ़ेही में बीती रात हुई जोरदार बारिश के दौरान एक घर धराशाई होने से एक वृद्ध बाल बाल बच गया। इस घटना से में एक लाख से अधिक के नुकसान होने की संभावना है। थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम खड़ेही निवासी रामबाबू पुत्र राम आसरे मंगलवार की रात अपने परिवार सहित खाना खा पीकर घर में सो गया तभी हो रही जोरदार बारिश के कारण उसका घर भरभरा कर धराशाई हो गया जिससे वहां सो रहा उसका पिता रामआसरे बाल बाल बच गया। इस घटना में एक लाख से अधिक की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### भट्ठा मालिक ने मजदूर को पीट-पीट कर किया घायल, एसपी से शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भट्ठा मालिक ने पुलिस की मदद से मजदूर को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया जिसके बाद पीड़ित मजदूर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर उपरोक्त पुलिस कर्मियों समेत भट्ठा मालिक के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी गांव निवासी रामप्रकाश पुत्र रामपाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 11 सितंबर को जब वह अपने स्वयं के घर में था तभी मध्यप्रदेश के भिंड जिले का रहने वाला भट्ठा मालिक अजब सिंह चौहान सिसोलर थाना से पुलिसकर्मी चंद्रपाल यादव समेत अन्य लोगों को साथ लेकर उसके घर आया और भट्ठा में काम करने का दबाव बनाने लगा तभी पीड़ित द्वारा काम करने से मना करने पर पुलिस वालों की मदद से सिसोलर थाने ले जाकर उसके जेब में पड़े पैसे निकालने के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है तथा खाली कागज पर हस्ताक्षर भी कराने का आरोप पीड़ित ने लगाया है। जिसके चलते पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर घटना में शामिल पुलिस कर्मियों समेत भट्ठा मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस कर्मियों पर इस तरीके के आरोप समय.समय पर लगते रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर कभी नामित आरोपियों पर कार्यवाही नहीं की गई जिससे ऐसे लोभी पुलिसकर्मियों के हौंसले बुलंद हैं तथा चंद पैसों के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम देना उनकी फितरत में शामिल हो गई है लेकिन जांच के नाम पर परिणाम शून्य रहा है जिससे भ्रष्टाचार में भी बढ़ोतरी हो रही है।

# बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं समन्वयक समिति की बैठक संपन्न

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी)एवं जिला समन्वयक समिति (डीसीसी) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रकार की सरकारी ऋण योजनाओं, एनपीए की स्थिति, एनपीए में जारी आरसी वसूली, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन ,प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना,मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, वित्तीय समावेशन, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, एफपीओ आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है वे इसमे सुधार करें तथा सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जाय। उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण आदि का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाए, इसमें जितने आवेदन पत्र लंबित हैं उनका संबंधित बैंक तत्काल निस्तारित कराएं। कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं उनका निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरण कराए।

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जो भी आवेदन पत्र लंबित है उनका शीघ्रता से निस्तारण कराए। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित बैंकर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने नष्ट हुई फसलों का किया निरीक्षण, मुआवजे का दिया आश्वासन



**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

बीती रात क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से किसानों की खराब थसल का विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने खेतों पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से मिल किसानों को फसल का मुआवजा दिलाए जाने की बात कही।

विधायक श्रीमती मनीषा अनुरागी ने बताया कि बीती रात से सुबह तक हुई मूसलाधार बारिश से उनके क्षेत्र के किसानों की सैकड़ो एकड़ भूमि में खड़ी खरीफ की फसल पूरी बर्बाद हो गई है। जिस पर बुधवार को उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयंती राजपूत के साथ क्षेत्र के ममनाए पुरैनीए बीलपुरए रहांटियाए मसीदन सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के किसानों के खेतों का स्थल निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने किसानों को मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी बर्बाद हुई खरीफ की फसल का मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि बरसात से कई गांवों में कच्चे मकान भी गिरगये है जिससे लोग बेहद दुखी है,इधर दो दिन से होरही बरसात से फसले भी खराब होना शुरु हो गयी है।

### नगर पालिका ने शिकायत पर मोहाल के हटाये ब्रेकर



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अवैध रूप से बनाये गए एक मोहल्ला में स्पीड ब्रेकर हटाये जाने की तहसील दिवस में में कई गई शिकायत पर पालिका द्वारा स्पीड ब्रेकर हटवाए गए हैं। इससे लोगो ने राहत की सांस ली है। इस ब्रेकर में तमाम लोग गिर कर घायलहो चुके है। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला हैदरिया में पालिका द्वारा आर सीसी का निर्माण कार्य कराया गया था जिस पर मोहल्ले के कुछ दबंग लोगों ने अवैध रूप से खड़े ईंट का ब्रेकर बना दिया था जिसकी चपेट में आकर कई लोग गिर चुके थे जिसकी शिकायत मोहल्ले के ही उमराव चौधरी ने तहसील दिवस में कर बिना परमीशन व मानक विहीन बनाये गए स्पीड ब्रेकर को हटाए जाने की मांग की थी जिसको संज्ञान में लेते हुये मंगलवार को नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा हटाया गया है जिससे मोहल्ला वासियों ने पालिका की सराहना की है। मोहाल के लोगो का कहना है कि ब्रेकर से न केवल लोग चुटहिल होते थे बल्कि वाहन चालक रात में ब्रेकर न देख पाने के कारण बाइक से गिरकर घायल लो जाते थे पालिका ने मामले को संज्ञान में लेकर इसे ध्वस्त कराया है। जिससे लोगोने राहत की सांस ली है।

# तंबाखू मिश्रित गुटखा माफियाओं के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहे खाकी के हाथ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में लंबे समय से तंबाकू मिश्रित गुटखा के अवैध व्यापार में लिप्त गुटखा माफियाओं पर कार्यवाही की तलवार नहीं लटकी है जिसके चलते शहर सहित कुलपहाड़ सर्किल के जैतपुर, कुलपहाड़, पनवाड़ी,अजनर में तंबाकू मिश्रित गुटखा माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से बाजारों में तंबाखू मिश्रित गुटखा की बड़ी खेप भेज कर युवाओं को फिर से तंबाकू मिश्रित गुटके का लती बनाने के साथ साथ सेहत से भी खिलवाड़ किया जा रहा है इस अवैध व्यापार से गुटखा माफिया युवा पीढ़ी के जीवन से खिलवाड़ कर मालामाल हो रहे है। बता दें कि बीते साल स्वाट और सर्विलेंस की टीम ने मुख्यालय से भारी मात्रा में प्रतिबंधित जहरीले गुटके की खेप सहित गुटखा बनाने के उपकरण के साथ कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था इस कार्यवाही से अन्य अवैध कार्य करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया था सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने जिन अवैध गुटखा कारोबारी को जेल भेजा था वह गुटखा कारोबारी जेल से छूटने के बाद पूरी तरीके से दोगुनी ताकत के साथ बाजारों में सक्रिय होकर प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री पर जोर दिए हुए हैं। शहर के जारीगंज मुन्ना चौराहा शेखुनगर,समद नगर मोहल्ले में प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटका से संबंधित कारोबारी पूरी तरीके से अपने पैर जमा चुके हैं तो वहीं कुलपहाड़ सर्किल के पनवाड़ी,जैतपुर और अजनर में संबंधित विभाग और खाकी द्वारा अवैध गुटखा कारोबार में किसी प्रकार की कोई लगाम लगाने में दिलचस्वीं नही दिखाई जा रही है। जानकारी के मुताबिक महोबा जनपद के पड़ोसी जनपद मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से गुटका माफियाओं द्वारा गुटके की बड़ी खेप रात के अंधेरे में लाई जा रही है जिसको धड़ल्ले से कुलपहाड़ सर्किल के संबंधित क्षेत्र में एवम् महोबा शहर के कई जगह पर बिक्री कराया जा रहा है ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को जिले में चल रहे इस अवैध प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटखा की जानकारी नहीं है लेकिन आश्चर्य की बात है कि गुटखा माफियाओं की पकड़ और इस अवैध कारोबार के तार इतने लंबे है कि संबंधित विभाग और खाकी द्वारा इस अवैध कारोबार को बंद कराने में किसी प्रकार की कोई दिलचस्वीं नही दिखाई जा रही है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है सूत्र बताते हैं कि पनवाड़ी थाने में तैनात कुछ खाकीधारियो से गुटका माफियाओं का गठजोड़ बेहद तगड़ा है जिसके चलते कुछ खाकीधारी गुटखा माफियाओं की जी हुजूरी करते हुए नजर आते हैं खाकीधारियों और गुटखा माफियाओं की यारी की तस्वीर कई बार सोशल मीडिया में भी वायरल हो चुकी है। बता दें कि देश में लगातार बढ़ती कैंसर की बीमारी की रोकथाम के लिए उच्चतम न्यायालय ने तंबाकू मिश्रित गुटके के अवैध कारोबार में पूर्ण रूप से रोक लगाई है जनपद की बात की जाए तो जनपद में कैंसर से संबंधित बीमारी के कई मामले लगातार निकाल कर सामने आ रहे हैं बावजूद इसके गुटका माफियाओ द्वारा सिंडिकेट बनाकर बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटका का अवैध व्यापार धड़ल्ले से बेखौफ होकर संचालित किया जा रहा है अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# रेलवे अंडरब्रिज में जल भराव व सड़क पर भारी वृक्ष गिरने से आवागमन बाधित

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



बीती रात्रि को झमाझम हुई वारिश से बड़े तालाब का झरना शुरू हो गया है, जिसे देखने के लिए सुबह से ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। वहीं जैतपुर रोड पर रेलवे अंडरब्रिज में जल भराव एवं सड़क पर भारी भरकम वृक्ष गिरने से आवागमन कुछ घंटे तक बंद रहा। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आवागमन चालू कराया।

बता दें कि बीती रात्रि को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश होती रही, जिससे नगर का बड़ा तालाब लबालब भरने के बाद ओवर फ्लो पानी झरने से निकलना शुरू हो गया है। जिससे लोगों में खुशी नजर आई। झरने को देखने लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ तालाब में पहुंचना शुरू हो गई थी। वहीं दूसरी ओर जैतपुर रोड स्थित रेलवे अंडरब्रिज में काफी मात्रा में पानी भरने से आवागमन ठप्प हो गया। और सड़क पर भारी भरकम पुराना वृक्ष गिरने से सड़क जाम हो गई। जिसे दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। सूचना पर पुलिस को सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया गया। और अंडरब्रिज का पानी निकासी के बाद आवागमन प्रारंभ होने से लोगों ने राहत की सांस जरूर ली। लेकिन इसी रोड पर क्रेशर के पास तेज हवा के साथ वारिश के कारण भारी भरकम वृक्ष गिरने से अंतरराज्यीय राजमार्ग कुछ घंटे के लिए बंद हो गया। जिससे चौपहिया और भारी वाहन चालकों को निकलने में काफी इंतजार करना पड़ा। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आनन-फानन में वृक्ष को काटकर रास्ते को सुगम बनाने का काम किया। तब कहीं जाकर चौपहिया व भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।


## कार्यालय- अधिशासी अभियन्ता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 1118 /EE3/GL7/24-25 दिनांक 18/09/2024

### अल्प कालीन निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 25/09/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 25/09/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्व विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत मनकामेश्वर वार्ड तथा कदम रसूल वार्ड में 04 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य। | 2100.00 | 150 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्तः**-1 निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन- 3**
**जलकल विभाग**
**नगर निगम लखनऊ**


# लापरवाही के चलते बाढ़ के पानी में बहा खाली ट्रक


**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



थाना पनवाड़ी क्षेत्र मैं हो रही 2 दिन से लगातार बारिश के चलते ग्राम बुडेरा में क्योलारी नदी का जल स्तर अचानक बढ़ने लगा वही मौके पर राजस्व विभाग की टीम के द्वारा केवलारी नदी के बुडेरा निस्वारा एवं बैदों गांव का निरीक्षण किया एवं गांव वालों एवं राहगीरों से आग्रह किया है की नदी का जलस्तर बढ़ रहा है एवं आप लोग नदी को पार ना करें एवं न ही किसी को पार करने दें वहीं प्रशासन के निर्देश के बावजूद भी एक ट्रक ड्राइवर लापरवाही के चलते खाली ट्रक ट्रक को क्योलारी नदी पुल से निकालना लगा वहीं आसपास ग्रामीणों के द्वारा ड्राइवर को काफी हद तक मना किया गया मगर ड्राइवर ने किसी की बात नहीं मानी एवं ट्रक को पुल पार कराने लगा वही नदी में तेज बहाव के चलते खाली ट्रक ट्रक तेज बहाव में डूब गया वहीं ड्राइवर एवं खलासी के द्वारा तैर कर अपनी जान बचाई वहीं मौके पर लोगों के द्वारा बताया गया कि ड्राइवर को बहुत मना किया गया मगर ड्राइवर ने किसी की बात नहीं मानी अपनी एवं खलासी की जान जोखिम में डालकर ट्रक को नदी पार कराने लगा मगर नदी में तेज बहाव होने के कारण ट्रक बह गया वहीं पास खड़े अन्य ट्रक ड्राइवर के द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी छावनी जिला हमीरपुर के बाबा विश्वनाथ ट्रांसपोर्ट की थी एवं ट्रक ड्राइवर बबलू ग्राम शीतलपुर जिला हमीरपुर उम्र 35 वर्ष एवं ट्रक क्लींजर नीरज कुमार सवार थे जो स्यौडी खदान से वारिस की बजह से खाली हमीरपुर लें जा रहे थे ड्राइवर एवं क्लीनर के द्वारा तैर कर अपनी जान बचाई।

# जलभराव से बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार की रात हुई झमाझम बारिश से कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। झमाझम बारिश से विद्युत पावर हाउस सहित सरकारी आवासए गलियों में जलभराव हो गया है। मंगलवार की शाम करीब आठ बजे से शुरू हुई बारिश पूरी हुई। झमाझम बारिश से विद्युत पावर हाउस में जलभराव हो गया। जिससे कस्बे की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। वहीं झमाझम बारिश सेए उपजिलाधिकारी आवासए सीओ आवासए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक आवास रोडवेज परिसर में पानी भर गया। जलभराव होने से सरकारी काम देर से हुए। वहीं औड़ेरा रोड चरखारी रोड भटियाना, सिकंदरपुरा, लुधियातपुरा मोहल्ले में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। लोगों ने बाल्टियों से पानी भर भर बाहर निकाला। बरसात से क्षेत्रीय लोगो का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

# बाढ़ व अतिवर्षा से नष्ट हुई फसलों का सर्वे 15 दिन में करें पूरा

- गौशालाओं को व्यवस्थित तरीके से संचालित कराने के डीएम ने दिये निर्देश
- नहरों के संचालन हेतु रोस्टर समय से जारी किया जाए




**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा अनुरूप जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसान दिवस में किसानों की समस्या एवं सुझावों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा विद्युत विभाग, नहर विभाग, नलकूप विभाग, फसल बीमा एवं अन्य से संबंधित समस्यायें बतायी गयी जिसके संबंध में संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं निस्तारण से शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में बाढ़ एवं अत्यधिक बारिश के कारण फसलों को हुई क्षति का 15 दिवस के अंदर सर्वे कराने, रबी सीजन हेतु खाद एवं बीज की ससमय पर्याप्त व्यवस्था करने, जनपद की गौशालाओं को ठीक कराने, नहरों के संचालन हेतु रोस्टर समय से जारी करने, खराब पड़े नलकूपों को ससमय सही कराने, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम एवं द्वितीय, सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, सहायक अभियंता जल निगम, जिला प्रबन्धक फसल बीमा कम्पनी सहित संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बलराम सिंह लम्बरदार, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष डा. द्विजेन्द्र सिंह, भारतीय किसान यूनियन के मण्डल उपाध्यक्ष बृजेश राजपूत, जिला प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 74वा जन्मदिवस भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा कई अस्पतालों में मरीजों को व रिक्शा चालको को फल वितरण करने के पश्चात अपने आवास पर धूमधाम के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने मोदी सरकार के 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियां के बारे में चर्चा की उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का विस्तार किया गया है जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध जनों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज अच्छे अस्पतालों में कराया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छ भारत अभियान उज्वला योजना और खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत गरीबों को मुफ्त राशन देना सहित तमाम तरह की सरकार द्वारा चलाई जा रही।

## बंदरों के आतंक से नगरवासी परेशान प्रशासन नही उठा रहा कदम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण कस्बावासी परेशान है। फिर भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

पिछले लम्बे समय से पूरे कस्बे में बंदरों का आतंक कायम है। आये दिन बंदर हमला कर लोगों को घायल कर देते हैं। इसी क्रम में बुधवार की दोपहर ब्राह्मनान वार्ड के पूर्व सभासद अयूब खान अपनी लकड़ी के ठेके पर बैठे हुए थे कि तभी बांदा ने हमला बोलकर घायल कर दिया इससे पूर्व भी नगर के लिल्हौरा वार्ड में लगभग एक पखवारे तक आतंक का पर्याय बने रहे बन्दर द्वारा दर्जनों बच्चों बूढ़ो को



काटकर घायल कर चुका था । इस मामले में शिकायत के बाद वन विभाग द्वारा हाथ खड़े कर लिए गए थे और बंदर पकड़ने के काम को नगर प्रशासन का काम बताते हुए वहां पर शिकायत करने की सलाह दी थी। बंदर के आतंक से आजिज वार्ड वासियों द्वारा सामूहिक प्रयास करके इस बंदर को अपने मोहल्ले से खदेड़ दिया गया था । आतंक के पर्याय बने बंदरों के झुंड सुबह 5 बजे से ही लोगों के घरों में आतंक मचाना शुरू कर देते हैं । छत पर फैले हुए कपड़े फाड़ देते हैं यही नहीं कमरों में घुसकर खाने पीने की वस्तुओं को भी उठा ले जाते हैं।

## जन्मदिन पर पौधे वितरित कर दिया हरियाली बढ़ाने का संदेश

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को क्षेत्र के महिमापुर गांव मे प्रयास फाउंडेशन द्वारा धरती पर हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लोगों को फलदार पौधे वितरित किये गये विदित हो बीते कई वर्षो से धरती पर हरियाली बढ़ाने की मुहीम को जन जन तक पहुंचाने वाले प्रयास फाउंडेशन के मुख्य सयोंजक आदर्श अवस्थी सोनू के जन्मदिवस के अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा माहिमापुर गांव मे पौधे वितरण करके लोगों को धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया उक्त अवसर पर बच्चों को टाफी, बिस्किट, नमकीन का वितरण करके जन्मदिवस मनाया गया कार्यक्रम के प्रभारी लवकुश प्रजापति ने बताया की प्रयास फाउंडेशन को एक नई दिशा देकर हमेशा से धरती पर हरियाली बढ़ाने का कार्य करने वाले ऐसे हमारे मुख्य सयोंजक के जन्मदिवस पर उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया है वही प्रयास व लक्ष्य फाउंडेशन के द्वारा सामूहिक रूप से पितृ पक्ष मे पूर्वजों की याद मे वृक्षारोपण का कार्य किया।

## व्यापारियों के लाइसेंस पंजीकरण का लगाया शिविर

**जैदपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



व्यापारियो की कई प्रकार की समस्याओ को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पहल करते हुए जैदपुर के बड़ी बाजार स्थित गोल मार्केट में लाइसेंस, पंजीकरण कैंप का आयोजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर अंकिता यादव नवाबगंज,पल्लवी तिवारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी फतेहपुर पवन कुमार वर्मा सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व मे किया गया।कैंप मे बड़ी संख्या मे छोटे बड़े व्यापारियो द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया।खाद्य सुरक्षा डॉक्टर अधिकारी अंकिता यादव ने बताया कि खाद्य व्यापारियो व इससे संबंधित छोटे बड़े दुकानदारो जो किसी कारणवश जिले पर न पहुंच पाने के कारण उन व्यापारियो का खाद्य लाइसेंस नहीं बन पाता और कभी-कभी जांच के दौरान उन पर कार्रवाई भी हो जाती है। ऐसे व्यापारियों की सुविधा के लिए कैंम्प लगाकर पिछले तीन दिनों से प्रचार प्रसार कराया जा रहा है।जिससे विभाग से संबंधित समस्त व्यापारियो को सूचना प्राप्त हो सके।इस संबंध में डॉक्टर अंकिता यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा से संबंधित समस्त व्यापारियो व दुकानदारो के पास खाद्य सुरक्षा लाइसेंस होना आवश्यक है।लाइसेंस न होने पर जांच के दौरान करवाई की जाएगी।उन्होने बताया की कैंप में अब तक 11 लोगो ने अनुज्ञापी व 72 लोगों ने पंजीकरण हेतु आवेदन किया है जो काफी संतोषजनक रहा।इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर अंकिता यादव,नवाबगंज खाद्य सुरक्षा अधिकारी पल्लवी तिवारी,फतेहपुर पवन कुमार वर्मा सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी,दीवेश कुमार जायसवाल अध्यक्ष केमिस्ट ग्रुप, अजमत अली बब्बूसअध्यक्ष व्यापार मंडल आदर्श,दिनेश गुप्ता उपाध्यक्ष केमिस्ट ग्रुप,श्याम कुमार जयसवाल व्यापारी नेता सहित अन्य तमाम व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया जिला रायफल क्लब का उद्घाटन

**अयोध्या।** बुधवार को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह द्वारा जिला रायफल क्लब शूटिंग रेंज का भव्य उद्घाटन किया गया।जिला रायफल क्लब शूटिंग रेंज के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि काफी वर्षो के प्रयास के बाद जिले में सरकारी शूटिंग रेंज की शुरुआत हुई है। श्री वर्मा ने बताया अब तक जिले में सरकारी शूटिंग रेंज न होने के कारण खिलाड़ियों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में जैनुल खान,देवेश कुमार पिंटू,बृजेश,जैद,सपना भारती, अजय सिंह, फिरोज, भैरो, डॉ विष्णु तथा आशुतोष पाण्डेय शामिल रहे। इस दौरान एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह, एडीएम सिटी सलिल पटेल तथा एडीएम अंशिका दीक्षित भी मौजूद रहीं जिन्हें भारतीय शूटिंग रेंज के कोच श्री वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।भारतीय शूटिंग रेंज के कोच दीपक दुबे ने भी सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## निर्धारित समय में देना चाहिए सूचना का जवाब : राज्य सूचना आयुक्त



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को अयोध्या पहुंची प्रदेश की राज्य सूचना आयुक्त सेवानिवृत आईएएस शकुन्तला गौतम की अध्यक्षता में जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों/द्वितीय अपील के लंबित प्रकरणों व आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।उन्होंने बताया कि राज्य सूचना आयोग स्तर पर जनपद अयोध्या के 23 विभागों के कुल लगभग 199 मामले लंबित/डिफाल्ट है, जिसके यथाशीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के जनसूचना अधिकारी को निर्देशित किया गया है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सभी जनसूचना अधिकारी जिस भी जनसूचना का जवाब देते है उसका सही,पूर्ण एवं बिन्दुवार विवरण बताते हुए अपने हस्ताक्षर से 30 दिनों के अन्दर उसका निस्तारण सुनिश्चित करें और यदि उसकी सूचना अपने अधीनस्थ से प्राप्त की जाती है तो उस पर अपना कवरिंग लेटर अवश्य लगायें।

## बिजली चोरों के यहां पड़ी रेड, 10 के काटे कनेक्शन चार पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जैदपुर बाराबंकी।** नींद से खुली तो बिजली विभाग की टीम घर पर देख लोगो मे हड़कम्प मच गया। अलसुबह जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र की मार्निंग रेड में 10 लोगो के बकाया बिल को लेकर कनेक्शन कटे गये। चार बिजली चोरों को पकड़कर मुकदमा दर्ज कराने के साथ पच्चीस हजार रुपए की राजस्व वसूली की गयी। जानकारी के अनुसार आलाधिकारियो के आदेश बिजली की चोरी की रोकथाम व बकाया वसूली के लिये विभागीय टीम सुबह बुधवार की मार्निंग रेड करते समय सिद्धौर , अतरौली फीडर के बीबीपुर, उसमानपुर, नारेका पुरवा मे बकाया वसूली के दौरान कुल चालीस कनेक्शन चेक किये। जिसमे दस लोगो के आधिक बकाया होने के चलते कनेक्शन को काट दिया गया? पच्चीस हजार की राजस्व वसूली की गयी। साथ ही राज बहादुर पुत्र अम्बिका प्रसाद, हिमांशु पुत्र देवकरन,जगमोहन पुत्र उजागर छंगालाल पुत्र कल्लू प्रसाद को डायरेक्ट कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज़ करवाया गया है।

## टीएलएम से मात्राओं के ज्ञान के बारे में दी जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा क्षेत्र हैदरगढ़ के प्रा0वि0 पूरे चौबे मजरे सरायरावत में मासिक शिक्षक संकुल बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ द्वारा किया गया।

प्रथम सत्र में शिक्षण के दौरान शैक्षिक चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में सहायक अध्यापक सुषमा द्वारा टीएलएम के माध्यम से बच्चों को मात्राओं का ज्ञान कैसे कराया को बहुत ही रोचक तरीके से बताया। इसके पश्चात दीपक कनौजिया सअप्रावि दांदूपूर द्वारा बहुत ही सरल और सुन्दर तरीके से ,टीएलएम के माध्यम से सम, विषम ,पूर्ववर्ती अनुवर्ती,आरोही अवरोही तथा लघुत्तम समापवर्त्य की समझ का विकास बच्चों में कैसे किया जाय का प्रस्तुतीकरण किया। पार्वती देवी शि.मि. गौरा द्वारा बच्चों में डिकोडिंग कौशल विकास पर शिक्षण योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। तत्पश्चात विवेक कुमार स0अ0 प्रावि खेरवा द्वारा बहुकक्षीय शिक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए गए। शिक्षक संकुल ललित प्रकाश शुक्ल ने कक्षा 01व 02 की नवीन एनसीईआरटी पुस्तकों पर चर्चा की।शिक्षक संकुल विवेक सिंह द्वारा भाषा और गणित की साप्ताहिक शिक्षण योजना पर प्रकाश डाला गया। अन्त में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यदि हम इसी प्रकार सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते रहे तो हम सभी निश्चित रूप से निर्धारित समय में अपने विद्यालय को निपुण बना लेंगे।इस अवसर पर फूलचन्द्र राजीव मिश्र, दिनेश मिश्र मोहित सिंह,अशोक कुमार, अभिषेक सिंह,विकास तिवारी, विष्णु पाण्डेय,अवध विहारी गुप्ता,निधि कनौजिया,नसरीन आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अवसानेश्वर महादेव मन्दिर समिति ने कोतवाली प्रभारी को किया सम्मानित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** अवसानेश्वर महादेव मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा आज मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर कोतवाली प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय हैं कि मंदिर पर पूरे वर्ष आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि, श्रावण मास के सोमवारों एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन तथा अनंत चतुर्दशी आदि पर्वों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा में तत्परता से लगकर शान्ति पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए मंदिर परिसर में आज एक कार्यक्रम का आयोजन कर उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक को श्री अवसानेश्वर महादेव के चित्र को स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि, विनोद गिरि, विजय गिरि,शिवम गिरि एवं अतुल गिरि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सूचना

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SREMATI DEVI व जन्मतिथि 07.05.1963 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SHRIMATI DEVI व जन्मतिथि 01.01.1951 है। SHRIMATI DEVI M/o of Army No-3004200W, रैंक हवलदार हरकेश सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-दादरी-रोहतक रोड, वार्ड-16, कालवान पाना, बोंद कलां, 127, बूंद, जिला-भिवानी, हरियाणा-127025.

## बारिश का पानी घर में घुसने से जनजीवन बेहाल



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

लगातार हो रही मूसलाधार बरसात से जनजीवन बुरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। सड़के नहर बन गई है। बारिश का पानी लोगो के घरों में घुस गया है। लोगो ने कहा की कई सालों बाद ऐसी बारिश देखी है। जिला अस्पताल, विकास भवन, कलेक्ट्रेट परिसर समेत तमाम जगह जलमग्न हो गई है। हर ओर सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। आवारा जानवरो के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। बरसात से प्रमुख स्थानों पर पानी भर गया है। सरकारी और गैर सरकारी स्थान पर जल भराव जैसे हालात पैदा हो गए हैं। मैनपुरी अंडर ब्रिज,जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, सीडीओ ऑफिस, पीडब्ल्यूडी कार्यालय आदि में बड़ी मात्रा में पानी भरा है। लगातार हो रही झमाझम बरसात के कारण तापमान में भारी गिरावट देखी जा रही है।जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने बताया आज की बारिश ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड दिया है। भारी मूसलाधार बारिश के चलते जनपद में जगह जगह पेड़ गिर गए है और मकान भी गिर गए है। उन्होंने बताया की राहत टीमें राहत कार्यों में लगी हुई है। एकसाथ कई जगह घटनाएं होने से राहत कार्यों में देरी हो सकती है।

उन्होंने आम जन मानस से सतर्क रहने और संयम बरतने की अपील की है। भारी बारिश से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। कई जगह पेड़ गिरने से बिजली के पोल धराशाई हो गए है। बिजली घरों में पानी भर गया है। जिसकी वजह से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में कठिनाई हो रही है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आम जनमानस से सहयोग की अपील की है।

## यूपीयूएमएस में राष्ट्रीय फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

- फार्मेकोविजिलेंस एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय

उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में भारतीय भेषज संहिता आयोग राष्ट्रीय समन्वयक केंद्र फार्मेकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया के तत्वाधान में चतुर्थ राष्ट्रीय फार्मेकोविजिलेंस सप्ताह का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ प्रभात कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार इस सप्ताह की थीम रोगी सुरक्षा के लिए प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडीआर) रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण करना है फार्मेकोविजिलेंस एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। दवा दुष्प्रभावों की रिपोर्टिंग में सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सक्रियता से भाग लेना चाहिए तथा सभी तरह के एडीआर को बिना किसी डर के आगे बढ़ कर रिपोटिंग करनी चाहिए। इससे मरीजों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सकेगी और परिणाम स्वरूप चिकित्सा सेवा में गुणात्मक सुधार होगा। दवा सेवन के बाद अगर यह लक्षण दिखें जैसे- शरीर पर चिकते,दानें आना, चक्कर आना, बार-बार उल्टी होना भूख न लगना, बेचैनी होना,नींद ना आना प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया एडीआर रिपोर्टिंग करना आवश्यक है।

## सैंगर नदी में आई बाड़ दलित बस्ती में घुसा पानी

**इटावा।** सैंगर नदी में आई बाड़ से ग्राम छिमारा में दलित बस्ती में कई घरों में पानी भर गया जिससे अगर इसी प्रकार नदी का जल स्तर बड़ता गया तो एक साथ पूरी दलित बस्ती में भय का वातावरण बना हुआ है दलित बस्ती निवासी देसराज जाटव, अक्षय जाटव, रामकिशुन जाटव, सोनेलाल जाटव आदि मौजूद लोगों ने बताया कि मेरे घरों में पानी घुस आया जिससे दीवार में दरारें आ गई एवं भारी बारिश से गांव के कई मकानों की दीवालों में दरारें आ गई एवं गिर गई ब नदी के किनारे गांव से सटे खेतों में खड़ी कई बिगा बाजरे की खेती जलमग्न होने से फसल नष्ट हो गई।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, निघासन खीरी

पत्रांक- 1918/आंकिक/निर्माण कार्य/निविदा आमंत्रण/2024-25/ दिनांक- 08.09.2024

## अल्पकालीन निविदा सूचना

15वें केन्द्रीय वित्त आयोग/पांचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण कार्यों हेतु पीडब्लूडी पर कार्य कराने हेतु क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर व वाणिज्यकर विभाग में जी.एस.टी पंजीकरण हो, तथा आर.आई.एस. पी.डब्लू.डी. जिला पंचायत के अन्य कार्यदायी विभागों में रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्मों से मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | कार्य की स्वीकृत लागत जी.एस.टी. (जी.एस.टी. सहित) | जमानत धनराशि (10 प्रतिशत) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | 15हवां केन्द्रीय वित्त (टाइड कार्य) | | | |
| 1. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | भेडौरा | ग्राम पंचायत भेडौरा में नित्याबाबा मन्दिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 2. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | नौबना | ग्राम पंचायत नौबना में रामजानकी मन्दिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 3. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | सूरतनगर | ग्राम पंचायत सूरतनगर कोडियाला घाट गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 4. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | धर्मापुर | ग्राम पंचायत धर्मापुर गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 5. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | खैरहना | ग्राम पंचायत खैरहना दुर्गा मंदिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 6. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | गुलरिया पत्थर शाह | ग्राम पंचायत गुलरिया पत्थर शाह गौरी शंकर मंदिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 7. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | खैरीगढ़ | ग्राम पंचायत खैरीगढ़ रोड पर रामसिंह के कोल्हू के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 8. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | विकास खण्ड परिसर | विकास खण्ड निघासन में आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 9. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | भिडौरी | ग्राम पंचायत भिडौरी बिलरायां रेंज के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 10. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | खैरीगढ़ | ग्राम पंचायत खैरीगढ़ गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 11. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | मसुरहा | ग्राम पंचायत मसुरहा गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 12. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | मूर्तिहा | ग्राम पंचायत मूर्तिहा गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 13. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | रमुआपुर | ग्राम पंचायत रमुआपुर में रामजानकी मन्दिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 14. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | मूर्तिहा | ग्राम पंचायत मूर्तिहा बीरबाबा मन्दिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 15. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | सिधौना | ग्राम पंचायत सिधौना के मजरा अयोध्यापुरवा में शिवालय मन्दिर के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूलर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 16. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | नौरंगाबाद | ग्राम पंचायत नौरंगाबाद आर.टी.आई. के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूटर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |
| 17. | 15हवां केन्द्रीय वित्त आयोग | बम्हनपुर | ग्राम पंचायत बम्हनपुर गुरूद्वारे के पास आर.ओ. फिल्टर वाटर कूटर निर्माण कार्य | 443000 | 44300 | 02 माह |

**नोट- शेष नियम-** शर्तों एवं बिल ऑफ क्वान्टिटी के बारे में किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते-**

1- निविदा फार्म क्रय किये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 20.09.2024 से 23.09.2024 तक रू. 500 नगद जमा करके भी प्रहलाद राना कैशियर/भण्डार सहायक से प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

2- निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि कार्य के स्वीकृत लागत का 02 प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी निघासन खीरी के पक्ष में बन्धक करते हुए मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 23.09.2024 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जायेगा/डाक से भी भेजा सकता है, निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक 23.09.2024 को 03:00 बजे से 04:00 बजे के मध्य गठित समिति एवं निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा।

3- टेण्डर/निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य कराने वाले फर्म/ठेकेदार को शेष 08 प्रतिशत की जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. उपरोक्तानुसार कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

4- निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निविदा की निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

5- निविदा में प्रकाशित कार्य कराने की अवधि के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना अनिवार्य होगा यदि समय सीमा के अन्दर कार्य नहीं पूर्ण कराया जाता है तो एक सप्ताह के नोटिस के पश्चात स्वीकृत निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा जिसके लिए सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार पूर्ण रूप जिम्मेदार होगे तथा जमानत की धनराशि शासकीय हित में जब्त करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

6- निविदा के साथ मानक के अनुसार कार्य कराना होगा तथा प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री का मेक/ब्राण्ड उल्लिखित करना होगा। मानक के अनुसार कार्य की गुणवत्ता न पाये जाने तथा कमी पायी जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी। तथा सम्बन्धित फर्म की जमानत राशि जब्त करते हुए उसी दर पर क्षेत्रीय फर्म द्वारा कार्य कराये जाने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

7- कन्ट्रेक्टर/ठेकेदार के समस्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगें।

8- किसी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/खण्ड विकास अधिकारी निघासन खीरी में निहित होगा।

9- निविदा स्वीकृत फर्म/ ठेकेदार की बंधक जमानत राशि कार्य पूर्ण होने की तिथि के उपरान्त 06 महीने बाद कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तकनीकी अधिकारी की संस्तुति के बाद जमानत राशि मुक्त की जायेगी।

10- निविदा डालने के लिए निविदादाता का क्षेत्र पंचायत में पंजीकरण होना अनिवार्य है, पंजीकरण न होने की दशा में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

11- किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**जयेश कुमार सिंह**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**निघासन-खीरी।**

# डीएम ने दो दिवसीय आलू गोष्ठी का किया शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया और मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी/प्रदर्शनी का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज ही के दिन जिले की स्थापना हुई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद इत्र, अगरबत्ती, आलू आदि से विख्यात है। यह जनपद बहुत आगे तक जाये, इसके लिये हम लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जो लेस्टेट टेक्नॉलाजी है। वैज्ञानिको द्वारा दी जाने वाली जानकारी को गहनता से सुने और अपने उत्पाद में बढ़ोत्तरी करें। कहा कि उत्पाद बढ़ाना चाहते है तो हमें वैज्ञानिक ढंग से खेती करनी होगी। अब वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का समय है। सही मात्रा के विषय में वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त करें। कहा कि आलू के अच्छे उत्पाद हेतु वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य वार्ता होना आवश्यक है। कहा कि कोई भी युवा/ किसान तकनीकी खेती करना चाहता है। तो संबंधित विभाग को अवगत कराएं। ऐसे युवाओं को तकनीकी खेती करने हेतु ट्रेनिंग करायी जायेगी। कहा कि सरकारी प्रयास इसलिये किये जा रहे है। ताकि किसानो की आय दोगुनी हो सके। कम लागत से अत्यधिक आलू उत्पाद हो। किसान भाई आलू की खेती के साथ सूरजमुखी की खेती पर भी विचार करें।

**जिलाधिकारी बोले उत्पाद बढ़ाना चाहते है, तो वैज्ञानिक ढंग से खेती करें**

कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के कृषि वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने शकरकन्द एंव अदरक की उन्नतशील खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक डॉ सुशील कुमार ने कहा कि मक्का की बुवाई का कार्य हर हाल में 25 फरवरी तक पूर्ण करें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संचालक डॉ अरविन्द कुमार ने मक्के की खेती में जलवायु के प्रवाह पर विस्तृत जानकारी दी। केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार ने आलू की व्यवसायक प्रजातियों की खेती के बारे में बताया। तत्पश्चात जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं पार्टी जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रुप से विभिन्न स्टॉलो का निरीक्षण किया। जिसमें आलू किस्म के बीज, ड्रोन के माध्यम से नैनो डीएपी एवं कीट नाशक दवाओ का छिड़काव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, हरी खाद, ट्रैक्टर, स्प्रिंकल सिंचाई यंत्र आदि स्टॉलों से विस्तृत जानकारी ली गई। गोष्ठी में डीडी कृषि प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी सहित आदि उपस्थित रहे।

# नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में उर्वरक थोक विक्रेताओं के साथ उर्वरक वितरण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त कंपनी प्रतिनिधि रैक लगने के पूर्व सूचना देने के साथ किस-किस थोक विक्रेता को कितनी मात्रा मे उर्वरक दी जा रही है। उसकी भी सूचना कृषि विभाग को दें। इसी प्रकार थोक विक्रेता उर्वरक प्राप्त होने के पश्चात जिन-जिन खुदरा विक्रेताओं को दी जा रही है उसकी मात्रा सहित सूची उपलब्ध करायें। कहा कि उर्वरक की रैक लगने एवं प्रेषण के पश्चात कंपनी प्रतिनिधि एवं थोक उर्वरक विक्रेता तत्काल ई- पॉस मशीन से संबंधित विक्रेता की आईएफएमएस आईडी पर एकनॉलेज करना होगा। उन्होंने कहा कि खुदरा विक्रेताओं का स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन कराते हुए पॉस मशीन से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित करायें। कहा कि जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी किसान बंधुओं को उर्वरक को लेकर परेशान होने की आवश्यकता नही है। समस्त उर्वरकों की बिक्री मूल्य यूरिया 266.50 रू, एन0पी0के0 12:32:16 रू 1470, अन्य 1350 निर्धारित मूल्य पर अनिवार्य रूप से वितरण सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा कि कम्पनियों अथवा थोक विक्रेताओं द्वारा मुख्य उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न किया जाए, जिस किसान को जिस चीज की जरूरत है वही दिया जाए, किसी अन्य प्रोडक्ट को लेने के लिए बाध्य ना किया जाए। कृषकों को उनकी जोत के अनुसार की उर्वरक उपलब्ध कराया जाये। थोक विक्रेताओं द्वारा उर्वरक स्टॉक को एक जनपद से दूसरे जनपद के किसी भी डीलर को किसी भी दशा में विक्रय न किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ धोखाधड़ी नहीं होनी चाहिए। नकली खाद किसी भी दशा में विक्रय नहीं होनी चाहिए।

# बुढ़वा मंगल पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हुई आरती

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बुढ़वा मंगल पर हनुमानजी के मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुँचकर भोग व प्रसाद वितरित किया और बाबा का गुणगान किया। कस्वा स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर भव्य बुढ़वा मंगल के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बजरंग सेवा समिति के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता दी गयी। शाम होते ही दिन मंगलवार को महाआरती आयोजन हुआ जिसमें भारी मात्रा में लोग प्रांगण में पहुँचे। प्राँगण में पहुँचे भक्तों ने बाबा का भजन कीर्तन कर उनका गुणगान किया मनोकामना पूर्ण हो इसके लिए माथा टेक आराधना की। महाआरती के दौरान मुख्य अतिथि संदीप चतुर्वेदी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद कानपुर से आये राजन जी महाराज ने अपने साथियों के साथ आरती की।

मंदिर परिसर के साज सज्जा का विशेष ध्यान रखते हुए परिसर को काफी सुंदर ढंग से सजाया गया था। महाआरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया ।देर रात जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें कीर्तनकारो के द्वारा कीर्तन से भक्तों का मन उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने पर भी कार्यक्रम चलता रहा और भक्त बाबा के गुणगान बरसात में भी सुनते थे।

# नाला जाम होने से सड़क पर जलभराव, ग्रामीण परेशान

**एडीओ पंचायत बोले जल्द समस्या से मिलेगी निजात**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान है। बरसात के दौरान कस्वा में जगह जगह जल भराव लोगो के लिए दिन प्रतिदिन मुसीबत बनता जा रहा है।

भरे हुए पानी से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्र में भारी बारिश का अलर्ट जा रही है। लगातार होने वाली बारिश से गलियां पूरी तरह से पानी से भर जाती हैं। जलभराव की समस्या का मुख्य कारण नाला और नालियों की समय पर सफाई न होना है। कस्वा स्थित



सड़क पर जलभराव से गुजरते बाइक सवार

जेल क्रॉसिंग के सामने भारी जलभराव होता है। आए दिन लोग उसमें गिरते हैं। जिसका मुख्य कारण पास में बना हुआ नाला जो कि कई बरसो से साफ नहीं हुआ है। जिसके कारण पूरा क्षेत्र में पानी भर जाता है।ग्रामीण अर्पित ,विनय ,संजय ,अंकित ,ने बताया कि वह इसकी ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन वह इसकी कोई सुनवाई नहीं करते है। नाला जाम होने के कारण घरों में पानी घुस जाता है। और उसी पानी से होकर सभी को गुजरना पड़ता है।

**ग्रामीणों की शिकायत पर पहुँचे एडीओ**

एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव व पंचायत सचिव प्रमोद यादव ने मौके पर पहुंचकर देखा तो जलभराव की समस्या निकलकर सामने आई। एडीओ पंचायत ने बताया कि नाला के ऊपर ग्रामीणों के द्वारा दुकान रखी गयी है। दुकानदारों को दुकान हटाने का तीन दिन का समय दिया गया है। यदि तय समय के अंदर नही हटाते है। तो उन्हें पंचायत की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा। उन पर कार्यवाही की जाएगी और जल्द ही जलभराव की समस्या से निजात दिलाया जाएगा।



# झमाझम बारिश से गलियां हुई जलमग्न

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बीता मंगलवार रात को हुई झमाझम बारिश से गलियां हुई जलमगन और खेत बनें तालाब तेज़ बारिश होने से समधन नगर में कई जगह जलभराव हों गया मोहल्ला कादर खान नगर जाने बाली गलियों में काफी जलभराव रहा जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा तमाम लोग ने बताया कि यहां तों हर वर्ष बारिश के समय ऐसा जलभराव हों जाता  आसमान में पूरे दिन काले- काले बादल छाए रहे और रूक - रूक कर बूंदाबांदी होती रही बाजार में इक्का-दुक्का लोग ही दिखाई दिए। उधर बारिश के समय कई जगह पेड़ पौधे गिर गए और जगह-जगह बिजली के तार भी टूटकर नीचे गिर गए बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पूरे दिन जगह-जगह लाइनमैन जुटे रहे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस टीम ने दो नफर वारंटियों को किया गिरफ्तार

**छिब्बरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक  अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण मे वांछित अभियुक्त/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना तालग्राम पुलिस द्वारा वांछित चल रहे 02 नफर वारंटियों को  गिरफ्तार किया गया  उपरोक्त वारण्टियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया  गिरफ्तार अभियुक्त राम शंकर पुत्र हरदयाल राठौर निवासी किश्ती आप पर सुखदेव पुत्र राम शंकर को गिरफ्तार कर उपनिषक कामता प्रसाद ने जेल भेजा गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा बुधवार को 7 वें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों हेतु प्रारंभिक बाल्यावस्था पोषण विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने बताया कि बच्चों को जन्म से ही पोषण संबंधी देखभाल की ज़रूरत होती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था पोषण की दीर्घकालिक पोषण मे महत्वपूर्ण भूमिका है।

### भजन गुनगुनाते निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**छिब्रामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री गोविंद सत्संग प्रचार समिति एवं प्रभात फेरी मंडल की ओर से श्री राम कथा महा महोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग का नौ दिवसीय आयोजन कराया जा रहा है। बुधवार को सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर से हवन पूजन के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। नगर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करती हुई कलश यात्रा कथा स्थल श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। वहां सभी को प्रसाद वितरण किया गया आना की बारिश ने थोड़ा बहुत कार्यक्रम में हल अवश्य डाला लेकिन भजन कीर्तन गुनगुनाते हुए महिलाओं के कदम फिर भी नहीं रुके। बुधवार की सुबह कालिका देवी मंदिर में प्याज आचार्य पंडित भारत चतुर्वेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान विष्णु द्विवेदी व उनकी पत्नी से पूजन कराया। इसके बाद भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कथा ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत किशनजी महाराज कहेंगे, जबकि दुर्लभ सत्संग ऋषिकेश के ब्रह्मचारी संत आनंदजी महाराज द्वारा किए जाएंगे। वहीं कलश यात्रा के दौरान भारी पुलिस बल कस्बा इंचार्ज राम मनोज द्विवेदी यातायात व्यवस्था को देखते रहे।

# दवाईयों के दुष्प्रभाव को लेकर चिकित्सकों ने किया जागरूक

**एमबीबीएस स्टूडेंटस ने भी ओपीडी में नुक्कड़ नाटकों के जरिए मरीजों को बताए दवाईयों के दुष्प्रभाव**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में फार्माकोलॉजी विभाग व कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दवाईयों के होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर चार दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दवाईयों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं एमबीबीएस स्टूडेंटस द्वारा नुक्कड़ नाटकों के जरिए मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को जागरूक किया जा रहा है।

बुधवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फार्माकोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ.अम्बरीश गुप्ता ने बताया कि बर्ष 2022 में मेडिकल कॉलेज को एडवर्स ड्रग मानीटरिंग सेंटर बनाया गया था। इसमें दवाईयों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर अध्ययन किया जाता है। उन्होने बताया कि भारतीय फार्माकोपिया आयोग गाजियाबाद के तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। यह कार्यक्रम 17 सितबंर से शुरू होकर 23 सितंबर तक चलेगा। उन्होने बताया कि यदि किसी मरीज पर चल रही दवाईयों का




कोई दुष्प्रभाव हो रहा है, तो वह तत्काल इसकी सूचना टोलफ्री नंबर 18001803024 पर कर सकते हैं। कम्यूनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ.डीएस मार्तोलिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल किया जा रहा हे। इसके लिए एमबीबीएस स्टूडेंटस भी रील्स बनाकर व पोस्टर, नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली के जरिए लोगों का जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम को डिप्टी कार्डिनेटर डॉ.पारूल कमल, डॉ.मोहित त्रिवेदी व बालरोग विभाग के डॉ.कैलाश सोनी ने भी संबोधित करते हुए लोगों को तमाम जानकारियां दी। इस दौरान एमबीबीएस स्टूडेंटस ने भी नुक्कड़ नाटक व पोस्टरों के जरिए लोगों को जागरूक किया।

# दीवार गिरने से छह से अधिक लोग घायल

**जागरण कार्यक्रम को देखते वक्त हुआ हादसा**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के नई बस्ती में बीती रात देवी जागरण को देख रहे दर्शकों पर पक्की दीवार गिरने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिनमें छः लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

बीती रात थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के नई बस्ती में बुद्धवा मंगल के पावन पर्व पर सोनू लाल के आवास पर जागरण का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। बारिश होने के चलते दर्शन टीनसेट की लगी पट्टियों पर बैठ गए। तभी पास में खड़ी दीवार अचानक पलट गई जिसमें अनुज पुत्र योगेन्द्र, नंदराम पुत्र इतवारी लाल, अभी पुत्र सुधीर, बेटु पुत्र राजू, आयुष पुत्र अजयपाल, कुलदीप पुत्र कृष्णपाल, प्रिंश पुत्र राजू, सौरभ पुत्र संतोष, देव पुत्र अजय सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें छः लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हादसा होने से भगदड़ मच गई। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है मामले की छानबीन की जा रही है।



दीवाल गिरने से बिखरी पड़ी ईंटें

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी को लेकर काटा हंगामा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया कस्बे में मंगलवार को निकली गणेश विसर्जन यात्रा के बाद सोशल मीडिया पर अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी किए जाने को लेकर बहुसंख्यक समुदाय के लोगों में रोष फैल गया। मंगलवार की देर शाम करीब आधा सैकड़ा लोग ठठिया थाने पहुंचे। यहां हंगामा काटते हुए उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। रिपोर्ट न लिखे जाने को लेकर लोग हंगामा काटने लगे। सूचना पाकर सीओ तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई थाने पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझाकर मामले को खत्म कराया। भाजपा के ठठिया मण्डल अध्यक्ष आर्यन कटियार मंगलवार की देर शाम अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ ठठिया थाने पहुंचे। यहां उन्होने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड की गई एक धार्मिक पोस्ट पर ठठिया निवासी एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवक द्वारा देवी-देवताओं पर अमर्यादित टिप्पणी की गई है। जिससे हिन्दु समाज के लोगों को काफी ठेस पहुंची है। उन्होने तत्काल रिपोर्ट लिखकर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग रखी। पुलिस के हीलाहबाल करने पर लोग हंगामा करने लगे। सूचना पर तिर्वा सीओ मौके पर पहुंची। उन्होने भीड़ को समझाते हुए कहा कि जल्द ही रिपोर्ट लिखकर  आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। उनके इस आश्वासन के बाद लोगों ने हंगामा खत्म कर दिया और वापस लौट गए।

# पीआरवी 112 के अधिकारियों को दी नियमों की जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा पीआरवी(112) में नियुक्त किए गए। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पीआरवी(112) में नियुक्त होने के बाद यातायात संबंधी किन-किन कार्यों की जानकारी होनी चाहिए।

इस संबंध में विस्तार से बताया गया। यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। जिसमें बिना नंबर के वाहन , नशे की हालत में वाहन चलाने वालों तथा रांग साइड वाहन चलाने वाले चालकों एवं नेशनल हाईवे में खतरनाक ढंग से खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें एक वाहन चालक अत्यधिक नशे की हालत में स्कूटी चलाता पाया गया। जिसको पाल चौराहा चौकी में सीज कर दिया गया। वहीं एक ट्रक (डम्पर) के चालक द्वारा अपने वाहन के आगे- पीछे नंबर प्लेट में काला ग्रीस लगाकर दोस्त पूर्ण नंबर प्लेट का प्रयोग करता हुआ पाया गया। जिसका पांच हजार रुपए का चालान किया गया। चालक और वाहन स्वामी के विरुद्ध संबंधित थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। प्रभारी द्वारा बताया गया कि बहुत से वाहन चालक एवं वाहन स्वामी दोषपूर्ण नंबर प्लेट का जानबूझकर प्रयोग करते हैं। जिससे टोल प्लाजा में और पुलिस के कैमरों से बचकर अवैध रूप से संचालन और ओवरलोडिंग की कार्यवाही से बचा जा सके। लेकिन अब ऐसे वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध उच्च अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।




नियमों की जानकारी देते यातायात प्रभारी आफाक खां

# संकुल शिक्षक की मासिक बैठक आयोजित



संकुल शिक्षक की मासिक बैठक करते शिक्षक

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ग्राम तमियामऊ में बुधवार को न्याय पंचायत संकुल शिक्षक की मासिक बैठक आयोजित हुई बैठक में एआरपी डॉक्टर पंकज यादव ने बताया की समस्त विद्यालयों में शत प्रतिशत निपुण छात्र करने की जिम्मेदारी हमारे शिक्षक साथियों की है समय-समय पर बच्चों को  निपुण प्रेरणा एप के माध्यम से इनकी जांच करते रहें आगे उन्होंने कहा कि जो बच्चे निपुण हो गए हैं मुख्य धार से जोड़े जिससे वह और आगे बढ़ सके जो बच्चे पढ़ने में कमजोर हैं उनको जल्द से जल्द अक्टूबर माह के अंत तक निपुण करना शिक्षक की ही जिम्मेदारी है।  समय-समय पर टूल किट के प्रयोग के कार्यक्रम चलाते रहें। जिससे बच्चों में प्रेरणा मिल सके। इस मौके पर नोडल संकुल शिक्षक आदित्य कुमार यादव, शिक्षक संकुल शैलेंद्र सिंह यादव,  अनुज कुमार ,अनूप कुमार, सुरेंद्र कुमार ,अतुल कुमार,किरण देवी ,प्रधानाध्यापक, रवीश कुमार, निजाम अहमद व प्रतीक यादव सोनपाल नेता , समस्त न्याय पंचायत के शिक्षक उपस्थित रहे।

# रजनीश श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**छिब्रामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सम्मानित सदस्य  रजनीश श्रीवास्तव के आकस्मिक निधन पर  श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बार एसोसिएशन छिबरामऊ के तत्वाधान में अधिवक्ता सभागार के हुआ।  श्री रजनीश श्रीवास्तव एडवोकेट किडनी की बीमारी से ग्रसित थे जिनका लंबे समय से इलाज विवेकानंद पॉलीक्लिनिक लखनऊ से चल रहा था।लखनऊ अस्पताल में निधन होगा था। बुधवार को अधिवक्ता सभागार में श्री रजनीश श्रीवास्तव एडवोकेट के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन श्री अरविन्द कुमार सिंह राठौर की अध्यक्षता एवं ललित प्रताप सिंह के संचालन में हुआ। शोक सभा में उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर एवं फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह, कन्हई सिंह वर्मा, राजेश शाक्य, मुकेश द्विवेदी, बृजेश द्विवेदी, प्रणव यादव, राममुनीश्वर पाण्डेय, प्रमोद दुवे, चन्द्रजीत यादव, मुफीद खान, विनीत कुमार चतुर्वेदी, अनिल यादव, दिनेश यादव, अश्वनी मिश्रा, राजीव दीक्षित, संदीप चौहान, अवधेश यादव, ओमेंद्र पाल,  भइया लाल वर्मा, अमित राजपूत, अजय, स्नेहलता गुप्ता, अंजू पटेल, के सी चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र यादव बृजेंद्र राजपूत सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मोहम्मद साहब के नाम का सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का रहा केंद्र



**छिब्रामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन मुस्लिम कमेटी, छिबरामऊ की जानिब से ईद मिलादुन नबी के मौके पर साजबाट और रोशनी की इंतजाम किया गया। जिसमे काफ़ी बड़ी तादाद मे नगर के लोगों ने शिरकत की इस बार कानपुर नगर जिले से ख़्वाजा गरीब नवाज का रोज़ा मुबारक और मोहम्मद साहब के नाम का सेल्फी पॉइंट आकर्षन का केंद्र रहा द्व साजबाट को देखने नगर के सभी धर्मो के लोगों ने शिरकत की द्वनगर छिबरामऊ  गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है जिसमे सभी धर्म के लोग एक दूसरे दुख -सुख मे शामिल होते है। ये बात कमेटी के सदर मोहम्मद जाहिद चिश्ती ने कही इस अबसर पर फुरकान, अकरम, शाहिद, एहसान, शरीफ, अबू साद नसीम, जीशान, रजी,इकराम,अरशद, बासु, सानू आदि लोग रहे।

# वायरल बुखार, सर्दी, खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जुकाम, बुखार, खांसी व वायरल बुखार के मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। डाक्टर न होने से फार्मासिस्ट इलाज कर रहे हैं।

कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जहां एक तरफ वायरल बीमारियों के मरीजों का अंबार लगा हुआ है, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर नहीं आ रहे हैं। फार्मासिस्ट इलाज कर रहे हैं। अचानक निरीक्षण में पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डाक्टर मौजूद नहीं मिले।


उपस्थिति रजिस्टर देखते अपर मुख्य चिकित्साधिकारी

जिस पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की कई लोगों ने अब्सेंट लगा दी। डॉ0 दीपक कटारिया अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान डिजिटल बीपी मशीन बिक्री की बात सामने आई। जिस पर उन्होंने मौजूद फार्मासिस्ट आलोक कुमार से जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि वह अभी नई तैनाती पर आए हैं। इसके लिए चीफ फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव से फोन पर वार्ता करनी चाहिए, तो उन्होंने पूर्व फार्मासिस्ट विजयपाल के ऊपर अभिलेखों का मामला डालकर फोन स्विच ऑफ कर लिया। जिस पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी दीपक कटारिया का पर चढ़ गया और उन्होंने चीफ फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव को कल 11.00 बजे सभी अभिलेख लेकर और डिजिटल बीपी मशीन के अभिलेख लेकर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय उपस्थित होने के निर्देश दिए।

साथ ही अनुपस्थित स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर देखकर अनुपस्थित लगाकर उन पर कार्रवाई करने की बात कही। जिसमें सीपी नर्स स्टाफ आरती, वार्ड बॉय राहुल कुमार, बीपीएम पीयूष दीक्षित, प्रदीप कुमार, डीसीएम चंचल शाक्य, ऑपरेटर जसवीर सिंह, आयुष चिकित्सक अखिलेश पांडे, सीपी सपना भट्ट स्टाफ नर्स को अनुपस्थित कर उन पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं फार्मासिस्ट आलोक सिंह ने बताया कि डॉ0 गौरव राजपूत जो ड्यूटी पर तैनात थे वह जाकर अपनी उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति लगाकर चले गए। जिस पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी दीपक कटारिया का पारा और चढ़ गया। उन्होंने सभी पर कार्रवाई करने की बात कही।

# गेट में उतरे करंट से किशोर की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

पंखे का तार लगाते समय गेट में उतरे करंट से किशोर की मौत हो गयी। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर छितमा निवासी पप्पू का पंद्रह वर्षीय पुत्र चंदू मंगलवार देर रात पंखे का तार बोर्ड में लगा रहा था। तार लोहे के गेट के ऊपर से निकला था। जिससे गेट में उतरे करंट की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक किशोर की मौत हो गयी। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी। मृतक तीन भाइयों भूपाल व नन्नू में सबसे छोटा था। स्वजनों ने बुधवार को किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

# बीते सत्रह दिनों से नगला भवानी सिंह में कायम है अंधेरा

**ग्रामीणों ने जेई पर 13 हजार रुपये रिश्वत मांगने का लगाया आरोप**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते सत्रह दिनों से नगला भवानी सिंह की बत्ती गुल है। लाइनमैन ने जेई के नाम से ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए 13 हजार रुपये की ग्रामीणों से मांग की है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव नगला भवानी सिंह के लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणों ने गैसिंगपुर पॉवर हाउस का घेराव कर जेई पर ट्रांसफार्मर बदलवाने के नाम पर 13 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया की उनके गांव का लाइनमैन आशीष जेई के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। उसने ग्रामीणों से कहा कि जितनी जल्दी रुपये दे दोगे, उतनी जल्दी ट्रांसफार्मर लग जायेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई विनोद कुमार ने उनसे कहा है कि वह अपने बिल दिखाएं तभी काम चालू करवाएंगे।


पॉवर हाउस का घेराव किये ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि वह जब पॉवर हाउस में बिजली न आने का कारण पता करने गए, तो जेई ने अभ्रता से बात की। बोले तुम अंदर कैसे घुस आए। ग्रामीण दैनिक जीवन की समस्याओं से जूझ रहे हैं। लाइट न आने से पानी व रात्रि में मच्छर व विभिन्न प्रकार के कीटों से जूझ रहे हैं। जेई से बात करने पर बताया कि उसने कभी किसी से पैसे नहीं मांगे। लाइन मैन ने हंसी में बोल दिया। वहीं बिल मांगने की बारे में बताया अगर इनके बिल जमा है वो लोग बिल दे दे तो उन्हें फाइल में लगाकर काम को जल्दी करवाया जा सकता है। इस मौके पर नगला भवानी सिंह के अवधेश सिंह, बीपी सिंह, लक्षण सिंह, रामनिवास, चंद्रप्रकाश, रिंकू, अनूप सिंह आदि के साथ एक सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में एडीएम के नाम पर हो रही खानापूर्ति

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही के चलते अधिकांश विद्यालय में पूरे तौर पर एमडीएम नहीं बंट रहा है।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा की लापरवाही के चलते शिक्षक-शिक्षिकाएं अपनी मनमानी पर उतारू हैं और एमडीएम में दूध 100 ग्राम प्रति बच्चे के हिसाब से पैसा आता है तथा सोमवार को बंटने वाले फलों का भी पैसा एमडीएम में आता है, लेकिन अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं ऐसा नहीं करते हैं और परिषदीय विद्यालयों के बच्चे दूध से छूट जाते हैं। यह नजारा आज क्षेत्र के कई विद्यालयों में देखने को मिला। जब इस बाबत शिक्षकों से जानकारी की जाती है, तो वह सत्ताधारी पार्टी का रौब दिखाकर कोई भी बात बताने को राजी नहीं होते हैं और अधिकांश बच्चे उनके इस पीड़ा का शिकार होते हैं। जिसके चलते अभिभावक अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय से दूर करते जा रहे हैं, क्योंकि वहां शिक्षकों की मनमानी चलती है। जब इस बाबत खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज से जानकारी की गई, तो उन्होंने बताया एमडीएम का पैसा लेट लतीफ आता है। इसलिए शिक्षक दूध का वितरण नहीं कर पाते हैं, लेकिन यह देखा जाए की जब एमडीएम का पैसा आता है तो शिक्षक पूरा पैसा निकाल लेते हैं, लेकिन एमडीएम की भरपाई पूरी क्यों नहीं की जाती है। ना ही शिक्षक दूध बांट रहे हैं और ना ही फलों का वितरण हो रहा है। इससे छात्र-छात्राएं मुंह ताकते रह जाते हैं। उच्च अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# स्टे होने के बाद एवी इंटर कालेज में प्रबंधन समिति के हुए चुनाव को अधिकारियों ने किया स्थगित

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाईकोर्ट के निर्देश पर बुधवार को प्रबंधन समिति का चुनाव होना था। सुबह 10 बजे से 4 बजे तक की प्रक्रिया थी। 2 बजे के बाद चुनाव के पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को चुनाव स्थगित करने की जानकारी दी। जिस पर प्रबंधन समिति के सदस्य और चुनाव अधिकारियों में जमकर बहस हुई।



एवी इंटर कॉलेज में हाईकोर्ट के निर्देश पर बुधवार को प्रबंधन समिति का चुनाव होना था। जिसके लिए चुनाव अधिकारी रामदास, प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय, मॉडर्न इंटर कॉलेज रोशनाबाद को बनाया गया था और पर्यवेक्षक महेश चंद्र राजपूत प्रधानाचार्य राम दर्शनी राजकीय इंटर कॉलेज भटासा को बनाया गया था। दोनों अधिकारी सुबह कॉलेज पहुंचे और कमेटी के सदस्य भी पहुंचे। कुछ देर बाद अधिकारी कायमगंज की बात कहकर उप जिलाधिकारी के पास से कुछ कागज लेने की बात करके चले गए। चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति के सदस्य पेशकार यादव को समिति का अध्यक्ष बनाया गया और पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता को कॉलेज का प्रबंधक मनोनीत किया गया। 37 कमेटी के सदस्यों में सर्व सम्मति से सभी को पदाधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। 2.00 बजे के लगभग पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी कायमगंज से वापस कॉलेज पहुंचे। विजय गुप्ता ने चुनाव अधिकारी को सर्वसम्मत से बनाए गए सभी पदाधिकारी की सूची सौंपी। उन्होंने 2.00 बजे के समय चुनाव स्थगित करने की घोषणा की। जिस पर पूर्व चेयरमेन विजय गुप्ता से लिखित आदेश देने को लेकर बहस होने लगी। विजय गुप्ता ने अपना आदेश हाईकोर्ट का बताया। चुनाव अधिकारी ने सिविल न्यायालय से स्टे की जानकारी दी। विजय गुप्ता के लिखित में मांगने पर उन्होंने इनकार कर दिया और मौखिक बताने लगे। इसी को लेकर पर्यवेक्षक और विजय गुप्ता की बहस होने लगी। कुछ देर बहस होने के बाद अधिकारियों ने चुनाव के स्थगित होने की घोषणा करके चुनाव को गलत बताने लगे, लेकिन अधिकारियों की तरफ से ना तो कोई स्टे विद्यालय में चस्पा किया गया। विद्यालय में और मौके पर पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता के मांगने पर उन्हें दिखाया गया। इतना कहकर अधिकारी मौके से चल दिए। प्रबंधन समिति के चुनाव में कई थानों की पुलिस व सीओ, एक प्लाटून पीएसी कॉलेज के परिसर में मौजूद रही। पूर्व अध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया दोनों अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह चुनाव प्रक्रिया शुरु की गयी। इसके बाद अधिकारी कायमगंज की बात करके उप जिलाधिकारी से मिलने चले गए। वहां से वापस आते समय उन्होंने चुनाव को स्थगित कर दिया। समय 2.00 बजे के लगभग चुनाव अधिकारी ने बताया मेरे संज्ञान में कोई कॉलेज में चुनाव नहीं हुआ है। पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम फारुकी ने बताया विजय गुप्ता के द्वारा बनाई कमेटी अवैध है। इसीलिए मैने सिविल न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया है और गुरुवार को भी न्यायालय की शरण में जाऊंगा।

# शराबी युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

शराबी युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जागे स्वजनों को घटना की जानकारी हुयी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शव देखकर स्वजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया।

क्षेत्र के गांव चांदपुर कच्छ निवासी तोताराम के पैंतीष वर्षीय पुत्र राजकुमार शाक्य ने मंगलवार देर रात घर के अंदर झोपड़ी में पड़े छप्पर में अंगौछे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह सोकर उठे बड़े पुत्र आनन्द ने पिता का शव लटका देखा। मृतक के घुटने जमीन में छू रहे थे। स्वजन शव देखकर बिलखने लगे। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दारोगा उदयवीर यादव ने जांच पड़ताल कर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी जुटायी। फारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।


जांच पड़ताल करती पुलिस

पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। स्वजनों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था। इसी बात से तंग आकर पत्नी गीता तीन माह पूर्व बिहार स्थित मायके चली गयी। मृतक की मां रामकली का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के दो पुत्र आंनद, बंटू, दो पुत्रियां नैना व उर्मिला हैं। मृतक तीन भाइयों नरवीर, सर्वेश में सबसे छोटा था।

थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# पितृपक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष दूर होते हैं: योगीराज दबे


गंगा में पितरों का तर्पण करते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पितृपक्ष 18 सितंबर (बुधवार) से शुरू हो गये हैं। तिथियों को लेकर इस बार कोई परेशानी नहीं होगी। सभी तिथियां क्रमवार हैं। 15वें दिन यानी 02 अक्टूबर दिन बुधवार को अमावस्या एवं अज्ञात तिथिनाम श्राद्ध के तर्पण के साथ पितृ विसर्जन का समापन होगा। ज्योतिषाचार्य योगीराज दबे के अनुसार पितृपक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष दूर होते हैं। पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने, उनकी पूजा आराधना और तर्पण अर्पण के विधान 17 सितंबर से ही शुरू हो जाएंगे। इस दिन मातृकुल के पितरों नाना नानी आदि का तर्पण अर्थात पूर्णिमा का श्राद्ध किया जाएगा और प्रतिपदा का श्राद्ध 18 सितंबर को होगा। हालांकि उदयातिथि अनुसार आश्विन कृष्ण पक्ष का आरंभ 19 सितंबर से होगा जो 02 अक्टूबर तक रहेगा। इस दिन पितृ विसर्जन किया जाएगा। वहीं 03 अक्टूबर आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से शारदीय नवरात्र आरंभ हो जाएगा। योगीराज दबे ने बताया 17 सितंबर को प्रातः 11 बजे पूर्णिमा तिथि लग रही जो 18 सितंबर को सुबह 8.41 बजे तक रहेगी। रात्रिव्यापिनी पूर्णिमा के चलते पूर्णिमा का व्रत स्नान व मातृकुल का श्राद्ध इसी दिन होगा। उदयातिथि के मान के चलते आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से आरंभ होने वाले पितृपक्ष का आरंभ 19 सितंबर से माना जाएगा।

किन्तु प्रतिपदा की तिथि मध्याह्न में 18 सितंबर को मिलने के कारण प्रतिपदा का श्राद्ध 18 सितंबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक पवित्र पक्ष है। इसमें सभी प्रकार के पूजन अर्चन पूर्ववत किए जा सकते हैं। मंदिर आदि जाने में कोई दोष नहीं। इस पक्ष में नई वस्तुओं की खरीदारी भी की जा सकती है। हां जिनके पिता नहीं हैं, उन्हें नए उपभोग की कोई वस्तु नहीं खरीदनी चाहिए। पिता की तिथि बीत जाने के बाद खरीदारी कर सकते हैं।

# कालाबाजारी करने वाले कोटेदार इंद्रेश पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उचित दर विक्रेता द्वारा कई कुंतल खाद्यान्न की कालाबाजारी कर लेने के मामले में उचित दर विक्रेता के विरुद्ध कोतवाली मोहम्मदाबाद में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद चंद दुबे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद चंद दुबे द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया की मोहम्मदाबाद के क्षेत्र ग्राम मौधा की उचित दर विक्रेता दुकानदार इंद्रेश द्वारा लगभग कई कुंतल खाद्यान्न की कालाबाजारी कर ली गई। 12 सितम्बर को निरीक्षण के दौरान उचित दर विक्रेता इंद्रेश कुमार मौके पर उपस्थित नहीं मिले। दूरभाष पर उनके द्वारा बताया गया कि वह खेत पर गये हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके पुत्र शैलेश कुमार द्वारा उचित दर दुकान का निरीक्षण कराया गया। जो उचित दर दुकान के संचालन में अपने पिता इंद्रेश का सहयोग करता हैं। खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करने पर दुकान के अंदर कुल गेहूं 19 कुंतल 50 किलो, चावल 8 कुंतल 50 किलो, बाजरा 14 कुंतल 75 किलो, चीनी 70 किलो दुकान के अंदर रखी पाई गई। ई-पास मशीन विभागीय वेबसाइट पर दर्ज अवशेष खाद्यान्न का विवरण निकाला गया जिसमें विभिन्नता देखने को मिली। ई-पास मशीन की वेबसाइट पर गेहूं, चावल, चीनी, बाजारा सभी की संख्या कुंतलों में दर्शायी गई। ई-पास मशीन भौतिक सत्यापन का मिलान करने पर खाद्यान्न में काफी अंतर पाया गया। विक्रेता की दुकान के अंदर गेहूं 71 कुंतल 98 किलो, चावल 137 कुंतल 71 किलो, बाजरा 46 कुंतल 67 किलो, चीनी 8 किलो कम पाई गई। जिससे स्पष्ट होता है कि उचित दर विक्रेता द्वारा निजी हितों के लिए खुले बाजार में उक्त खाद्यान्न की कालाबाजारी/डायवर्सन कर लिया गया है। अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। जिला अधिकारी के अनुमोदन आदेश पर व जिला पूर्ति अधिकारी की संस्तुति पर दुकानदार इंद्रेश के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# फसलों में उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें: जिला कृषि अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास भवन के सभागार में कपिल कुमार परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बासमती चावल में कीटनाशक का प्रयोग न के बराबर करें, क्योंकि इससे बाहर चावल निर्यात करने में दिक्कतें आ रही हैं। बी0के सिंह जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें। इस मौके पर थान सिंह गौतम उप कृषि निदेशक, डॉ. एनके गौतम मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बीके सिंह जिला कृषि अधिकारी, राघवेंद्र सिंह जिला उद्यान अधिकारी, उपेंद्रनाथ खरवार भूमि संरक्षण अधिकारी, सत्येंद्र सिंह जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बीके अग्रवाल सहायक आयुक्त सहकारी समितियॉ, विनोद कुमार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका फर्रुखाबाद, सुशील कुमार अधिशाषी अभियंता विद्युत, बीडी वर्मा अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, सूरज सहायक सक्सेना मंडी सचिव सातनपुर/कायमगंज, रोली सिंह खाद्य एवं रसद विभाग, अविनाश गुप्ता अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), अजीत पाठक अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, विनोद कुमार अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, मधुसूदन श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, दुर्ण कुमार अधिशाषी अभियंता सिंचाई, दिवाकर सिंह मत्स्य विकास अधिकारी, विपिन कुमार जिला प्रबंधक पीसीएफ, मोहम्मद इमरान अंसारी अधिशाषी अभियंता नलकूप, डॉ0 सत्येंद्र प्रताप सिंह जिला परियोजना समन्वयक यूपी डॉस्प, ओमप्रकाश उप प्रभागीय वनाधिकारी, शिव नरेश ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक, डॉ0 अरविन्द कुमार कृषि विज्ञान केंद्र जाजपुर बंजारा के वैज्ञानिक व एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण

# बाढ़ से तराई क्षेत्रों की स्थिति खराब, सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न


नाव से युवती को लेकर जाते परिजन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

गंगा में आई बाढ़ से तराई क्षेत्र के गांवों की स्थिति खराब होती नजर आ रही है। इन गांवों के आसपास सैकड़ों एकड़ भूमि पर खड़ी ईख, मक्का, धान व घुइयां की फसलें बाढ़ के पानी से डूब गई हैं। प्रशासन की ओर से राहत देने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। पहाड़ों पर मूसलाधार बारिश होने से डैम फुल हो गये। ऐसे में नरौरा, हरिद्वार, बिजनौर डैम से गंगा नदी में पानी डिस्चार्ज किया गया। इसके बाद नदी में उफान आ गया और क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ से प्रभावित हो गये। इकलहरा से शाहपुर जाने वाले मार्ग पर पानी बह रहा है। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में क्षेत्र के गांव पथरामई के मजरा टपुआ, चौड़ेरा निवासी रक्षपाल की पुत्री संगीता सोमवार शाम को कंडे लेने गयी थी।

**आंख में आंसू लिए किसान जद्दोजहद में जुटा**

लगातार हुई बारिश और उसके बाद गंगा नदी के जलस्तर ने अपने साथ तमाम किसानों के लिए मुश्किल पैदा कर दी है। ऐसे में बेबस किसान इस आपदा में बर्बाद हुई फसल को कभी निहारता है तो कभी किस्मत को कोसता है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर दवाई तकए मकान से लेकर शाद, ब्याह व तीज त्योहार तक का दारोमदार उसकी फसल पर ही निर्भर रहता है है। पानी में डूब कर बर्बाद हो चुकी फसल से कुछ खाने के दाने हाथ लगने की आस में आंख में आंसू लिए किसान जद्दोजहद में जुटा हुआ है।

**जहरीले कीड़े के काटने से युवती की हालत बिगड़ी**

उसी समय उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। स्वजनों ने घर पर ही रखी दवाइयां खिला दी। बुधवार सुबह युवती की हालत बिगड़ गयी। सड़क कटने से आवागमन न होने के कारण स्वजन युवती को इलाज के लिए नहीं ले जा सके। दोपहर तक वह उसे कड़ी मशक्कत के बाद नाव द्वारा पड़ोसी गांव के एक हकीम के पास ले गए। पथरामई गांव में नदी के कटान की गति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह गांव इस मानसून सत्र में इतिहास की विषय वस्तु बन जाएंगे। नदी का रौद्र रुप देख सहमे ग्रामीण अपने ही हाथों अपना आशियाना उजाड़ दूर बसने के लिए पलायित हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा सुधि न लिए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने ऊंचे स्थान पर मौजूद खेतों में पॉलीथिन व झोपड़ियां डालकर आशियाना बना लिया है उन्ही झोपड़ियों में पॉलीथिन के सहारे गुजर बसर कर रहे हैं। कम्पिल-बदायूं मार्ग पर बाढ़ का पानी तेज धार से बहने लगा है और जगह जगह गड्ढे हो गए हैं।

# सेवा पखवाड़ा के रुप में मना प्रधानमंत्री का जन्मदिन


मरीजों से हालचाल पूछते सांसद व मौजूद मिथलेश अग्रवाल


**सांसद ने मरीजों को वितरित किये फल**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया गया। भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल आदि वितरित किये। इसके बाद सांसद ने मरीजों से समय से उपचार के बारे में जानकारी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औक्षक निरीक्षण किया। जहां उन्हें साफ-सफाई सहित सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी डा0 शोभित शाक्य से ओपीडी के बारे में जानकारी ली तथा गर्भवती प्रसूताओं की डिलेवरी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूछा गर्भवती प्रसूताओं के बड़े आपरेशन से बच्चे पैदा करवाने की व्यवस्था है। इस पर अधीक्षक ने कहा बड़े आपरेशन के लिए प्रसूता को लोहिया अस्पताल भेजा जाता है। वहॉ पर आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस पर उन्होंने कहा कि यहाँ किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में संपर्क कर वहाँ पर आपरेशन से डिलेवरी कराई जाये। जिस पर अम्बुज ने कहा कि चेयरमैन डाक्टर शरद गंगवार के भतीजे गौरव गंगवार के यहाँ आपरेशन से डिलेवरी होती है। इसी बात पर चिकित्सा प्रभारी ने कहा वो तो नशे में रहते हैं। सांसद ने कहा वहाँ पर नहीं हम जल्द बड़े आपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। वहीं चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि अल्ट्रासान्ड कराने की व्यवस्था कराई जाये। सांसद ने कहा करूँगा। काफी लम्बे समय से सूर्या प्लान्ट लगा है वह खराब पड़ा है। उसको चालू कराया जाये। इस दौरान पूर्व विधायक अमर सिह खटिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, जिला मंत्री अमर दीप दीक्षित, मीडिया प्रभारी अखलेश शर्मा सहित अन्य भाजपा के लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय दौरे पर आ रहे है प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो दिवसीय दौरे पर आ रहे है जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह कई कार्यक्रमों में लेगें भाग, अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। जिले के प्रभारी बनाए जाने के बाद पहली बार पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री जयवीर सिंह दो दिवसीय दौरे पर आ रहे है। जारी प्रोटोकाल के अनुसार गुरुवार शाम को 6:30 बजे सर्किट हाउस फतेहगढ़ पहुंचेंगे। शुक्रवार प्रातः 9:20 बजे आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर पदाधिकारियों व मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक करेगें। 10:30 बजे से सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन आदि जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। 11 बजे भाजपा की कोर कमेटी में भाग लेगें। दोपहर 12 बजे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत सामग्री का वितरण करेगें। दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेगें। जिसके बाद वह फिरोजाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।



# सपाइयों ने मनाई शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि

**सयुस की बैठक में जिला महासचिव को किया गया पदमुक्त**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गयी, साथ ही युवजन सभा की बैठक संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ कार्यक्रम प्रभारी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने पुष्प अर्पित किये। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पूर्व सांसद शिवदयाल चौरसिया के समाजवादी विचारधारा पर चलने के जीवन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा नेताजी का शिवदयाल चौरसिया ने हमेशा साथ दिया। साथ ही युवजन सभा की मासिक बैठक संपन्न हुई। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने बताया कि हम लोग गांव-गांव, गली-गली और मोहल्ले में जाकर समाजवादी कैम्प लगाकर 2027 में समाजवादी पार्टी को फर्रुखाबाद से चारों विधानसभा जिताने का काम करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा यह काम हम लगातार कर रहे हैं। अमृतपुर, भोजपुर विधानसभा में बैठक की है और बाढ़ का पानी खत्म होने के बाद अमृतपुर विधान सभा में समाजवादी पार्टी जन पंचायत लगाने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सुनील यादव, जिला प्रवक्ता अर्चित मिश्रा का पद प्रमोशन करते हुए जिला उपाध्यक्ष बनाया गया तथा जिला महासचिव अभिषेक शुक्ला को उनके पद से पद मुक्त कर दिया गया।

अभी हाल ही में युवजन सभा के प्रदेश सचिव बने प्रवेश कटियार का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अजय शाक्य, अतुल खटीक, सुरजीत यादव, रोहित पाल, पंकज कटियार, सुधीर यादव, शैलेंद्र कठेरिया, विनीत परमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा बनाने की हिन्दी साहित्य भारती संस्था ने उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते आलोक बिहारी शुक्ला

अंतरराष्ट्रीय संस्था हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला के निर्देशन में सदस्यों ने हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु एसडीएम सदर रजनीकांत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संस्था द्वारा मांग की गई है कि जबकि हमारे संविधान में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने का संकल्प है।

उसके बाद भी अभी तक हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं बन पाई है। भारत सरकार को इस संबंध में प्रमाणिक शोध भी प्रस्तुत किया जा चुका है। हिंदी साहित्य भारती के सदस्यों ने इस ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन भेजकर अनुरोध किया है कि हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाकर एक देश एक भाषा का सपना पूरा करके देश की अखंडता और स्वाभिमान सुरक्षित करने की मांग की है। भारती मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, राम मुरारी शुक्ला, श्रीनिवास मिश्र, डॉ. पीडी शुक्ला, डॉ0 प्रभात अवस्थी, गीता भारद्वाज, अल्का मिश्रा, प्रियंका, पूनम, आदेश गंगवार, आलोक बिहारी शुक्ला आदि लोगों ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन सौंपा।

# कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की उठायी मांग



कानपुर कमिश्नरी के बाहर मौजूद कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रशासन प्रभारी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश एवं जिला तथा शहर के पदाधिकारियों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था व पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ मण्डल के मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान व जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व वरुण त्रिपाठी, राकेश मिश्रा ने कानपुर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आतंकवादी कहे जाने एवं एकनाथ शिंदे के विधायक संजय गायकवाड द्वारा अभद्र टिप्पणी किये जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने निंदा करते हुए कार्यवाही की मांग की है। उनके नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने एवं गलत भाषा का इस्तेमाल करने को लेकर सख्त कार्यवाही की मांग की है और कहा है कि देश के प्रधानमंत्री ऐसे बयानबाजी करने वालों के खिलाफ मौन क्यों है और उन्हें मंत्री मण्डल रखे हुए है। यह बहुत ही निंदनीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। कांग्रेस ऐसे दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करता है।



रोजगार मेले में मौजूद अभ्यार्थी

# रोजगार मेले में 45 अभ्यार्थियों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशुक्षता मेले का आयोजन हुआ। मेले में यूके वी इलेक्ट्रानिक्स लि0 नोएडा, मोर्ली मदरसन आटोमोटिव लाइटिंगा प्राइवेट लि, वाबल हरियाणा कम्पनी ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में 45 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। विभिन्न कम्पनियों ने उनका साक्षात्कार लिया। आईटीआई के 28 अभ्यार्थियों को शिशिक्षु प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया एवं 7 अभ्यार्थी जॉब हेतु चयनित किये गये। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेंटिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, अनुदेशक विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा विषय पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर ने विद्यालय में छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स के मध्य स्वच्छता ही सेवा विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले छात्रों में सहवाज, अंशु चतुर्वेदी, जयवीर, फैजान, अनिरुद्ध, मोहित, नकुल, हरिओम राजपूत, रोहित, राघव आदि छात्र रहे। प्रतिभागी छात्रों द्वारा स्वच्छता ही सेवा पर पक्ष विपक्ष में अपना-अपना अभी कथन प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा आए दिन मूर्ति विसर्जन में होने वाले प्रदूषण तथा गंदगी के बारे में भी वाद विवाद प्रतियोगिता में रखा गया। विजयी हुए प्रतिभागियों में सहवाज प्रथम, अंशु चतुर्वेदी द्वितीय तथा अजयवीर तृतीय स्थान पर रहे। अन्य सात छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वानिकी विभाग से उपस्थित हुई परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल द्वारा गंगा प्रदूषण, स्वच्छता के बारे में विस्तृत अभिभाषण प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर ने सभी छात्रों तथा एनसीसी कैडेट्स को समाज में फैली अस्वच्छता, गंदगी को स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने तथा समाज में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु सभी से अपील की गई। निर्णायक की भूमिका प्रवक्ता अशोक कुमार कठेरिया ने निभाई। विजेता छात्रों को परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर के द्वारा सम्मानित कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जायसवाल, अरविंद कुमार, विश्व प्रकाश, रामेश्वर दयाल, प्रबल प्रताप सिंह, डॉ0 दिनेश चंद्रा, निरुक्त मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# संडे मार्केट के दुकानदारों की समस्या को लेकर डीएम व ईओ से मिले व्यापारी

**भईयन मिश्रा ने कहा कि फुटपाथ व पटरी व्यापारियों के साथ में किसी भी प्रकार का कोई भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डीएम को ज्ञापन देने के बाद मौजूद दुकानदार

रविवार के दिन नेहरू रोड पर लगने वाले संडे मार्केट को वहां पर न लगाने के निर्देश होने के कारण पिछले दो-तीन रविवारों से फुटपाथ पर व्यापार करने वाले व्यापारी भाई अपनी दुकाने नहीं लगा पा रहे हैं। जिसके कारण से लगभग 500 से अधिक फुटपाथ व्यापारियों को बहुत दिक्कत हो रही है।

इसी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी को उनकी समस्याओं के बारे में अवगत कराया और स्थाई समाधान कराए जाने के लिए व्यापारी की ओर से उनकी समस्याओं को बताया। अधिकारियों ने भी समस्या को समझते हुए शीघ्र ही उचित एवं स्थाई निदान की बात कही। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि फुटपाथ व पटरी व्यापारियों के साथ में किसी भी प्रकार का कोई भी उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। जिला प्रशासन को इनके लिए सही हल निकालना होगा, ताकि इन व्यापारियों का और उनके परिवारों का भरण पोषण हो सके। फुटपाथ व्यापारियों से बहुत बड़ी मात्रा में वह लोग कपड़े खरीदते हैं जो की शोरूम या दुकानों से नहीं ले पाते हैं। ऐसी स्थिति में बहुत सी जनता कम पैसों में कपड़े खरीद कर अपने परिवारों के बच्चों और खुद को ढक पाती है। भइयन मिश्रा ने बताया कि फर्रुखाबाद विकास मंच इस लड़ाई में उनके साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा है।

इस मौके पर संडे मार्केट के व्यापारी अश्वनी कश्यप, सरताज, नरेन्द्र, श्यामू, नदीम, दिलशाद, आमिर, संदीप शुक्ला, रामू, विमल, अंश पटवा, नितिन गुप्ता, केशव, सचिन, अमान,अखिलेश, राजू, नौशाद, टिल्लू, शाहरुख, नेहाल, आसिफ, वसी, सचिन अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में जनपद की रैंकिंग खराब होने पर डीएम का चढ़ा पारा

**तत्कालीन बीडीओ वर्तमान शमशाबाद व जिला समाज कल्याण अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेते डीएम

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुआ। जनपद की रैंकिंग खराब होने पर डीएम ने नाराजगी जताई। समीक्षा में चिकित्सा विभाग की 108 एम्बुलेन्स सेवा की रैंक70, समाज कल्याण की राष्ट्रीय पारवारिक लाभ योजना की रैंक50, राष्ट्रीय वृद्धा अवस्था पेंशन योजना की रैंक47, पंचायती राज विभाग की15 वित्त आयोग की रैंक69, 5वें वित्त आयोग की रैंक58, एसवीएम की रैंक 62, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की रैंक70, कृषि विभाग की पी0एम0 कुसुम योजना की रैंक 54, जलजीवन मिशन की रैंक 47, डेएनआरएलएम की रैंक 46, ओडीओपी की रैंक 72 व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की रैंक 75, मत्स्य विभाग की रैंक 61 व दुग्ध विभाग की रैंक 44, सी0वी0ओ0 की सरंक्षित निराश्रित गोवंश में 48 रैंक पाई गई। डीएम ने बलराम सिंह तत्कालीन बीडीओ बढ़पुर वर्तमान शमसाबाद व जिला समाज कल्याण अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये व मुख्य विकास अधिकारी को रैंक खराब होने के लिये जिम्मेदार अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खंड विकास परिसर में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा प्रधानों की बैठक

**बैठक में 54 प्रस्तावों पर लगी मोहर, प्रमुख कामों को दी गई वरीयता**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



बैठक लेंती ब्लाक प्रमुख व मौजूद प्रधान आदि

कमालगंज खंड विकास परिषर में आज सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सचिवों तथा ग्रामीणों को बुलाया गया। जिसमें लगभग 119 क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा लगभग 50 प्रधानों ने भाग लिया। बैठक में 54 कामों के प्रस्ताव को पास किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रही शकुंतला राजपूत ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि गांव में हो रहे विकास कार्यों में जरूरी कामों को वरीयता दी जाए, जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना जिसमें गरीब मजदूरों व कामकर्ता महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए और उन्हें 90 दिन का रोजगार दिया जाए।

वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत ने बताया कि गांव में हैंडपंपों की जो स्थिति है जितने भी खराब हैंडपंप है उन्हें जल्द से जल्द सही करवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिले। वहीं खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया की हर गांव स्वच्छ हो तथा जैसे सरकार नगरों में तथा महानगरों में जो घर-घर कूड़ा उठाने की व्यवस्था कर रही है वहीं अब ग्राम पंचायत में भी होगी। हर परिवार से लगभग 50/-रुपया का शुल्क प्रतिमाह लिया जाएगा। गांव में जो भी दुकानदार हैं जो भी कूड़ा करकट करते हैं, पॉलिथीन वगैरह उन दुकानदारों से 100/- का शुल्क लिया जाएगा। कुछ ऐसे परिवार हैं जिस जो कि पैसे नहीं दे सकते हैं वह अपना कूड़ा आरआरसी सेंटर में पहुंचा दें तो उनसे कोई भी शुल्क नहीं पड़ेगा।

एडियो समाज कल्याण विशाल कुमार ने बताया की पेंशन योजना के अंतर्गत आने वाले लोग जैसे दिव्यांगजन, वृद्धावस्था, विधवा ऐसे लोग जिनको पेंशन मिल रही थी बंद हो गई। किसी कारण बस वह सभी लोग अपने-अपने फार्म जमा कर दें। इसके बाद उनकी पेंशन शुरू हो जाएगी। वही सीडीपीओ विमलेश चौधरी ने बताया की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां काम कर रही हैं तथा समूह से जुड़े लोग भी कार्यरत हैं। फिर भी यदि किसी को परेशानी हो रही हो तो वह हमसे आकर मिल सकता है और अपनी बात कर सकता है। अभी इस समय 2 महीने से राशन नहीं आया था इसलिए कार्य प्रणाली सही नहीं हो पाई, लेकिन आगे से आते ही पुनः कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं वीएमएम कृष्ण प्रकाश मिश्रा ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत सभी हमारे समूह की महिलाएं अपने-अपने गांव में समूह बनाकर काम कर रही हैं। 118 ग्राम पंचायत में हमारे सभी समूह चल रहे हैं। जिसमें समूह के द्वारा राशन की दुकान भी खोली गई है जो की अलग-अलग ग्राम पंचायत में है और आगे खोलने की भी तैयारी चल रही है। इसके बाद प्रभारी एडियो पंचायत विनय चौहान ने बताया जिन लोगों को शौचालय नहीं मिले हैं उन लोगों को शौचालय दिए जा रहे हैं जो भी पात्र लोग हैं वह अपना फार्म जमा करदें। खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने बताया की राज्य वित्त तथा 15वां वित्त की कुछ ग्राम पंचायत में अभी कोई कार्य नहीं करवाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत काम नहीं पूरा हो पाया है। वह ग्राम पंचायत जल्द से जल्द अपने काम को पूरा करें जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ सुरेशचंद्र पाल ने बताया की हमारे क्षेत्र में लगभग 260 विद्यालय हैं जिसमें स्कूल में तो एमडीएम बनता है तथा अन्य बच्चों की ड्रेस का और जूता मौज आदि का पैसा बच्चे तथा अभिभावक के खाते में जाता है, लेकिन कुछ अभिभावक इस पैसे को अलग जगह इस्तेमाल कर लेते हैं और बच्चे बिना जूता मोजा और बिना ड्रेस के ही स्कूल में जाते हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी राघवेंद्र कुमार ने बताया बरसात के मौसम में जानवरों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती रहती हैं जिसके लिए हमारे पशु चिकित्सालय में हर प्रकार की दवाई उपलब्ध है तथा सभी जानवरों को नियमित टीकाकरण जरूरी है टीकाकरण के मात्र से ही 70 प्रतिशत बीमारियां खत्म हो जाती हैं। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान तथा ब्लॉक प्रमुख शकुंतला राजपूत तथा प्रतिनिधि शीलचंद्र राजपूत, जिला महामंत्री फतेहचंद राजपूत, एडियो पंचायत विनय चौहान, वरिष्ठ लिपिक विजय राठौड़, एकाउंटेंट सुनील कटियार, जिला पंचायत सदस्य अमित राजपूत, जेई एमआई अशोक कुमार, जेई दलवीर सिंह, सचिव अमित शुक्ला, लक्ष्मी लता गौतम, कंचन रावत सहित सभी सचिव व ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान आदिनाथ की शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रथ पर विराजमान भगवान आदिनाथ



शोभायात्रा में मौजूद महिलायें

नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से जैन समाज द्वारा 10 दिन के पर्यूष्ण पर्व के समापन के बाद सधवाड़ा स्थित दिगम्बर जैन मंदिर से आदिनाथ की मनोहर प्रतिमा रथ पर विराजमान कर जैन समाज के लोगों ने बैण्डबाजा के साथ शोभायात्रा निकाली।

भजनों व गायन के साथ जैन ध्वज व केसरिया झण्डी लगाकर गाड़िया चल रही थी। समाज के लोग नृत्य करते हुए, झूमते हुए भगवान जिस रथ पर विराजमान थे, रथ पर सवार इंद्र भगवान को पकड़े खड़े थे। भगवान के सारथी बने रथ को चला रहे थे। साहबगंज चौराहा, अंगूरीबाग, जैन वाटिका धारा नगरी पहुंचकर पांडुशिला पर भगवान आदिनाथ के सिंहासन पर विराजमान कर पूजा व अभिषेक किया गया। साथ ही मेले का आयोजन हुआ। एक दूसरे के गले मिलकर क्षम भाव किया। शाम को वापसी में रास्ते में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह रथ रोक कर भगवान की आरती व प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर सधवाड़ा में हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष ऋषभ शरण जैन, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमोद जैन, महामंत्री दिलीप जैन, सह मंत्री शैलेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, राहुल जैन, विक्रांत जैन, अमन जैन के अलावा गुंजा जैन, संध्या जैन, अंजलि जैन, अंजू जैन, दीपशिखा जैन, निधि जैन, नेहा जैन, रूपाली जैन, सुधा जैन, मानी जैन, पूनम जैन, अरुणा जैन आदि मौजूद रही।

# सामूहिक दुष्कर्म व डकैती डालने वाले दो आरोपियों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सन्त के घर मे घुसकर डकैती डालने व सन्त की शिष्या के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला जज विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुनील कुमार पुत्र मशाल तेली, मुन्ना लाल उर्फ पंडित पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम चुरसाई जहानगंज को दोषी करार दिया। सजा के बिंन्दु पर 26 सितम्बर की तिथि नियत है।

बीते 8 वर्षों पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम चुरसाई निवासी कलेक्टर दास ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जहानगंज-फर्रुखाबाद रोड पर प्रतिदिन की तरह अपने सहयोगी बाबा हृदयराम तथा बालकदास व शिष्या माया देवी सभी लोग सोए हुए थे। करीब रात डेढ़ बजे रात्रि चार अज्ञात चोर चोरी करने की नियत से घुस आए और बड़ा संदूक खोलकर बक्से में से तीन हजार रुपये निकाल लिए, तभी खटपट की आवाज से उसकी आंख खुली और उसने उन्हें टोका, तो चारों अज्ञात व्यक्तियों ने हाथों में लिए डंडों से उसे व उसके सहयोगी बाबाओं को बुरी तरह से पीटा और बलात्कार करने की नियत से माया देवी को पास के खेत में मारपीट कर ले गए। खेत पर मायादेवी के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया।

इस बीच खेत में पानी लगाने वालों ने ललकारा, तो उक्त लोग माया देवी को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर सुनील कुमार, मुन्ना लाल, प्रबल प्रताप के विरुद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान 319 के तहत टिंकू पाल को तलब किया गया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुनील कुमार, मुन्ना लाल को दोषी करार दिया। सुनील कुमार को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया और मुन्ना लाल के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किए। सजा के बिन्दु पर 26 सितम्बर की तिथि नियत है। साक्ष्य के अभाव में प्रबल प्रताप, आदेश को दोष मुक्त किया गया।

## पुष्पा नागर कोरियोग्राफर ने टीवी शो पर मचाया धमाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एक बार फिर पुष्पा नागर कोरियोग्राफर ने टीवी शो पर धमाल मचाया है। अभी हाल ही में पुष्पा ने ईश्वर टीवी चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम नाचो दिल से सीजन-3 में एक कोरियोग्राफर की भूमिका निभाते हुए अपने द्वारा सिखाये गए प्रतिभागी को उपविजेता बनाकर अपने नृत्य से सभी का दिल जीत लिया। ट्रॉफी जीतने के बाद आज अपने शहर फर्रुखाबाद आने पर उनके फैंस और दोस्तों ने फूल माला से स्वागत किया। शहर भ्रमण के साथ बाइक द्वारा रैली निकालकर नेकपुर स्तिथ ड्रीम एचिवर्स इवेंट्स एंड डांस स्टूडियो तक ढोल नगाड़ों के साथ पुष्पा पर पुष्प वर्षा की गयी। बड़े भाई जोगिंदर व परिवार जनों और साथियों ने कंधे पर बैठाकर खूब नृत्य किया। इस मौके पर द ड्रीम अचीवर्स डांस एन्ड इवेंट्स स्टूडियों के मैनेजिंग डायरेक्टर नवनीत वर्मा, मुस्कान चरन, हिमांशु, आशु, सोनू, शुभम् एवं साथ ही शिवम् मिश्रा, संजीव बाथम, काव्य साध, दीपांशु, ऋषभ राजपूत, आयुष वर्मा, विपुल बाथम, जानवी, गुनगुन आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा

# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बने देश

एजेंसी




**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि के साथ कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया।

राष्ट्रपति मुर्मु बुधवार को एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इस समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शोध अनुसंधान में भी छात्राएं आगे रहती हैं तो इससे देश वैश्विक स्तर पर अग्रणी रहेगा। उन्होंने संस्थान की फैकल्टी में एक तिहाई महिलाएं होने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों को इसीलिए नेशनल इंस्टीट्यूट के रूप में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा दिया गया है कि इनके जरिए भारत तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने समारोह में 79 छात्रों को पीएचडी की उपाधि और 805 स्नातक एवं 477 स्नातकोत्तर के छात्रों को डिग्री प्रदान की। उन्होंने 20 स्वर्ण पदक भी प्रदान किए। उन्होंने अरावली छात्रावास का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि रिसर्च और डवलपमेंट के क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी न केवल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि हमारी बेटियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी आवश्यक है। हाल के वर्षों में लड़कियों के नामांकन में वृद्धि हुई है। यह भी एक सराहनीय तथ्य है कि एमएनआईटी की फैकल्टी में लगभग एक-तिहाई महिलाएं हैं। विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह अनुपात और भी बेहतर होगा। उन्हें देश के लोकतंत्र और बहुलता के आदर्शों को पूरी तरह से समझते हुए वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय संस्कृति और सर्वे भवन्तु सुखिन के अंतर्गत सबके मंगल की कामना को ध्यान में रखते हुए भविष्य के लिए कार्य करना चाहिए।

### इस दौर में चुनौतियों के साथ नए-नए अवसर भी आ रहे

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में चुनौतियों के साथ नए-नए अवसर भी आ रहे हैं। इन अवसरों का लाभ उठा कर भारत को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने में हमारे तकनीकी संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आपके संस्थान का ध्येय वाक्य है योग: कर्मसु कौशल। इसका मतलब है कर्म की कुशलता ही योग है। भगवद्गीता का यह उपदेश आपको प्रेरित करता है कि आप जो भी कार्य करें पूरी दक्षता और निष्ठा से करें। मेरा मानना है कि आपकी महत्वकांक्षाएं राष्ट्र की अपेक्षाओं के अनुरूप होनी चाहिए। आपके कर्मयोगी भाव से समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 की जो संकल्पना संजोई है, उसका मूल आधार ही यही है कि भारत सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर आगे बढ़े। इसमें युवाओं की भूमिका ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अर्जित तकनीकी ज्ञान का राष्ट्र के विकास में उपयोग करने पर जोर दिया। बागड़े ने एमएनआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि युवा टेक्नोक्रेट्स के लिए आने वाले समय में इससे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकेंगे। यांत्रिक ज्ञान जरूरी है, परन्तु इस ज्ञान के साथ यदि नैतिक और मानवीय मूल्य जुड़े रहेंगे तभी हम सबका साथ, सबका विकास को सही मायने में सफलीभूत कर पाएंगे। युवा शक्ति राष्ट्र की बौद्धिक संपदा हैं।

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने वाम नेता कलतान की गिरफ्तारी को लेकर सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी



**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने वाम युवा नेता कलतान दासगुप्ता की गिरफ्तारी को लेकर राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार सुबह 10.30 बजे होगी। जूनियर डॉक्टरों पर हमले की साजिश से जुड़ी एक फोन कॉल की ऑडियो क्लिप सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था। पहले संजीव नामक एक व्यक्ति और फिर बाद में कलतान को गिरफ्तार किया गया था।

कलतान की गिरफ्तारी को चुनौती देने और उनकी जमानत की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को हाई कोर्ट में सुनवायी हुई। कलतान के वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि फोन कॉल पर सिर्फ शक के आधार पर पुलिस ने यह कदम उठाया है। इससे पहले शुक्रवार को तृणमूल नेता कुणाल घोष ने यह ऑडियो क्लिप सार्वजनिक की थी, जिसके बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर मामला दर्ज किया। सबसे पहले संजीव नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और बाद में शनिवार सुबह कलतान को गिरफ्तार किया गया।

सरकारी वकील ने कोर्ट में कहा कि दोनों आरोपितों को एक ही आरोप के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। वकील विकास रंजन ने तर्क दिया कि पुलिस ने संजीव को गिरफ्तार करने के बाद उससे पूछताछ की और उसी पूछताछ के आधार पर कलतान का नाम सामने आया लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि क्या संजीव से पूछताछ से पहले ही एफआईआर में कलतान का नाम शामिल था। इस पर विकास ने कहा कि जिस अपराध के लिए कलतान को गिरफ्तार किया गया, उसमें अधिकतम सजा तीन साल की है और इसके लिए 41(ए) नोटिस की जरूरत थी, जो कि इस मामले में नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि कलतान को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया है और उन्हें जमानत दी जाए। सरकारी वकील ने दलील दी कि पुलिस को हर बार 41(ए) नोटिस देने की आवश्यकता नहीं होती, विशेषकर संदेहास्पद मामलों में। इस मामले में एक बड़ी साजिश की आशंका है। पुलिस ने संजीव की कॉल रिकॉर्ड से कलतान का फोन नंबर हासिल किया था और उसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

# इंडोनेशिया के बाली बंदरगाह पर पहुंचा जहाज सुजय

## इंडोनेशियाई तटरक्षक के साथ पैसेज सी एक्सरसाइज (पासेक्स) में लेगा भाग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्वी एशिया में तैनाती के दौरान भारतीय तटरक्षक बल के अपतटीय गश्ती पोत (ओपीवी) आईसीजीएस सुजय बुधवार को इंटीग्रल हेलीकॉप्टर के साथ इंडोनेशिया के बाली बंदरगाह पर पहुंच गया। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान जहाज का चालक दल इंडोनेशियाई समकक्षों के बीच संबंधों को मजबूत करने के इरादे से पेशेवर बातचीत करेगा। इस दौरान समुद्री खोज एवं बचाव और समुद्री कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आईसीजीएस सुजय ने पिछले माह इंडोनेशिया के जकार्ता में बंदरगाह की यात्रा की थी।

सुजय की यह यात्रा कूटनीतिक समुद्री जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय तटरक्षक और उनके इंडोनेशियाई समकक्षों के बीच संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित करना भी है। यात्रा के दौरान भारतीय जहाज की गतिविधियों में इंडोनेशियाई तटरक्षक के साथ पेशेवर बातचीत, क्रॉस डेक प्रशिक्षण, संयुक्त योग सत्र, मैत्रीपूर्ण खेल आयोजन और पैसेज सी एक्सरसाइज (पासेक्स) शामिल हैं। जहाज पर सवार 10 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट स्थानीय युवा संगठनों के सहयोग से समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर समुदाय को संवेदनशील बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण वॉकथॉन में भाग लेंगे। आईसीजी ने 06 जुलाई, 2020 को सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (सीसीएस) से अनुमोदित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका उद्देश्य समुद्री सहयोग बढ़ाने के साथ अपने सहकारी जुड़ाव को संस्थागत बनाना है। पूर्वी एशिया में आईसीजीएस सुजय की तैनाती भारत की भारत-प्रशांत देशों के साथ मधुर संबंधों को बढ़ावा देने, समुद्री सहयोग के माध्यम से मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आईसीजीएस सुजय की यह यात्रा समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करते हुए क्षेत्र में समुद्रों की सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रमुख समुद्री एजेंसियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्व रखती है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने मोहाली में कारोबारियों से मांगी फिरौती

**चंडीगढ़।** गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने पंजाब के मोहाली में एक कारोबारी को फोन करके धमकी देते हुए दो करोड़ रुपये की फिरौती की मांगी है। उसने एक अन्य कारोबारी को फोन करके कारोबार में हिस्सेदार बनाने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों कारोबारियों की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक दिन पहले ही पंजाबी सिंगर आर. नेत से भी एक करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया था। कारोबारी की शिकायत पर मोहाली के सोहाना थाने की पुलिस ने केस दर्ज किया है। सेक्टर-91 निवासी मोहित ग्रोवर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी दवाईयों की फैक्टरी है। कुछ दिन पहले उसे विदेशी नंबर से उसके फोन पर वॉट्सऐप पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया। साथ ही कहा कि अपने बिजनेस में हिस्सेदार बनाए। अगर उसे किसी चीज या बाउंसरों की जरूरत है तो मुहैया करवा दिए जाएंगे।

# क्लब एनपीसी ने दो दिवसीय विकास कार्यक्रम 2024 की घोषणा की

**निर्माण उद्योग में विकास को गति देने में मील का पत्थर होगा साबित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** क्लब एनपीसी ने विकास 2024 की घोषणा की। निर्माण उद्योग में विकास को गति देने वाला यह एक मील का पत्थर आयोजन दिल्ली, भारत क्लब एनपीसी (निर्माणकर्ताओं का नेटवर्क) को गर्व है कि वह बहुप्रतीक्षित विकास 2024 कार्यक्रम की घोषणा कर रहा है, जो 20 और 21 सितम्बर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

यह दो दिवसीय कार्यक्रम भारत के निर्माण क्षेत्र के प्रमुख नेताओं को एकजुट करेगा, ताकि उद्योग की प्रगति और निर्माण पेशेवरों की भूमिका को सशक्तबनाने के लिए रणनीतियाँ तैयार की जा सकें। विकास 2024 एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां उद्योग की वर्तमान स्थिति, उभरते हुए रुझान, और क्लब एनपीसी ने देशभर में अपनी पहुँच और प्रभाव को बढ़ाने की योजनाओं पर गहन चर्चा की जाएगी। यह आयोजन क्लब के उस मिशन को रेखांकित करेगा, जो सहयोग, उद्योग वृद्धि, औरसामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से निर्माण समुदाय को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, दिल्ली, गुड़गाँव, फरीदाबाद) में छह क्लब शुरू किए जाएंगे, जबकि अतिरिक्त क्लबत्रि-शहर (चंडीगढ़, मोहाली, पंचकुला), पंजाब, उत्तर प्रदेश, और उत्तराखंड में स्थापित किए जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### अमेजन डॉट इन पर प्रीमियम उत्पादों को दे रहे प्राथमिकता



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में दिवाली के जश्न की तैयारियों के बीच अमेजन डॉट इन पर खरीदारी करने वाले शहर के उपभोक्ता प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं जो उनके बदलते स्वाद के अनुरूप हैं और वे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। आधुनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं और परिष्कृत स्वाद का यह अनोखा मिश्रण शहर की महानगरीय भावना को दर्शाता है। त्योहार के इस सीजन की तैयारी के दौरान, लखनऊ में मूसली और ओट्स जैसे स्वास्थ्यवर्धक किराना उत्पादों की मांग में 1.6 गुना वृद्धि हुई है। शहर के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक खरीदारों ने चीनी के विकल्पों की खरीदारी में 1.4 गुना वृद्धि और विटामिन और सप्लीमेंट्स की मांग में 1.3 गुना वृद्धि दर्ज की है। कॉफी की मांग में अभूतपूर्व 4 गुना वृद्धि हुई है, जो बेहतरीन स्वादों के प्रति लोगों की बढ़ती प्रशंसा को दर्शाता हैं। इसके अलावा, शहर में पालतू जानवरों के प्रति प्रेम ने पालतू जानवरों की देखभाल से संबंधित उत्पादों की खरीदारी में 2 गुना वृद्धि की है। अमेजन इंडिया को 14 से 18 सितंबर के बीच लखनऊ में आयोजित एक अनोखे इंटरैक्टिव अनुभव से शानदार रिस्पॉन्स मिला। अमेजन फेस्टिव बॉक्स एक भव्य इंस्टॉलेशन है जो लखनऊ की जीवंत भावना और संस्कृति को शानदार कला के माध्यम से मनाता है, साथ ही ग्राहकों को अमेजन की आगामी ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल से जुड़ने का मजेदार तरीका प्रदान करता है।

### गृह मंत्री 20 को झारखंड से शुरु करेंगे भाजपा की परिवर्तन यात्रा

**रांची।** झारखंड में कभी भी विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। इसके मद्देनजर भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को साहिबगंज के भोगनाडीह से परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करेंगे, जो कि तीन अक्टूबर तक चलेगा। यह यात्रा पूरे प्रदेश में 200 से अधिक प्रखंडों से गुजरती हुई लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह यात्रा गुजरेगी। कार्यक्रम में पार्टी के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल होंगे। परिवर्तन यात्रा में केंद्रीय सड़क-परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत कई नेता शामिल होने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी जहां 22 सितंबर को झारखंड आने वाले हैं, वहीं स्मृति ईरानी 23 सितंबर को, 28 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उसी दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आने वाले हैं।

### भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ म्यांमार के दो नागरिक गिरफ्तार


**आइजोल।** मिजोरम की राजधानी आइजोल में 40 किलोग्राम मेथाफाटामाइन और तीन किलोग्राम हेरोइन के साथ म्यांमार के दो नागरिकों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मिजोरम पुलिस के अनुसार सीआईडी की एक टीम ने आइजोल के हुआलंगोमुन और मुयन्ना भेंग में तीन वाहनों की तलाशी के दौरान कुल 40.034 किलोग्राम संदिग्ध मेथामफेटामाइन और 3.098 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस ने बताया कि जब्त मेथामफेटामाइन की कीमत काले बाजार में पांच करोड़ 20 लाख 44 हजार 200 रुपये, जबकि हेरोइन की कीमत करीब 92 लाख 94 हजार रुपये है। सीआईडी की टीम ने म्यांमार के नागरिकों लालथन सियामा (26) और जोरेम मैविया (23) को गिरफ्तार किया है। इनके साथ चंपाई जिले के हजुवाथर निवासी तीसरे तस्कर को भी पकड़ा गया है।

### एआई का दौर भी प्रेम की सार्थकता को नहीं बदल सकता : राजीव



**मुंबई, समृद्धि न्यूज।** राजीव सिद्धार्थ ने 2007 की फिल्म दिल दोस्ती श्ब्ल्ष् से अपने करियर की शुरुआत की और आज वो सिनेमा, टेलीविजन और वेब शोज की दुनिया में अपनी भूमिकाओं से धूम मचा रहे हैं । वह ज़ी थियेटर के टेलीप्ले लव में भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो जॉर्ज बर्नार्ड शॉ के क्लासिक नाटक पिग्मालियन का एक आधुनिक रूपांतरण है। राजीव के दिल में थियेटर के लिए एक विशेष स्थान है और उन्होंने लिलेट दुबे के निर्देशन में आधे अधूरे और ऑगस्ट ओसाज काउंटी जैसे नाटकों में भी अभिनय किया है। लव उस दौर की कहानी है जहाँ विज्ञान जीवन के हर हिस्से पर हावी है। एक युवा वैज्ञानिक एक ऐसा रोबोट विकसित करता है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है, ताकि वो अपनी मां को यह विश्वास दिला सके कि उसे अपनी जीवन संगिनी मिल गयी है यह टेलीप्ले दिखाता है कि विज्ञान कैसे मानवी संबंधों पर अपना प्रभाव डाल रहा है। टेलीप्ले के बारे में बात करते हुए, राजीव कहते हैं, मैंने अपने किरदार की तैयारी में बिताए हर एक पल का आनंद लिया।

# मेदांता ने अपने पीडियाट्रिक एपिलेप्सी केयर क्लिनिक का किया शुभारंभ




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मेदांता ने लखनऊ में पीडियाट्रिक एपिलेप्सी केयर क्लिनिक का उद्घाटन किया है, जो बच्चों और किशोरों में एपिलेप्सी के इलाज के लिए एक विशिष्ट और उन्नत सुविधा प्रदान करेगा। इस क्लिनिक का उद्घाटन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय निरंजन, डॉ. अविनाश चंद्र चावला और केजीएमसी की पूर्व प्रमुख शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि कुमार की उपस्थिति में हुआ, जो इस क्लिनिक की उत्कृष्ट शिशु चिकित्सा देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह क्लिनिक खासतौर पर बच्चों में होने वाली एपिलेप्सी के इलाज पर ध्यान देता है, जो वयस्कों में होने वाली एपिलेप्सी से अलग होती है। बच्चों में इसके लक्षण अक्सर हल्के होते हैं और इसमें आनुवंशिक कारण भी शामिल होते हैं। इस क्लिनिक का उद्देश्य बच्चों के लंबे समय तक विशेष देखभाल के लिए एक समर्पित सुविधा प्रदान करना है,( मेदांता के इस पीडियाट्रिक एपिलेप्सी क्लिनिक में बच्चों के एपिलेप्सी के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, ईईजी और वीडियो ईईजी मॉनिटरिंग सहित उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं, मस्तिष्क की साफ और सभी डिटेल स्कैन करने के लिए 3टी एमआरआई और जेनेटिक टेस्टिंग उपलब्ध हैं। क्लिनिक की समर्पित टीम में एमडी (शिशु रोग) और डीएम (पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी) में एम्स, नई दिल्ली से प्रशिक्षित एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. ऋचा तिवारी, एमडी (पीडियाट्रिक) और डीएम (न्यूरोलॉजी) में विशेषज्ञ डॉ. राकेश, और एमडी (पीडियाट्रिक) और डीएम (न्यूरोलॉजी) में विशेषज्ञ एसोसिएट कंसल्टेंट डॉ. मुकुंद शामिल हैं। क्लिनिक हर गुरुवार को संचालित की जाएगी।

### कांग्रेस का राहुल गांधी के खिलाफ बयानों पर प्रदर्शन, थाने में शिकायत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बुधवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ हिंसक बयान देने वाले भाजपा नेताओं तरविंदर सिंह मारवाह, रघुराज सिंह, रवनीत बिट्टू (रेल राज्य मंत्री) और शिव सेना-शिंदे विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। तुगलक रोड थाने में दी शिकायत में अजय माकन ने कहा है कि इन नेताओं की ओर से दिए गए बयान आपराधिक हैं और कांग्रेस पार्टी और नेता राहुल गांधी के खिलाफ नफरत फैलाने वाले हैं। यह सब भाजपा और एनडीए नेताओं के कहने पर हो रहा है। यह एक सुनियोजित साजिश है। ऐसे में इन नेताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351, 352, 353 और 61 के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। इसके साथ ही आज कांग्रेस ने देश में अलग अलग स्थानों पर भाजपा और एनडीए नेताओं के बयानों के खिलाफ प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

# पहाड़ी इलाकों में बचाव कार्यों के लिए सेना ने तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू से किया समझौता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना के बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए बुधवार को दिल्ली कैंट स्थित सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज में तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू (टीएमआर) के साथ एक समझौता किया गया है।

इसका उद्देश्य हिमस्खलन बचाव में सैनिकों को प्रशिक्षित करने की क्षमता में सुधार करना है। यह समझौता कठिन परिस्थितियों में प्रभावी बचाव कार्यों को अंजाम देने में भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करेगा। भारतीय सेना के साथ हुए समझौते के समय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी मौजूद थे। भारतीय सेना की ओर से सैन्य संचालन के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल मनीष लूथरा ने और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू की ओर से माउंट एवरेस्ट के शिखर पर चढ़ने वाले हेमंत सचदेव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना के बचाव और बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौता में प्रावधान है कि तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू सेना के प्रशिक्षकों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में भारतीय सेना के साथ सहयोग करेगा।

### बांग्लादेश में गिरफ्तार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस पर चलेगा हत्या का मुकदमा

**ढाका।** बांग्लादेश में 23 अगस्त की रात देश से भागने की कोशिश में दबोचे गए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस एएचएम शम्सुद्दीन चौधरी माणिक पर हत्या के छह अलग-अलग केस में मुकदमा चलेगा। माणिक शीर्ष अदालत के अपीलीय प्रभाग से सेवानिवृत्त हैं। ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जकी अल फराबी की अदालत में आज उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से उन्हें हत्या के छह अलग-अलग आरोपों में गिरफ्तार करने की अनुमति मांगी। अदालत की मंजूरी के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मंगलवार को उन्हें सिलहट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजन कांति दास की अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने रिटायर्ड जस्टि माणिक को सिलहट के कनाईघाट पुलिस स्टेशन में अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के प्रयास के मामले में जमानत दे दी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने 23 अगस्त की रात माणिक को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह कनाईघाट उपजिला की डोना सीमा के रास्ते भारत भाग रहा था। अगले दिन सिलहट मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट आलमगीर हुसैन ने माणिक को आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 54 के तहत जेल भेजने का आदेश दिया।

# कार्ड्स एनसीडी के जरिये 5,000 करोड़ रुपए जुटाएगा भारतीय स्टेट बैंक

एजेंसी




**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने का ऐलान किया है। कंपनी के बोर्ड ने इसके लिए एक या एक से अधिक किस्तों में सिक्योरिटीज के प्राइवेट प्लेसमेंट को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने आज एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए इस आशय की जानकारी दी।

एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपनी बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा करने के साथ ही प्राइवेट प्लेसमेंट के आधार पर एक या एक से अधिक किस्तों में कुल 5,000 करोड़ रुपये के नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करके फंड जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके पहले पिछले सप्ताह की शुरुआत में ही एसबीआई कार्ड्स ने एक्सचेंज को सूचित किया था कि कंपनी का बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करने के लिए 18 सितंबर को मीटिंग करके अंतिम निर्णय लेगा।

एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी के नेट प्रॉफिट में 0.2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पिछले साल पहली तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 593.3 करोड़ रुपये था, जो इस साल की पहली तिमाही में मामूली बढ़ोतरी के साथ 594.5 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 11.4 प्रतिशत की दर से बढ़ कर 3,911.9 करोड़ रुपये की तुलना में 4,358.6 करोड़ रुपये हो गया है।

# मजबूत गेंदबाजी लंबे प्रारुप में सफलता की कुंजी

## भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए की कोहली की सराहना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने एक खिलाड़ी और एक कप्तान के रूप में टेस्ट क्रिकेट के प्रति विराट कोहली की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कोहली के साथ बातचीत के दौरान कहा, जब मैं आगे बढ़ रहा था, खासकर ऐसे समय में जब टी-20 प्रारूप और आईपीएल मौजूद नहीं थे, प्रथम श्रेणी क्रिकेट ही मेरा अंतिम लक्ष्य था।

हम टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए तत्पर थे। सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना रोमांचक था, लेकिन हम हमेशा मानते थे कि हमें लाल गेंद वाले क्रिकेट में हमारे प्रदर्शन के आधार पर आंका जाएगा। खेल में आप जो विरासत छोड़ते हैं, वह इस बात से गहराई से जुड़ी होती है कि आप टेस्ट क्रिकेट में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आपने यह बताकर बहुत बड़ी भूमिका निभाई कि टेस्ट क्रिकेट आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। कोहली ने 2022 में भारत की टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ दी थी, उससे एक दिन पहले ही उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से टेस्ट सीरीज गंवा दी थी। 2015 की शुरुआत में जब एमएस धोनी ने ऑस्ट्रेलिया में अपने संन्यास की घोषणा की, तब कोहली ने पूर्णकालिक टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभाला और भारत के अब तक के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बन गए। टेस्ट कप्तान के रूप में कोहली का कार्यकाल काफी हद तक सफल रहा, क्योंकि उन्होंने टीम को आईसीसी रैंकिंग में नंबर 1 पर पहुंचाया और कई यादगार विदेशी जीत हासिल की। 2021 में, उन्होंने साउथेम्प्टन में उद्घाटन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का नेतृत्व किया। कोहली ने टेस्ट कप्तान के तौर पर अपने समय को याद करते हुए कहा, जब मुझे कप्तान की भूमिका निभाने का मौका मिला, तो पुरानी टीम से नई टीम में जाने की चुनौती रोमांचक थी।

### बुमराह सभी प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज



**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने गुरुवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रहे भारत के पहले टेस्ट मैच से पहले जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ऑल-फॉर्मेट तेज गेंदबाज बताया। बुमराह ने पिछले साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 36 मैचों में 20.69 की शानदार औसत से 159 विकेट लिए हैं और वनडे में उन्होंने 89 मैचों में 23.55 की औसत से 149 विकेट लिए हैं। प्री मैच कांफ्रेंस में जब गंभीर से पूछा गया कि क्या 30 वर्षीय बुमराह भारतीय टीम के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी हैं, तो उन्होंने कहा, बुमराह तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। गंभीर ने कहा, भारत में ऐसा कई बार नहीं हुआ है कि हम गेंदबाजों के बारे में बात करने लगे हैं। यह हमेशा बल्लेबाजों के बारे में रहा है। भारत एक समय बल्लेबाजों के प्रति जुनूनी देश था। आपको बुमराह, शमी, सिराज, अश्विन, जडेजा को श्रेय देना होगा। टी20 विश्व कप जीतने के बाद बुमराह पहली बार मैदान पर वापसी करेंगे, क्योंकि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह पक्की करना चाहता है। भारत को बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज खेलनी है, इसके बाद साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर ने कहा, सबसे अच्छी बात यह है कि वह जितना हो सके उतना टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता है। उसने वेस्टइंडीज में टी20 प्रारूप में जो किया है, उसने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में जो किया है, उससे पता चलता है कि वह सफेद और लाल गेंद वाले क्रिकेट में क्या कर सकता है।